हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची • मंगलवार • 23.12.2025 • वर्ष : 16 • अंक : 148 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

### मुख्यमंत्री ने किया शिबू सोरेन इंजीनियरिंग-मेडिकल कोचिंग का उद्घाटन

## योग्य अभ्यर्थियों को मिलेगा पुनः अवसर, शिक्षा के माध्यम से होगा सर्वांगीण विकास : हेमन्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने छात्रों से कहा कि पूरी सरकार हमारी आने वाली पीढ़ी के साथ खड़ी है। आप मेहनत कीजिए, आपकी सफलता ही हमारे लिए सबसे बड़ा उपहार होगा। पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ अपनी संस्कृति के आदान-प्रदान करने का भी कार्य करें। उन्होंने छात्रों के बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

मुख्यमंत्री सोमवार को रांची के हिंदपीढ़ी में दिशोम गुरु शिबू सोरेन इंजीनियरिंग (जेइइ) एवं मेडिकल (नीट) कोचिंग संस्थान के शुभारंभ कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कल्याण विभाग की देखरेख में संचालित इस कोचिंग संस्थान के पहले चरण में 300 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। चयनित छात्र राज्य के विभिन्न बोर्डों से आए हैं। इंजीनियरिंग और मेडिकल की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की जिम्मेदारी कोटा के प्रतिष्ठित मोशन संस्थान को सौंपी गई है।






मुख्यमंत्री ने कहा कि आज एक नया अध्याय हम लोगों ने आने वाली पीढ़ी के लिए तैयार किया है। दिशोम गुरु शिबू सोरेन के नाम से यह संस्थान अपनी ऊंचाइयों को छुए, इसके लिए ऐतिहासिक प्रयास की शुरूआत हुई है। इस संस्थान के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जो मोशन संस्था आई है उसके सभी सदस्यों का भी मैं स्वागत करता हूं। अब यहां से बच्चे मेडिकल और इंजीनियरिंग की निःशुल्क कोचिंग लेकर बेहतर कॉलेजों में दाखिला ले सकेंगे, इसके लिए आप सभी बच्चों को तराशा जाएगा।

यह परिसर कभी नेताओं के भाषण का बहुत बड़ा उपयोगी स्थान रहा है। लेकिन आज इस मैदान में इतना बड़ा कैंपस और इस कैंपस में भविष्य की सोच रखने वाली योजना अपना अस्तित्व ले रही है। मुझे पूरी उम्मीद है कि आप सभी बच्चे अपने लक्ष्य को प्राप्त करेंगे।

यहां बच्चों के लिए खेलकूद की भी व्यवस्था हो, बच्चे सभी गतिविधि में शामिल हों, इसका ध्यान रखा जाए। बच्चों के बेहतर भविष्य, उनकी पढ़ाई-लिखाई के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, प्री और पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का लाभ भी लाखों बच्चों को मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी परेशानी को हम अपने कंधों में लें और आपका भविष्य बनाने का प्रयास करें, इसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। मेडिकल, इंजीनियरिंग की कोचिंग हमारा पहला पड़ाव है, इसके बाद जेपीएससी, यूपीएससी, बैंकिंग, रेलवे, मैनेजमेंट समेत अन्य परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग सेंटर बनाने की तैयारी में हम लोग हैं ताकि आपकी उपस्थिति वहां भी दर्ज हो सके। इस अवसर पर मंत्री चमरा लिंडा, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, मुख्य सचिव अविनाश कुमार, विकास आयुक्त अजय कुमार सिंह, सचिव कृपानंद झा, आदिवासी कल्याण आयुक्त कुलदीप चौधरी, जिले के उपायुक्त, उप-विकास आयुक्त सहित तमाम पदाधिकारीगण तथा सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### एक नजर

### विदेश मंत्री जयशंकर आज से श्रीलंका के दौरे पर

**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर मंगलवार को प्रधानमंत्री के विशेष दूत बनकर श्रीलंका जाएंगे और श्रीलंकाई नेतृत्व से मिलेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि विदेश मंत्री का यह दौरा तूफानी चक्रवात दित्वा से हुई तबाही से निपटने के लिए शुरू किए गए ऑपरेशन सागर बंधु के संदर्भ में हो रहा है और भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी' को दिखाता है। उल्लेखनीय है कि श्रीलंका में दित्वा के चलते पिछले माह 600 से ज्यादा लोगों की मौत हो गयी थी। इससे करीब 23 लाख लोग प्रभावित हुए थे। पड़ोसी होने के नाते भारत मदद के लिए सबसे पहले आगे आया था। भारत ने राहत सामग्री मुहैया कराई और अब भारत रिकवरी में सहयोग कर रहा है।

### पूर्व आईजी अमर सिंह चहल ने खुद को मारी गोली, 12 पन्नों का सुसाइड नोट

**पटियाला :** पटियाला में पंजाब पुलिस के पूर्व आईजी अमर सिंह चहल ने खुद को गोली मार ली है। उन्हें तुरंत पटियाला के एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। एसपी सिटी पलविंदर सिंह चीमा के मुताबिक मौके से पुलिस को सुसाइड नोट भी मिला है। फिलहाल मामले की जांच जारी है। जानकारी के मुताबिक पूर्व आईजी को छाती में गोली लगी है। यह भी बताया जा रहा है कि मामला करोड़ों की साइबर ठगी से जुड़ा है। उन्होंने पटियाला में अपने घर पर खुद को गोली मारी है।

### हेमन्त सोरेन से संथाली लेखक संघ व जाहेरथान कमेटी ने की मुलाकात



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में ऑल इंडिया संथाली राइटर्स एसोसिएशन और जाहेरथान कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को 29 दिसंबर 2025 को जमशेदपुर के दिशोम जाहेर, करनडीह में आयोजित होने वाले 22वें संथाली 'पारसी माहा' और ओल चिकी लिपि के शताब्दी समारोह के समापन कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण दिया। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को बताया कि यह आयोजन संथाली भाषा, साहित्य और सांस्कृतिक पहचान के लिए ऐतिहासिक महत्व रखता है। ओल चिकी लिपि के सौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित यह समारोह आदिवासी समाज की भाषाई और सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर रेखांकित करेगा। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और संथाली भाषा व संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि झारखंड की आदिवासी भाषाएं और परंपराएं राज्य की आत्मा हैं और इन्हें आगे बढ़ाने वाले हर प्रयास को सरकार का समर्थन मिलता रहेगा। इस अवसर पर ऑल इंडिया संथाली राइटर्स एसोसिएशन के महासचिव रविंद्र नाथ मुर्मू, सहायक महासचिव मानसिंह मांझी, जाहेरथान कमेटी के कार्यकारी सदस्य सागेन हंसदा और शंकर हेंब्रम उपस्थित थे। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को समारोह की विस्तृत जानकारी भी दी और कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने की प्रतिबद्धता जताई।

### अजमेर दरगाह में पीएम मोदी की चादर पेश

**अजमेर :** ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह में चल रहे 814वें सालाना उर्स के अवसर पर सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से चादर पेश की गई। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू प्रधानमंत्री की ओर से भेजी गई चादर लेकर अजमेर पहुंचे और परंपरागत तरीके से दरगाह शरीफ में चादर चढ़ाई। चादरपोशी के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने बुलंद दरवाजे पर प्रधानमंत्री का संदेश देशवासियों के नाम पढ़कर सुनाया।

### भारत-न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर मुहर

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन से टेलीफोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने ऐतिहासिक, महत्वाकांक्षी और पारस्परिक रूप से लाभकारी भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप दिए जाने की संयुक्त रूप से घोषणा की।



प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, प्रधानमंत्री लक्सन की मार्च 2025 की भारत यात्रा के दौरान शुरू हुई बातचीत को महज नौ महीनों में पूरा किया जाना दोनों देशों की साझा राजनीतिक इच्छाशक्ति और द्विपक्षीय संबंधों को गहराई देने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। यह एफटीए व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने, बाजार पहुंच को मजबूत करने तथा रणनीतिक सहयोग को नई दिशा देने में सहायक होगा। साथ ही दोनों देशों के निवेशकों, उद्यमियों, किसानों, एमएसएमई, छात्रों और युवाओं के लिए विभिन्न क्षेत्रों में नए अवसर भी खोलेगा।

### बुलंदशहर दुष्कर्म केस : नौ साल बाद मां-बेटी को मिला न्याय, पांच दोषियों को उम्रकैद

एजेंसी

**बुलन्दशहर :** उत्तर प्रदेश को दहला देने वाले साल 2016 के देश को झकझोर देने वाले बहुचर्चित मां-बेटी दुष्कर्म मामले में बुलन्दशहर कोर्ट ने अपना अंतिम फैसला सुना दिया है। बुलंदशहर की मुख्य पोक्सो कोर्ट ने इस जघन्य वारदात के सभी 5 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने 20 दिसंबर 2025 को इन आरोपियों को दोषी करार दिया था, जिसके बाद सोमवार को सजा का एलान किया गया।



सजा के साथ-साथ कोर्ट ने हर दोषी पर 1 लाख 81 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। 29 जुलाई 2016 की रात, नोएडा का एक परिवार कार से शाहजहांपुर में एक पारिवारिक तेरवीं कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था। जब उनकी कार बुलंदशहर के कोतवाली देहात इलाके में एनएच-91 पर दोस्तपुर गांव के पास पहुंची तब बदमाशों ने सड़क पर लोहे की रॉड फेंककर कार को रोकने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद बदमाशों ने गन पॉइंट पर पूरे परिवार को बंधक बनाया और उन्हें पास के खेतों में खींच ले गए। वहां दरिंदों ने मर्यादा की सारी हदें पार करते हुए मां और 14 साल की नाबालिग बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। विरोध करने पर परिवार के दूसरे सदस्यों के साथ भी बेरहमी से मारपीट की गई थी।




PR- 369207 (Panchayati Raj) 25-26

## एक नजर

### मुखिया की सराहनीय पहल, कड़ाके की ठंड में आमजन को मिला अलाव का सहारा



**चौपारण** : कड़ाके की ठंड और बढ़ती कनकनी से आमजन को राहत दिलाने के उद्देश्य से ताजपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अभिमन्यु प्रसाद भगत एवं पंचायत समिति प्रतिनिधि द्वारा सराहनीय पहल की गई है। जनहित को ध्यान में रखते हुए उन्होंने अपने निजी खर्च से चौपारण प्रखंड के व्यस्ततम स्थलों ब्लॉक मोड़ एवं चैथी मोड़ के समीप अलाव की व्यवस्था कराई है। पिछले कुछ दिनों से तापमान में लगातार गिरावट के कारण सुबह-शाम ठंड का असर अधिक देखने को मिल रहा है, जिससे राहगीरों, दुकानदारों एवं स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे में सार्वजनिक स्थानों पर जलाए गए अलाव लोगों के लिए राहत का साधन बने हुए हैं। अलाव के सहारे लोग ठंड से बचाव करते नजर आ रहे हैं, खासकर बुजुर्गों, महिलाओं एवं रात्रि में कार्य करने वालों को इसका विशेष लाभ मिल रहा है। इस संबंध में मुखिया प्रतिनिधि अभिमन्यु प्रसाद भगत ने कहा कि ठंड के इस मौसम में जरूरतमंदों की सहायता करना सामाजिक कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि जनहित में आगे भी इस तरह के कार्य किए जाते रहेंगे।

### भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्रों का शैक्षणिक भ्रमण, पदमा किला का मुआयना



**बरही** : रविवार को भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरही के चतुर्थ एवं पंचम वर्ग के 75 भैया-बहनों को संरक्षक आचार्यों के मार्गदर्शन में शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को पदमा किला एवं हवा महल का भ्रमण कराते हुए भारतीय राजतंत्र और ऐतिहासिक विरासत की जानकारी दी गई। भ्रमण के दौरान पुरानी इमारतों के माध्यम से तत्कालीन समय में उपलब्ध संसाधनों के समुचित उपयोग पर प्रकाश डाला गया। साथ ही किले की संरचना अतिथि कक्ष, रनिवास, राजद्वार, गोदाम, अस्तबल, सिंहद्वार तथा पेयजल व्यवस्था के लिए बने तालाब और कुएं के बारे में विस्तार से बताया गया। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान सभी भैया-बहन अत्यंत उत्साहित दिखे और उन्होंने इतिहास को प्रत्यक्ष रूप से जानने का भरपूर आनंद उठाया।

### ब्रह्म विद्या विहंगम योग ने किया साप्ताहिक सत्संग गोष्ठी का आयोजन



**बरही** : बरही हजारीबाग रोड शकुंतला पैलेस में ब्रह्म। विद्या विहंगम योग द्वारा साप्ताहिक सत्संग गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता कृष्णा कुमार गुप्ता ने किया। जहां ॐ कार ध्वनि, स्वागत गान, मंगल गान एवं माल्यार्पण सामूहिक रूप से किया गया। जबकि उद्घोष सत्येंद्र कुमार सिंह, ज्ञान गुदडी पाठ कैलाश प्रसाद केशरी, स्वर्वेद पाठ सुनीता देवी एवं भजन समुंद्री देवी ने किया। मौके पर किशोर उर्फ सत्येंद्र सिंह, रविन्द्र सिंह, सुनीता देवी, कैलाश केशरी, कामेश्वर सिंह, कैलाशपति सिंह एवं अनमोल राणा समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

# भीषण ठंड में मानवता की गर्माहट, आपदा मित्र सेवा फाउंडेशन ने बिरहोर टोला में बांटे कंबल व ऊनी वस्त्र

प्रत्युष नवबिहार बड़कागांव

**चौपारण** : भीषण ठंड के बीच जरूरतमंदों के लिए राहत और संवेदना का संदेश लेकर आपदा मित्र सेवा फाउंडेशन एक बार फिर मानव सेवा में आगे आया। फाउंडेशन की ओर से कठंबा गांव स्थित बिरहोर टोला में कंबल, ऊनी कपड़े, टोपी, मौजा, बिस्कुट समेत अन्य आवश्यक सामग्रियों का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य ने न सिर्फ जरूरतमंद परिवारों को ठंड से राहत दी, बल्कि उनके चेहरों पर मुस्कान भी बिखेरी। सोमवार को आयोजित इस कार्यक्रम में आपदा मित्र सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष बिनोद स्वर्णकार के नेतृत्व में समाजसेवा से जुड़े कई लोग शामिल हुए। इस दौरान लगभग डेढ़ सौ कंबल और तीन दर्जन से अधिक बच्चों के लिए ऊनी वस्त्र वितरित किए गए।



कार्यक्रम में सफल व्यवसायी धीरेंद्र केशरी, चौपारण क्वींस की संस्थापक सुषमा अग्रवाल, दिलीप राणा, हेमंत साहु, मनीष साहु, उपमुखिया संजय यादव, सचिव शशि शेखर सहित अन्य सहयोगियों की सक्रिय भागीदारी रही। फाउंडेशन के अध्यक्ष बिनोद स्वर्णकार ने बताया कि वर्ष 2020 से लगातार संस्था द्वारा ठंड के मौसम में गरीब और विकास से वंचित परिवारों के बीच ऊनी कपड़ों का वितरण किया जा रहा है। कोरोना काल से ही आपदा मित्र सेवा फाउंडेशन समाजसेवा के विभिन्न कार्यों में निरंतर सक्रिय है। उन्होंने कहा कि संस्था का प्रयास रहता है कि समाज के संपन्न वर्ग के सुख-दुःख के अवसरों को सेवा के माध्यम से जरूरतमंदों तक पहुंचाया जाए। चाहे किसी सदस्य की शादी की वर्षगांठ हो, माता-पिता की पुण्यतिथि या बच्चों का जन्मदिन हर अवसर को सेवा के उत्सव में बदला जाता है। इस बार चौपारण के प्रसिद्ध व्यवसायी धीरेंद्र केशरी ने अपनी शादी की पचीसवीं वर्षगांठ के अवसर पर सौ कंबल का सहयोग किया। वहीं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के प्रमुख चंदन गुप्ता ने दो सौ टोपी प्रदान की। बच्चों के कपड़ों के लिए समाजसेवी राकेश पांडेय, संजय राणा, राकेश केशरी, शिक्षक अनिल केशरी, शिक्षक बद्दी उज्जमा सहित पूरी टीम ने सहयोग दिया। कंबल, टोपी, मौजा और ऊनी वस्त्र पाकर बच्चे और बुजुर्ग बेहद खुश नजर आए। फाउंडेशन का उद्देश्य है कि समाज का कोई भी जरूरतमंद ठंड में असहाय न रहे और हर चेहरे पर खुशियां दिखें। आपदा मित्र सेवा फाउंडेशन का यह प्रयास मानवता जिम्मेदारी का प्रेरणादायक उदाहरण है।

## मुखिया मंजू देवी की अध्यक्षता में बसरिया विद्यालय में शिक्षक-अभिभावक बैठक संपन्न



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण** : प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय बसरिया में सोमवार को विशेष शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन सौहार्दपूर्ण वातावरण में किया गया। बैठक का नेतृत्व विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुरेश प्रसाद ने किया, जबकि अध्यक्षता बसरिया पंचायत की मुखिया मंजू देवी ने की। कार्यक्रम का संचालन वरीय शिक्षक मुकेश कुमार ने किया।बैठक की शुरूआत विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पिंटू सोनी द्वारा अतिथियों एवं अभिभावकों के स्वागत से हुई। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत ने सभी का मन मोह लिया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक ने कहा कि बच्चों की शैक्षणिक सफलता के लिए शिक्षक और अभिभावकों का समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नियमित उपस्थिति, अनुशासन तथा अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी पर विशेष बल दिया। मुखिया मंजू देवी ने अपने संबोधन में शिक्षक अभिभावक बैठकों को शिक्षा व्यवस्था की मजबूत कड़ी बताया और अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई पर निरंतर ध्यान देने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों एवं विद्यालय कर्मियों को उनके सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया तथा अनुशासन और प्रतिभा के लिए चयनित विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

## युवक ने की खुदकुशी, न्याय की मांग को लेकर लोगों ने किया सड़क जाम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : शहर के शिवपुरी इलाके में एक युवक की आत्महत्या के बाद सोमवार को आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने मुख्य सड़क पर शव रखकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कई घंटों तक यातायात बाधित रहा, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस और प्रशासन के आश्वासन के बाद अंततः सड़क जाम हटाया गया। मृतक युवक की पहचान शिवपुरी निवासी योगेश कुमार मंडल के रूप में हुई है। परिजनों का आरोप है कि करीब दो वर्ष पूर्व योगेश के छोटे भाई की हत्या हुई थी, लेकिन इस मामले में पुलिस की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। न्याय न मिलने के कारण



पूरा परिवार लंबे समय से मानसिक तनाव में था। मृतक के पिता तीतू मंडल ने बताया कि छोटे बेटे की हत्या के मामले में लगातार पुलिस और प्रशासन के चक्कर लगाने के बावजूद कोई ठोस परिणाम नहीं निकला। इसी पीड़ा और मानसिक दबाव के चलते योगेश ने आत्महत्या जैसा कदम उठा लिया। इधर, घटना से आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर स्थित छठ तालाब मोड़ के पास मुख्य सड़क को जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुराने हत्याकांड के आरोपितों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।

## संस्कार और पर्यावरण संरक्षण के साथ मनाया गया विधायक का 69वां जन्मदिन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही** : बरही विधायक मनोज कुमार यादव का 69वां जन्मदिन उनके आवास पर श्रद्धा, सेवा और सामाजिक सरोकार के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार के तत्वावधान में विधिवत हवन-पूजन का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार और यज्ञ आहुतियों के साथ विधायक के दीघार्यु, उत्तम स्वास्थ्य और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की गई। हवन-पूजन के उपरांत विधायक मनोज कुमार यादव ने गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना ही जनप्रतिनिधि का वास्तविक कर्तव्य है। सेवा और संवेदना से ही समाज को मजबूत किया जा सकता है।इसके बाद विधायक आवास परिसर में विधायक मनोज यादव ने फलदार पौधों का पौधारोपण किया । पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विधायक मनोज यादव ने कहा कि पौधारोपण केवल



एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनका संरक्षण करने की अपील की। पौधारोपण के पश्चात विधायक मनोज कुमार यादव ने केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया। इस दौरान उपस्थित शुभचिंतकों, कार्यकताओं और समर्थकों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विधायक मनोज यादव सादगी, सेवा और विकास की राजनीति के प्रतीक हैं। उनके नेतृत्व में क्षेत्र ने विकास के कई नए आयाम छुए हैं और आगे भी बरही विधानसभा प्रगति के पथ पर अग्रसर रहेगी। मौके पर जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, प्रदेश उपाध्यक्ष घनश्याम यादव, प्रदेश संगठन सचिव राजकुमार यादव, बिपिन बिहारी पांडेय, जगदीश दास , प्रदेश सचिव प्रो हीरामन साव, प्रदेश विधि सचिव डॉ सुनील कुमार दत्त, प्रदेश विधि उपाध्यक्ष तुलसी प्रसाद यादव, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी राज आर्यन उर्फ छोटी, मुकेश कुमार, अनुमंडल अध्यक्ष कमल शंकर पंडित, सोनू पंडित, योगेंद्र प्रजापति, मो उस्मान, कैलाश रविदास, हरीश श्रीवास्तव, राजदेव यादव, नारायण यादव, लक्ष्मण यादव सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

## श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के दो विद्यार्थियों का भारतीय सेना में चयनित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही** : प्रखंड अंतर्गत देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल के दो पूर्व छात्र सुधीर कुमार यादव और धीरज कुमार यादव का चयन भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में हुआ है। दोनों छात्र देश सेवा के इस गौरवशाली सफर की शुरूआत करने जा रहे हैं। सुधीर कुमार यादव का चयन क्लर्क पद के लिए हुआ है, जबकि धीरज कुमार यादव का चयन आर्मी कैडेट के रूप में किया गया है। दोनों की सफलता से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। सुधीर कुमार यादव ने बताया कि वे करगैयो, तिलैयाडैम के निवासी हैं। वे एक साधारण किसान परिवार से आते हैं। उनके पिता शंभु यादव एक किसान हैं, जिन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद अपने बेटे की पढ़ाई में कभी कमी नहीं आने दी। सुधीर ने कहा कि उनकी सफलता में उनके माता-पिता का सबसे बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने बताया कि उन्होंने श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के हॉस्टल में रहकर पढ़ाई की, जहाँ उन्हें अनुशासन, आत्मनिर्भरता और लक्ष्य के प्रति समर्पण सीखने को मिला।



सुधीर वर्ष 2021-22 में श्रीदस से पासआउट हुए थे। उनके अनुसार, श्रीदस सिर्फ एक स्कूल नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला संस्थान है। यहाँ के शिक्षक और हॉस्टल का वातावरण मुझे हर चुनौती के लिए तैयार करता रहा। वहीं, धीरज कुमार यादव चारमाइल, खोडाहर पंचायत के निवासी हैं और एक आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से संबंध रखते हैं। धीरज ने अपनी सफलता का श्रेय श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल को देते हुए कहा कि स्कूल ने उन्हें आत्मविश्वास, अनुशासन और कड़ी मेहनत का महत्व सिखाया। उन्होंने बताया कि शिक्षकों के मार्गदर्शन और नियमित अभ्यास के कारण ही वे आज इस मुकाम तक पहुंच पाए हैं।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल में वार्षिक स्पोर्ट्स डे का भव्य आयोजन, खेल भावना और अनुशासन का प्रेरक प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता, अनुशासन और सर्वांगीण विकास के लिए पहचाने जाने वाले शंकरपुर स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में प्रत्येक वर्ष की परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी वार्षिक स्पोर्ट्स डे 2025 का आयोजन अत्यंत भव्य, सुव्यवस्थित एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। सोमवार को प्रातः लगभग 9:00 बजे विद्यालय परिसर एक विशाल खेल उत्सव में परिवर्तित हो गया, जहां छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शिक्षक एवं अभिभावकों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के स्वागत के



साथ हुआ, जिसके पश्चात विद्यालय के चारों हाउस चैम्पियंस, चैलेंजर्स, एक्सप्लोरर्स एवं सुपीरियर्स द्वारा आकर्षक एवं अनुशासनबद्ध मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों की एकरूप चाल, समन्वय और आत्मविश्वास ने खेलों में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का जीवंत प्रदर्शन किया। मार्च पास्ट के उपरांत मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार डॉ. प्रसन्न मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि विद्यालय बोर्ड के ट्रस्टी एवं वरिष्ठ समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह द्वारा वार्षिक स्पोर्ट्स डे का औपचारिक उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर निशा जायसवाल एवं प्रिंसिपल पायल बंसल की उपस्थिति रही, जिनके कुशल मार्गदर्शन में पूरे आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। खेल प्रतियोगिताओं की विधिवत शुरूआत मशाल प्रज्वलन के साथ हुई। विद्यालय के कप्तान एवं विभिन्न खेलों के कप्तानों ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, डायरेक्टर एवं प्रिंसिपल की उपस्थिति में संयुक्त रूप से मशाल जलाकर खेल दिवस का शुभारंभ किया। यह क्षण खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा, एकता और खेल भावना का प्रतीक बना। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने पूरे वातावरण को रंगारंग बना दिया। नन्हे विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। इसके बाद ड्रिल प्रदर्शन तथा विद्यार्थियों की कराटे की अनुशासित एवं सशक्त प्रस्तुति ने उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को विशेष रूप से प्रभावित किया। बच्चों की फुर्ती, संतुलन और आत्मरक्षा कौशल ने विद्यालय में दी जा रही समग्र शिक्षा एवं अनुशासन को स्पष्ट रूप से दशार्या। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के उपरांत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### सतबहिया में लगा हेल्थ मेला, 100 सौ से अधिक लोगों का हुआ निःशुल्क जांच



**बड़कागांव** : प्रखंड के कांडतरी पंचायत अंतर्गत सतबहिया बिरहोर टोला में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व पलांडू के सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी मुकेश गोस्वामी ने किया। हेल्थ मेला कैंप में 60 लोगों का एनीमिया जांच, एनसीडी जांच 40 , नेत्र जांच 6, टी बी जांच 8, मलेरिया जांच 20 लोगों सहित अन्य सामान्य बीमारियों का नि:शुल्क जांच किया गया। जांचोपरांत उपस्थित पदाधिकारी मुकेश गोस्वामी ने लोगों को शीतलहरी ठंड से बचने एवं अत्यधिक मात्रा में पानी पीने का सलाह दिया।

### पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना का किया गया गहन खान निरीक्षण



**बड़कागांव** : वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह 2025 के अवसर पर पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना का व्यापक एवं गहन खान निरीक्षण सफलतापूर्वक किया गया। यह निरीक्षण अजीत कुमार, डीएमएस तथा परशुराम सिंह, आईएसओ ऑब्जर्वर की उपस्थिति में आयोजित किया गया। निरीक्षण कार्यक्रम में सुब्रत कुमार दास, परियोजना प्रमुख , पीबी एवं पीबी-एनडब्ल्यू सीएमपी; पवन रावत, महाप्रबंधक; राजेंद्र प्रसाद, क्षेत्रीय प्रमुख सहित अमरपाली ओसीपी की निरीक्षण टीम के सदस्य भी उपस्थित रहे। निरीक्षण का समापन अत्यंत उत्कृष्ट परिणामों के साथ हुआ, जिसमें पीबी-सीएमपी ने 100% अंक प्राप्त किए। यह उपलब्धि परियोजना की सुदृढ़ सुरक्षा प्रणालियों, वैधानिक प्रावधानों के कड़े अनुपालन तथा सुरक्षा उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से दशार्ती है। यह सफलता प्रबंधन, कार्यबल एवं सभी हितधारकों के सामूहिक प्रयासों का प्रतिफल है, जिन्होंने परियोजना में एक सशक्त सुरक्षा संस्कृति को सुदृढ़ किया है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि खान सुरक्षा प्रथाओं तथा सतत सुधार पहलों में पीबी-सीएमपी की अग्रणी भूमिका को और सुदृढ़ करती है तथा इसे उद्योग में एक आदर्श मानक के रूप में स्थापित करती है।

### ठंड में बीमार दो बिरहोरों को शकुंतला शरण मेमोरियल ट्रस्ट ने कंबल और गर्म कपड़ा कराया उपलब्ध



**बरही** : बरही प्रखंड अंतर्गत जरहिया के जंगल में बीते रात केवाल बिरहोर टोला निवासी अखलेश बिरहोर और तांबा बिरहोर ठंड से बीमार हो गए। दोनों असहज स्थिति में जंगल में पड़े थे। जिसकी सूचना स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप ने उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी को दी। वहीं उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी के तुरंत अपना 108 एंबुलेंस के माध्यम से दोनों को रात्रि में ही बरही अनुमंडलीय अस्पताल मंगवाया। जहां रात्रि में ही खुद उपस्थित होकर खुद की निगरानी में बेहतर प्राथमिक उपचार किया । ठंड को देखते हुए स्थानीय सामाजिक संगठन शकुंतला शरण मेमोरियल ट्रस्ट की अध्यक्ष डॉ संगीता चौधरी एवं सचिव महेंद्र दुबे के द्वारा सोमवार सुबह ठंड से बचने के लिए दोनों को कंबल और जैकेट उपलब्ध कराया गया। जिसे पाकर दोनों बिरहोरों के चेहरों पर संतोष और राहत साफ दिखाई दी। मौके पर कई अन्य लोग मौजूद थे। डीएस डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी सहित अस्पताल के कई कर्मी मौजूद रहे।

### जनप्रिय विधायक के जन्मदिन पर भव्य आयोजन, युवाओं ने भेंट किया विशेष चित्र



**चौपारण** : बरही के लोकप्रिय विधायक मनोज कुमार यादव के जन्मोत्सव के अवसर पर विधायक आवास में आयोजित भव्य कार्यक्रम में चौपारण प्रखंड से हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। इस अवसर पर चौपारण के युवाओं द्वारा विधायक को एक विशेष चित्र भेंट किया गया, जिसमें उन्हें एक आम आदमी से आत्मीयता के साथ संवाद करते हुए दशार्या गया है। चित्र की पृष्ठभूमि में बरही का मानचित्र एवं रथयात्रा की भीड़ दर्शाई गई, जो उनकी जनप्रिय छवि को दशार्ता है।कार्यक्रम के दौरान चौपारण के युवा दिलीप राणा, हेमंत साहु, बलराम यादव, आनंद चंद्रवंशी, कुमार राहुल, चंदन बाबू एवं शशि शेखर ने विधायक मनोज कुमार यादव से भेंट कर उन्हें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। साथ ही लोगों ने उनके दीघार्यु, उत्तम स्वास्थ्य एवं जनसेवा में निरंतर सफलता की कामना की। मौके पर प्रतिनिधि राजदेव यादव, जिला परिषद सदस्य राकेश रंजन, प्रतिनिधि सुधीर कौशल, मुखिया संघ के अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, समाजसेवी अरबिंद सिन्हा, विकास यादव, मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह, समाजसेवी सुमन सिंह, आदित्य चौरसिया प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं आम नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा। उपस्थित लोगों ने कहा कि विधायक मनोज कुमार यादव एक जनप्रिय एवं कर्मठ नेता हैं, जो हमेशा क्षेत्र की जनता के हितों के लिए समर्पित भाव से कार्य करते हैं। इस अवसर पर मुखिया संघ अध्यक्ष चौपारण बिरेन्द्र रजक सहित हजारों कार्यकताओं व समर्थकों ने विधायक के कार्यों की सराहना करते हुए आशा व्यक्त की कि वे आगे भी इसी प्रकार क्षेत्र के विकास और जनकल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

## एक नजर

### 37 लाख से ज्यादा बकाया पर रांची नगर निगम सख्त, निगम की दुकान सील

**रांची :** रांची नगर निगम ने लंबे समय से किराया नहीं देने वाले बकाएदारों पर अब सख्ती शुरू कर दी है। प्रशासक के निर्देश पर निगम की जमीन और दुकानों का किराया नहीं चुकाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को नगर निगम की टीम ने सराय रोड, अपर बाजार में निगम की एक दुकान को सील कर दिया। यह दुकान बच्चा नारायण सिंह चला रहे थे। उन्होंने काफी समय से दुकान का किराया नहीं दिया था। निगम की ओर से दुकानदार को तीन बार लिखित नोटिस और कई बार मौखिक रूप से भी बकाया चुकाने को कहा गया, लेकिन इसके बावजूद भुगतान नहीं हुआ। दुकान पर कुल 37,49,782 रुपये का किराया बकाया था समय पर पैसा नहीं देने और निदेशों की अनदेखी के कारण झारखंड नगरपालिका अधिनियम, 2011 के तहत लाइसेंस रद कर दुकान सील की गई बकाया वसूली के लिए लगाया गया कैंप बकाएदारों को भुगतान में सुविधा देने के लिए नगर निगम ने धिवरी पट्टी, कला संगम, अपर बाजार में विशेष वसूली शिविर लगाया। इसमें कई दुकानदार पहुंचे और अपनी बकाया राशि की जानकारी लेकर वहीं भुगतान किया।

### सेशन लेट होने पर फूटा छात्रों का गुस्सा, रांची विश्वविद्यालय में तालाबंदी

**रांची :** फ्लोरेंस पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट के सत्र 2022-26 से 2024-28 के छात्रों ने आज रांची विश्वविद्यालय परिसर में जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय भवन में तालाबंदी कर दी। छात्रों का आरोप है कि उनका शैक्षणिक सत्र करीब डेढ़ साल से लेट चल रहा है और पिछले दो वर्षों में केवल एक ही सेमेस्टर की परीक्षा हो पाई है। छात्रों ने बताया कि उन्होंने कई बार कॉलेज प्रशासन से लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन तक अपनी समस्याएं रखीं, लेकिन हर बार उन्हें एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर टाल दिया गया। कॉलेज प्रशासन ने मामला विश्वविद्यालय के हाथ में बताया, वहीं विश्वविद्यालय ने इसे कॉलेज का विषय कहकर पल्ला झाड़ लिया। इस आपसी खींचतान के बीच छात्रों का अकादमिक करियर प्रभावित होता जा रहा है। लगातार प्रयासों के बावजूद समाधान न मिलने पर छात्रों ने अखरव छात्र संघ से मदद की मांग की। इसके बाद अखरव छात्र संघ छात्रों के साथ विश्वविद्यालय परिसर पहुंचा। जब किसी भी जिम्मेदार अधिकारी से मुलाकात नहीं हो सकी तो छात्रों ने विश्वविद्यालय के मुख्य भवन, जहां कुलपति का कार्यालय है, वहां तालाबंदी कर दी। तालाबंदी के बाद कुलपति और परीक्षा नियंत्रक छात्रों से मिलने पहुंचे।

### रांची में कैब ड्राइवर को बंधक बना 34 हजार की वसूली एक आरोपी गिरफ्तार

**रांची :** राजधानी रांची में लोअर बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत एक ओला कैब ड्राइवर को लूटने के इरादे से दो युवकों द्वारा लगभग दो घंटे तक पूरे शहर में घुमाने और उनसे 34 हजार रुपये जबरन वसूली का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरा पिस्तौल के साथ भागने में सफल रहा जिसकी तलाश में छापेमारी जारी है। रविवार को 10.45 बजे लोअर बाजार थाना क्षेत्र के करबला टैंक रोड से फरहान अंसारी और मो साहब नामक दो युवकों ने एक ओला कैब बुक की, कैब में सवार होने के बाद, दोनों युवकों ने ड्राइवर को लगभग दो घंटे तक पूरे रांची शहर में घुमाया और उन्हें लूटने की कोशिश की। लूट के प्रयास के तहत, अभियुक्तों ने पीड़ित ड्राइवर को मजबूर किया कि वह अपने किसी दोस्त को कॉल करके 34 हजार रुपये नकद मंगवाए।

# पहाड़ों पर बर्फबारी के बाद झारखंड में कड़ाके की ठंड, सामान्य से 7 डिग्री तक लुढ़का तापमान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड के सभी जिलों में कड़ाके की ठंड का प्रकोप जारी है। ठंड का असर इतना तेज है कि कई जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से काफी नीचे चला गया है। मौसम विभाग के अनुसार डालटेनगंज में अधिकतम तापमान सामान्य से 7.4 डिग्री कम रिकॉर्ड किया गया है। वहीं चाईबासा में अधिकतम तापमान 5.1 डिग्री और जमशेदपुर में 4.9 डिग्री सेल्सियस सामान्य से कम रहा। मौसम विभाग की ओर से बताया गया कि 26 दिसंबर तक राज्य के विभिन्न जिलों में कहीं-कहीं सुबह के समय हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा छाया रहेगा, जिसके बाद मौसम साफ हो जाएगा। उत्तर-पूर्व से उत्तर-पश्चिमी दिशा की ओर से हल्की हवाएं चलेंगी, जिससे ठंड और कनकनी में इजाफा होने की संभावना है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान पश्चिमी सिंहभूम के जगन्नाथपुर में 24.1 डिग्री सेल्सियस और सबसे कम तापमान 5.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस दौरान कई इलाकों में घना कोहरा छाया रहा, जबकि कुछ स्थानों पर शीत दिवस जैसी स्थिति भी देखने को मिली। सोमवार की सुबह रांची सहित आसपास के कई जिलों में तेज कनकनी महसूस की गई। सुबह के समय हल्का कुहासा छाया रहा, लेकिन दिन चढ़ने के साथ मौसम साफ हो गया। इसके बावजूद दिनभर ठंड का असर बना रहा। शाम ढलते ही ठंड में और वृद्धि दर्ज की गई। सोमवार को रांची में अधिकतम तापमान 23.6 डिग्री और न्यूनतम 9.2 डिग्री सेल्सियस, जमशेदपुर में 21.5 और 11 डिग्री, डालटेनगंज में 18.5 और 6.5 डिग्री, बोकारो में 21.1 और 9.4 डिग्री, चाईबासा में 20.8 और 9.2 डिग्री, खूंटी में 22.9 और 7.3 डिग्री, लोहरदगा में 19.4 और 7.1 डिग्री, लातेहार में 19.8 और 9.5 डिग्री तथा सरायकेला में अधिकतम 22.5 और न्यूनतम 10.1 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने लोगों को ठंड और कोहरे को देखते हुए सतर्क रहने तथा आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी है।

## छेड़खानी का विरोध करने पर महिला पर खौलता तेल उड़ेला, एक आरोपित गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची में एक महिला के ऊपर मनचलों द्वारा खौलता तेल उड़ेल दिए जाने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। यह मामला छेड़खानी से भी जुड़ा हुआ है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरे की तलाश जारी है। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। रांची पुलिस ने रविवार देर शाम हुई इस घटना को गंभीरता से लिया है। इस संबंध में सोमवार को मुफस्सिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो ने बताया कि पीड़िता के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले में आरोपी उदय चौधरी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि उसका साथी मनीष चौधरी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। इधर, घटना में गंभीर रूप से झुलसी महिला का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। पीड़िता ने बताया कि उसका पति दिव्यांग है और उसके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। परिवार की जीविका चलाने के लिए वह गांव में ही समोसा-पकौड़ी की दुकान चलाती है। रविवार की देर शाम वह दुकान पर पकौड़ी बना रही थी, तभी बगल गांव के रहने वाले उदय चौधरी और मनीष चौधरी वहां पहुंचे और उसके साथ छेड़खानी करने लगे। जब महिला ने इसका विरोध किया, तो आरोपितों ने कढ़ाई में रखा खौलता तेल उसके ऊपर उड़ेल दिया, जिससे वह बुरी तरह झुलस गई। घटना के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल पीड़िता को सदर अस्पताल पहुंचाया। इस घटना से पूरे इलाके में आक्रोश का माहौल है। मामले को लेकर पंचायत के पूर्व मुखिया राजेश वर्मा ने कहा कि दोनों युवक बदतमीज और दबंग प्रवृत्ति के हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे पहले भी दोनों कई तरह की आपत्तिजनक हरकतों में शामिल रहे हैं, लेकिन दबंग परिवार से होने के कारण लोग उनसे उलझने से बचते थे।

## बच्चियों को शादी के नाम पर बनाया जाता है तस्करी का शिकार : रहाटकर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** बाल कल्याण संघ, झारखंड की ओर से सोमवार को मानव तस्करी, बाल विवाह और महिलाओं के अधिकारों को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सखी संवाद नामक कार्यक्रम का आयोजन सप्तऋषि सेवा संस्थान, तुपुदाना में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया किशोर राहटकर ने किया। इस अवसर पर विजया किशोर रहाटकर ने कहा कि ग्रामीण और सुदूरवर्ती क्षेत्रों में विकास की कमी के कारण महिलाएं और बच्चियां तस्करी के अधिक जोखिम में रहती हैं। कई मामलों में कम उम्र की बच्चियों को शादी के नाम पर भी तस्करी का शिकार बनाया जाता है जो बेहद निंदनीय है। उन्होंने कहा कि महिलाओं से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने और सामाजिक बुराइयों के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाने का आहवान किया। उन्होने कहा कि कई बार मासूम बच्चों की तस्करी पढ़ाने, नौकरी दिलाने या अच्छे भविष्य का सपना दिखाकर की जाती है। उन्होंने कहा कि यहां की बेटी और बहनों को बेहतर अवसरों का झांसा देकर फंसाया जाता है, जो अत्यंत चिंताजनक है। ऐसे संवेदनशील विषय पर बाल कल्याण संघ का जमीनी स्तर पर किया जा रहा प्रयास सराहनीय है। वहीं बाल कल्याण संघ के संस्थापक संजय मिश्र ने बताया कि संस्था पिछले 30 वर्षों से बाल संरक्षण, मानव तस्करी रोकथाम और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्य कर रही है। कार्यक्रम में झारखंड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से आई दर्जनों किशोरी और महिलाओं ने भाग लिया। मौके पर मानव तस्करी, बाल विवाह, घरेलू हिंसा, डायन प्रथा, बालिकाओं की शिक्षा और एकल अभिभावक वाली लड़कियों की समस्याओं पर विचार रखा गया। प्रतिभागियों ने बताया कि आज भी कई गांवों में महिलाओं को डायन बताकर प्रताड़ित किया जाता है। अनेक बालिकाएं आठवीं कक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ने को विवश हैं।

## मुआवजा भी राजनीतिक फायदा देखकर देती है राज्य सरकार : बाबूलाल मरांडी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड सरकार अब आपदा और पीड़ा को देखकर नहीं, बल्कि राजनीतिक फायदे को ध्यान में रखकर मुआवजा तय करती है। सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए मरांडी ने कहा कि यह बेहद दुखद है कि झारखंड में मुआवजा कष्ट और आपदा के आधार पर नहीं, बल्कि राजनीतिक लाभ को देखकर दिया जा रहा है। इसी वजह से कड़ाके की ठंड में बेघर हुए परिवारों की ओर सरकार की नजर तक नहीं जाती। उन्होंने राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान की जमीन से अतिक्रमण हटाने के मामले का जिक्र करते हुए कहा कि जिन लोगों के घर तोड़े गए, उनकी पीड़ा पूरे समाज को दिखी, लेकिन सरकार को नहीं। मरांडी ने आरोप लगाया कि प्रभावित परिवारों को मुआवजा देना तो दूर, उन्हें सांत्वना देने भी कोई सरकारी प्रतिनिधि नहीं पहुंचा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जिस तरह से राज्य सरकार काम कर रही है, उससे ऐसा प्रतीत होता है कि पूरा शासन-प्रशासन उच्च न्यायालय के भरोसे ही चल रहा है। उन्होंने कहा कि छोटे से लेकर बड़े हर मामले में लोगों को न्याय के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ता है। यहां तक कि उच्च न्यायालय के आदेशों को भी सरकार जितना संभव हो, टालने का प्रयास करती है। मरांडी ने कहा कि चाहे पेसा कानून का मामला हो या रिम्स अतिक्रमण प्रकरण, हेमंत सोरेन सरकार की संवेदनहीनता के कारण लोगों को राहत पाने के लिए अदालत की शरण लेनी पड़ रही है।

## रांची से खाटूधाम की पावन यात्रा, श्री श्याम मित्र मंडल के 101 सदस्य होंगे शामिल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** श्री श्याम मित्र मंडल रांची के तत्वाधान में श्याम प्रेमियों का 101 सदस्य दल निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश सरावगी एवं मंडल के वरिष्ठ सदस्य राजीव रंजन मित्तल के नेतृत्व में खाटूधाम की पावन यात्रा करेगा। श्री श्याम मित्र मंडल का दल दो फरवरी 2026 को रांची से इंडिगो की विमान से दिल्ली एवं दिल्ली से विशेष वातानुकूलित आरामदायक बसों में खाटूधाम की ओर प्रस्थान करेगा। खाटूधाम में 2 फरवरी को श्री श्याम मित्र मण्डल के विश्राम भवन में रात्रि विश्राम करेगा। 3 फरवरी प्रातः को सभी श्याम प्रेमी खाटू से रिंग्स जाएंगे रिंग्स निशान भवन में ध्वज निशानों की पूजन ज्योत आरती कर झूमते गाते नाचते सभी ध्वजा निशान हाथों में लहराते हुए रिंग्स से 17 किलोमीटर के पद यात्रा करते हुए बाबा श्याम को अपनी ध्वज अर्पण करेंगे। मंडल के निर्वतमान अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने बताया कि विगत कई वर्षों से श्री श्याम मित्र मंडल का यह दल खाटू एवं अन्य देवी देवताओं के दर्शन पूजन के लिए रांची से जाता रहा है । 4 फरवरी को श्याम मित्र मंडल के विश्राम भवन में श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का आयोजन किया गया है । जयपुर के प्रसिद्ध पाठ वाचक मनोज सेन श्री श्याम अखंड ज्योति पर करेंगे । अखंड ज्योति पाठ के बाद प्रसाद ग्रहण कर श्याम भक्त रात्रि विश्राम खाटू स्थित श्री श्याम मित्र मंडल के विश्राम भवन में करेंगे । 5 फरवरी को दल के सभी सदस्य विशेष वातानुकूलित आरामदायक बसों से सालासर बालाजी का दर्शन पूजन करेंगे।

# स्वास्थ्य मंत्री के बयान असंवैधानिक, झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल : राफिया नाज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। प्रदेश भारतीय जनता पार्टी की प्रवक्ता राफिया नाज ने राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को बदहाल बताते हुए स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सोमवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए राफिया नाज ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री के हालिया बयान न केवल जनता को भ्रमित कर रहे हैं, बल्कि संविधान, सेवा नियमों और कानून की मूल भावना पर भी गंभीर सवाल खड़े करते हैं। उन्होंने कहा कि पद की गरिमा और संवैधानिक मयार्दाओं की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। हर मंत्री संविधान और गोपनीयता की शपथ लेता है, इसके बावजूद स्वास्थ्य मंत्री का यह दावा करना कि वे तीन लाख रुपये प्रतिमाह वेतन पर नौकरी दिला सकते हैं या मनचाही पोस्टिंग करा सकते हैं, पूरी तरह असंवैधानिक है। कानून में किसी मंत्री को सीधे नौकरी देने या पैसे अथवा प्रभाव के आधार पर नियुक्ति कराने का कोई प्रावधान नहीं है। राफिया नाज ने कहा कि यदि कोई मंत्री इस तरह संविधान और सेवा नियमों का उल्लंघन करता है, तो वह भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 13(1)(ए) के तहत पद के दुरुपयोग का दोषी माना जाता है। साथ ही धारा 13(2) के अंतर्गत चार से दस वर्ष तक की सजा और जुमार्ने का प्रावधान है, जो मंत्री, विधायक और अधिकारियों सभी पर समान रूप से लागू होता है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि नौकरी देने की इतनी व्यवस्था उपलब्ध है, तो सड़क दुर्घटनाओं में मारे गए बच्चों के परिजनों को नौकरी क्यों नहीं दी गई। राफिया नाज ने यह भी मांग की कि स्वास्थ्य मंत्री द्वारा अपने वेतन से एक लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा यदि वास्तव में लागू की गई है, तो उसका सार्वजनिक विवरण सामने आना चाहिए। रूबिका पहाड़िया की हत्या का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इस मामले में स्वास्थ्य मंत्री की चुप्पी बेहद चिंताजनक है। उन्होंने सवाल किया कि पीड़ित परिवार को कितना मुआवजा दिया गया और सरकार या मंत्री की ओर से इस पर कोई सार्वजनिक बयान क्यों नहीं दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### विश्व ध्यान दिवस पर पिठौरिया स्थित ब्रह्मकुमारी आश्रम में ध्यान शिविर का हुआ आयोजन



**रांची :** विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर ब्रह्मकुमारी, नटराज योग संस्थान और रिलेशंस के संयुक्त तत्वाधान में पिठौरिया बडू स्थित ब्रह्मकुमारी आश्रम में विश्व ध्यान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विशेष ध्यान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में योग साधकों और साधिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान वैश्विक शांति, सद्भाव और मानसिक संतुलन के लिए विशेष ध्यान सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था की संचालिका बीके राजमती बहन ने भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को युद्धभूमि में दिए गए ध्यान योग के उपदेशों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज की परिस्थितियां भी किसी युद्ध से कम नहीं हैं। समाज में बढ़ते तनाव और अशांति के बीच ध्यान ही मनुष्य को आंतरिक शक्ति, धैर्य और संतुलन प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि ध्यान और शांति के अभ्यास से ही अंधकार और निराशा से बाहर निकलकर जीवन में सफलता और विजय प्राप्त की जा सकती है। नटराज योग संस्थान के योगाचार्य आर्य प्रहलाद भगत ने उपस्थित लोगों को ध्यान के विभिन्न प्रमुख आसनों का अभ्यास कराया और ध्यान के शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी दी। ध्यान शिविर में रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, संगीता बनर्जी, सरिता सिंह, रितेश कुमार, मोहित तिवारी, पवन कुमार, माही कशक, श्रंबती सहित कई गणमान्य लोग और साधक उपस्थित रहे।

### जेवीएम श्यामली में याद किए गए गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन



**रांची :** जवाहर विद्या मंदिर श्यामली के दयानंद सभागार में राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर सोमवार को ज्ञानवर्धक कार्यशाला का आयोजन किया गया। महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यशाला में विद्यालय के 70 शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य समरजीत जाना, उप प्राचार्य बीएन झा और संजय कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने श्रीनिवास रामानुजन के जीवन संघर्ष और उनकी गणितीय खोजों को प्रेरणास्रोत बताया और भारत की प्राचीन गणितीय विरासत शून्य और दशमलव प्रणाली को आधुनिक विज्ञान की आधारशिला बताया। कार्यशाला में शिक्षकों से अपील की गई कि वे गणित को रटने वाला विषय नहीं, बल्कि तार्किक सोच और समस्या समाधान की कला के रूप में विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत करें। रिसोर्स पर्सन ने पीपीटी, ऑडियो-वीडियो और गतिविधियों के माध्यम से दैनिक जीवन में गणित की उपयोगिता को सरल रूप में समझाया। प्रशिक्षण नोडल अधिकारी इंद्रजीत कुमार ने गणित की सर्वव्यापकता पर प्रकाश डाला, जबकि प्राचार्य समरजीत जाना ने शिक्षकों से छात्रों में गणित का भय दूर कर उसे खोज का विषय बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अनुपमा श्रीवास्तव, शीलेश्वर झा सुशील, दीपक कुमार सिन्हा और डॉ मोती प्रसाद सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।

### क्रिसमस पर 106.4 एफएम ने किया कार्निवल सेलिब्रेशन



**रांची :** क्रिसमस के अवसर पर 106.4 एफएम ने सोमवार को राजधानी रांची में क्रिसमस कार्निवल सेलिब्रेशन का आयोजन किया। इस क्रम में पटेल चौक, रांची से सोमवार को विशेष मूविंग कैंटर वैन को रवाना किया गया। यह कैंटर वैन राजधानी रांची के विभिन्न इलाकों, सोसायटी और पार्कों में घूमेगा और सैंटा क्लॉज बच्चों के बीच चॉकलेट और गिफ्ट्स बांटकर क्रिसमस की खुशियां साझा करेंगे। इसे आरजे राजेश्वरी और आरजे सावन होस्ट कर रहे हैं। इस अवसर पर 106.4 एफएम के लोकेशन हेड अभिषेक श्रीवास्तव ने कहा कि, कैंटर वैन के माध्यम से हम क्रिसमस की खुशियां सीधे शहरवासियों तक पहुंचाना चाहते हैं। इसका मुख्य आकर्षण 25 दिसंबर को मॉल ऑफ रांची में आयोजित होने वाला बिगेस्ट सेरेमोनियल केक कटिंग कार्यक्रम होगा। इसके साथ-साथ कई मजेदार गेम्स, सरप्राइज एक्टिविटीज और शानदार क्रिसमस कैरोल परफॉर्मेंस भी होंगी। कैंटर वैन के फ्लैग-ऑन कार्यक्रम में, अनूप हेतमसरिया , अनूप शुक्ला सहित 106.4 एफएम की टीम सहित अन्य मौजूद थे।

### रांची में मेयर आरक्षण घटाने के विरोध में नायक ने झारखंड सरकार को ईमेल भेजा

**रांची :** एससी मेयर आरक्षण समाप्त कर मात्र दो सीट देने के विरोध में मुख्यमंत्री, निर्वाचन विभाग नगर विकास विभाग एवं रांची डीसी को भेजा गया आधिकारिक ईमेल भेज हेमंत सरकार से जवाब की मांग: विजय शंकर नायक रांची नगर निगम में आरक्षण रोटेशन के तहत अनुसूचित जाति के मेयर आरक्षण को समाप्त कर अब सिर्फ दो सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किए जाने के गंभीर मुद्दे पर आज आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के विजय शंकर नायक ने झारखंड सरकार के संबंधित उच्च अधिकारियों को आधिकारिक ईमेल भेजकर कड़ा आपत्ति दर्ज कराई है। उन्होंने ईमेल मुख्यमंत्री झारखंड ,राज्य निर्वाचन विभाग, नगर विकास विभाग तथा रांची डीसी कार्यालय को भेजा गया है, जिसमें साफ शब्दों में कहा गया है कि-एससी मेयर आरक्षण खत्म सिर्फ दो सीट-यह बदलाव नहीं, समुदाय को कमजोर करने की चाल है; अब यह अन्याय स्वीकार नहीं होगा। यह निर्णय केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि अनुसूचित जाति समुदाय के राजनीतिक अधिकार, प्रतिनिधित्व और सम्मान पर सीधा प्रहार है। संविधान के अनुच्छेद 243-T के अनुसार स्थानीय निकायों में अनुसूचित जाति को उनकी वास्तविक जनसंख्या अनुपात के अनुरूप प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। इसके बावजूद आरक्षण घटाना लोकतांत्रिक भावना के साथ अन्याय है।

## एक नजर

### दांतू एनएच-32 पर सड़क हादसे में युवक की मौत

**बोकारो** : सोमवार को कसमार प्रखंड के दांतू एनएच -32 मार्ग पर भयंकर सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल 24 वर्षीय युवक अनिल मरांडी की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना की खबर फैलते ही परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। दुर्घटना दोपहर लगभग 3 बजे सोनपुरा पंचायत के सोनहर गांव निवासी अनिल मरांडी (24), पिता रतन मांझी के साथ हुई। स्थानीय लोगों का कहना है कि दांतू का यह मार्ग लगातार दुर्घटनाओं का शिकार हो रहा है, लेकिन प्रशासन ने अब तक कोई सुरक्षा उपाय नहीं किए। सोनपुरा पंचायत के मुखिया चंद्रशेखर हेंब्रम ने शोक व्यक्त करते हुए कहा, यह हिस्सा बार-बार हादसों का कारण बन रहा है। प्रशासन को तत्काल स्पीड ब्रेकर, साइन बोर्ड और अन्य सुरक्षा इंतजाम करने चाहिए, ताकि भविष्य में परिवारों को यह दर्द न झेलना पड़े।दांतू पंचायत समिति सदस्य नागेंद्र कुमार ने भी दुख जताते हुए मांग की, युवक की असमय मौत अत्यंत दर्दनाक है। सड़क सुरक्षा में लापरवाही से लगातार जान जा रही हैं। इस स्थान को ब्लैक स्पॉट घोषित कर तुरंत कार्रवाई हो। जनप्रतिनिधियों ने मृतक परिवार को हरसंभव सहायता का आशवासन दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### छह माह से वेतन नहीं, स्वास्थ्यकर्मियों का फूटा गुस्सा

**बोकारो** : स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी राइडर कंपनी के करीब 700 कर्मियों का छह माह से वेतन न मिलने पर सब्र जवाब दे गया। सोमवार को सीएस ऑफिस के दोनों गेटों को बंद कर धरने पर बैठ गए। इससे कार्यालय परिसर में अफरा-तफरी मच गई। अंदर मौजूद कर्मचारी बाहर न निकल सके और बाहर वाले अंदर न घुस पाए।एएनएम, जीएनएम, गार्ड, हेल्थ वर्कर समेत कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि बार-बार शिकायत के बावजूद वेतन, पीएफ व ईएसआई नहीं मिल रहा। छोटे-छोटे बच्चों वाले परिवारों का गुजारा मुश्किल हो गया है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने तक आंदोलन जारी रहेगा।सूचना पर सिटी थाना प्रभारी सुदामा दास पहुंचे और समझाने का प्रयास किया। पुलिस की मौजूदगी में तनाव कम करने की कोशिश जारी रही। यह विवाद न केवल कर्मचारियों की आजीविका प्रभावित कर रहा है, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं पर भी असर डाल सकता है, जिससे आम जनता को परेशानी हो सकती है।

### ट्रक के धक्के से स्कूटी सवार महिला हुई जख्मी

**बोकारो** : पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र के लोबुडीह मोड़ एनएच 32 के पास सोमवार दोपहर करीब तीन बजे स्कूटी सवार महिला ट्रक के चपेट में आ गई। धक्के के अपरांत महिला शिक्षिका का स्कूटी का आधा हिस्सा ट्रक के पिछले चक्के में फंस गया लेकिन ट्रक चालक ने सूझ बूझ से काम लिया और ट्रक को रोक दी। जिससे स्कूटी सवार शिक्षिका बाल बाल बच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिक्षिका पुष्पांजलि उम्र 53 मध्य विद्यालय कुरा शिक्षिका है। वह अपनी स्कूल से छुट्टी होने के उपरांत अपनी स्कूटी संख्या जेएच 09 बी सी 6893 में सवार होकर अपने घर जा रही थी। इसी बीच लोबुडीह मोड़ एनएच 32 के समक्ष अचानक दो गाय आपस में लड़ने लगी और स्कूटी के समक्ष आ गई। जिससे स्कूटी में सवार शिक्षिका अनियंत्रित हो गई और तेज रफ्तार से वितरित दिशा से आ रही ट्रक संख्या जेएच 09 ए पी 6541 के अगले चक्का में स्कूटी घुस गई। इस टक्कर से स्कूटी सवार शिक्षिका रोड पर गिर गई। शिक्षिका को हल्की-फुल्की चोट आई है।

## कोडरमा में कांग्रेस का धरना प्रदर्शन: मनरेगा योजना को बचाने की मांग

# महात्मा गांधी का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान : राजीव रंजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा** : महात्मा गांधी के नाम से जुड़ी देश की सबसे बड़ी जनकल्याणकारी योजना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को निरस्त करने की कथित साजिश के खिलाफ जिला कांग्रेस कमिटी कोडरमा आज जोरदार जिला समाहरणालय के समक्ष विरोध धरना प्रदर्शन किया। धरना की के पूर्व सदर अस्पताल कोडरमा से सैकड़ो की संख्या में जुलूस निकाला गया वह जुलूस जिला समाहरणालय पहुंचकर धरना में तब्दील हुआ धरना की अध्यक्षता कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रकाश रजक ने किया संचालन मनोज साहाय पिंकू ने किया। धारणा को संबोधित करते हुए झारखंड गौव सेवा आयोग के अध्यक्ष सह कोडरमा प्रभारी राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि मनरेगा सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि गरीब, मजदूर और ग्रामीण भारत की जीवनरेखा है। इसे खत्म करने की बात करना महात्मा गांधी के विचारों और उनके नाम का सीधा अपमान है। कांग्रेस पार्टी इस अपमान को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार जनविरोधी नीतियों के तहत गरीबों से रोजगार छीनने का काम कर रही है। वही धारणा को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रकाश रजक ने कहा कि महात्मा गांधी ने अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को केंद्र में रखकर देश को आगे बढ़ाने का सपना देखा था, लेकिन आज उसी गांधी के नाम से जुड़ी योजना का नाम बदलकर उसे समाप्त करने की साजिश रची जा रही है। यह देश की आत्मा पर हमला है। धारणा को संबोधित करते हुए ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुजीत नागवाल ने कहा कि नरेंद्र मोदी लगातार गरीब मजदूर किसानों पर हमला कर रहे हैं यह कांग्रेस पार्टी कदापि बर्दाश्त नहीं करेगी आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस के निर्मल कुमार ओझा, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुभाष सिंह यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दशरथ पासवान, नगर अध्यक्ष संजय सेठ, प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप सिंह, विजय सिंह, प्रमोद बरनवाल, प्रभात राम, कांग्रेस नेता अज्जू सिंह, संतोष कुशवाहा, अरविंद सेठ, लालदेव प्रसाद यादव, कांग्रेस नेता सैयद नसीम कयुम उद्दीन, अनिल दास, गीता देवी, कांति देवी, गुड़िया देवी, पुष्पा देवी, रूपा देवी, प्रिया देवी आदि लोग मौजूद थे।

## कोडरमा रेलवे स्टेशन परिसर में सैकड़ो गरीब लोगों के बीच किया गया कंबल वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा** : झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति के तत्वाधान में दिन सोमवार को कोडरमा रेलवे स्टेशन परिसर में जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय के द्वारा सैकड़ो गरीब बेबस लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। कंबल वितरण करते हुए जिला अध्यक्ष जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय ने कहा कि झारखंड के यशस्वी युवा लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा इस बार गरीब लोगों पर विशेष ध्यान दिया गया है पहले के अपेक्षा इस बार जो कंबल गरीबों को दिया जा रहा है वह काफी बेहतर और महंगा है इससे लगता है झारखंड के मुख्यमंत्री गरीबों के प्रति कितने संवेदनशील है। पूर्व की भाजपा सरकार के द्वारा राज्य में सीमित संख्या में गरीबों के बीच कंबल वितरण करती थी, लेकिन जब से झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार बनी है तब से गरीबों पर विशेष ध्यान रखा जा रहा है सिर्फ कंबल ही नहीं तमाम प्रकार के कल्याणकारी योजना का लाभ दिया जा रहा है। भाजपा की सरकार वृद्धा व विधवा पेंशन में भी बीपीएल संख्या को अनिवार्यता से रखा था लेकिन राज्य के हेमंत सरकार ने इसकी अनिवार्यता को खत्म करते हुए सभी लोगों को इस योजना से जोड़ा है इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कोडरमा जिले के सभी प्रखंडों में गरीब लोगों के बीच कंबल वितरण किया जाएगा।

## केटीपीएस की 500 मेगावाट यूनिट मरम्मत से विद्युत संकट, शालिनी गुप्ता ने शीघ्र राहत की मांग की

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा** : केटीपीएस (कोडरमा थर्मल पावर स्टेशन) की 500 मेगावाट क्षमता वाली एक यूनिट के मरम्मत कार्य के कारण क्षेत्र में उत्पन्न विद्युत आपूर्ति की समस्या को लेकर विधानसभा प्रत्याशी शालिनी गुप्ता ने आज केटीपीएस के मुख्य अभियंता संजय कुमार से भेंट कर विस्तार से चर्चा की।लगातार हो रही बिजली कटौती से आम नागरिकों के साथ-साथ विद्यार्थी, बुजुर्ग, महिलाएं, छोटे व्यवसायी एवं किसान वर्ग काफी परेशान हैं। भीषण ठंड के मौसम में अनियमित विद्युत आपूर्ति से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इस गंभीर समस्या को रखते हुए शालिनी गुप्ता ने अधिकारियों से शीघ्र समाधान, वैकल्पिक विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा मरम्मत कार्य में तेजी लाने की मांग की। इस अवसर पर केटीपीएस के मुख्य अभियंता संजय कुमार ने आश्वासन दिया कि तकनीकी सुधार एवं मरम्मत कार्य को प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है, ताकि जल्द से जल्द यूनिट को पूर्ण क्षमता के साथ चालू किया जा सके और क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके। विधानसभा प्रत्याशी शालिनी गुप्ता ने कहा कि जनहित के मुद्दों पर जनता की आवाज बनकर प्रशासन से संवाद लगातार जारी रहेगा। क्षेत्र की समस्याओं का समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## विस्थापित अप्रेंटिस संघ की बैठक, 15 दिन में मांगें पूरी न हुईं तो प्लांट गेट बंद करने की चेतावनी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : शहीद प्रेम प्रसाद पार्क में आज विस्थापित अप्रेंटिस संघ और विस्थापित महाजुटान की महत्वपूर्ण बैठक हुई। हुस्नुल्ला अंसारी की अध्यक्षता और जानकी महतो के संचालन में आयोजित इस बैठक में विस्थापितों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से सांसद ढुल्लू महतो द्वारा 17 दिसंबर को इस्पात मंत्री के समक्ष रखी गई विस्थापितों की मांगों पर विचार किया गया। प्रमुख मांगों में शामिल हैं:शहीद प्रेम प्रसाद की प्रतिमा निर्माण के लिए 20 डिसमिल जमीन आवंटित करना। 1500 अप्रेंटिस छात्रों को स्थायी नियोजन देना। 19 गांवों को पंचायत में शामिल करने के लिए एनओसी जारी करना।ठेका मजदूरों पर कटौती और शोषण पर तत्काल रोक लगाना। विस्थापितों को 50 प्रतिशत प्लॉट, दुकान एवं अन्य सुविधाओं में हिस्सेदारी। 4328 लोगों को अप्रेंटिस के रूप में नियुक्त करना। इस्पात मंत्री और सांसद महोदय ने इन मांगों को गंभीरता से लिया है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर कोई ठोस पहल नहीं हुई तो नव वर्ष से प्लांट के सभी गेटों को अनिश्चितकालीन के लिए बंद कर दिया जाएगा। बैठक में सहदेव साव, टीना सिंह, दुर्गाचरण महतो, चंद्रकांत महतो, सुनील महतो, सुरेंद्र महतो, जिलानी, अभिषेक कुमार, राजकुमार, रूबी कुमारी, संतोष दास, शंभु महतो, बबलू साहू, सचिन सोरेन, शंकर मरांडी, वसीम, गौतम प्रजापति आदि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## प्रखंड स्तरीय केसीसी ऋण जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा** : डोमचांच प्रखंड सभागार में दिन सोमवार को प्रखंड स्तरीय केसीसी ऋण जागरूकता एवम् सर्वीकरण अभियान प्रखंड डोमचाँच में किया गयो जिसमें जिला अग्रणी प्रबंधक कोडरमा एवं डोमचांच प्रखंड अंतर्गत शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे। शाखा प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया, फुलवरिया एवम् मसमोहना, शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक, डोमचाँच के द्वारा केसीसी ऋण माफी तथा केसीसी ऋण योजना लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी किसानों के बीच साझा किए। जिला अग्रणी प्रबंधक,कोडरमा के द्वारा सभी शाखा प्रबंधकों को समय पर किसानों को सीसीसी ऋण स्वीकृति करने का निदेश दिया गया। जिससे सरकार की लोककल्याणकारी योजना का लाभ किसानों तक पहुंच सके ग्राम पंचायत क्षेत्रों से आए हुए किसान जैसे आबिद अंसारी, विनोद पांडे, मुस्तफा अंसारी, महादेव सिंह एवं रुबिया खातून को केसीसी ऋण स्वीकृति खाता का वितरण विमल कुमार झा, जिला अग्रणी प्रबंधक, कोडरमा, निर्मला एक्का जनसेवक- सह-प्रा. प्रखंड कृषि पदाधिकारी, डोमचाँच प्रखंड के द्वारा वितरण किया गया।

# डीपीएस बोकारो में वार्षिक पिकनिक उत्सव बच्चों ने खेल और संगीत के संग मचाई धूम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : कहते हैं कि खिलखिलाते चेहरे और उमंग से भरा मन ही सीखने की सबसे बड़ी पाठशाला है। कुछ ऐसा ही नजारा सोमवार को डीपीएस बोकारो के प्रांगण में देखने को मिला, जहां वार्षिक स्कूल पिकनिक एक उत्सव में तब्दील हो गई। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के तहत बच्चों को आनंदयुक्त एवं तनावमुक्त वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित इस पिकनिक श्रृंखला के समापन पर स्कूल परिसर उत्साह और स्फूर्ति के अनूठे रंग में रंगा नजर आया। स्कूल का मैदान सिर्फ खेल का मैदान नहीं, बल्कि खुशियों का ठिकाना बना हुआ था। रंग-बिरंगे पताकों और आकर्षक छोटे-छोटे तंबुओं से सजे परिसर में बच्चों का कोलाहल संगीत की तरह गूंज रहा था। अपनी मनपसंद रंग-बिरंगी पोशाकों में सजे नन्हे-मुन्ने बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। कोई बैडमिंटन की रैकेट थामे था, तो कोई क्रिकेट और फुटबॉल के शॉट्स लगा रहा था। कहीं दोस्तों के साथ पकड़म-पकड़ाई की दौड़ थी, तो कहीं मिक्की माउस झूले पर चढ़ने के लिए बच्चों की लंबी और उत्साहित कतार। पिकनिक में मस्ती का तड़का तब और बढ़ गया जब संगीत की धुनों पर बच्चों के कदम थिरकने लगे। सीनियर विंग से लेकर प्राइमरी विंग तक के विद्यार्थियों ने अलग-अलग चरणों में इस उत्सव का आनंद लिया। कक्षा 6 से 12वीं के छात्र जहां प्राइमरी विंग के मैदान में अपनी यादें बटोर रहे थे, वहीं कक्षा 2 से 5 तक के बच्चे सीनियर विंग के प्रांगण में धमा-चौकड़ी मचा रहे थे। नन्हे विद्यार्थियों के लिए सजे स्टॉल्स और लजीज व्यंजनों के स्वाद ने उनकी खुशी को दोगुना कर दिया। प्री-नर्सरी से कक्षा 1 तक के बच्चों के लिए प्राथमिक इकाई में ही आयोजन किया गया। इस उत्सव का औपचारिक शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने 'एक धरा, एक परिवार' का संदेश लिखे गुब्बारे आसमान में छोड़कर किया। प्राचार्य ने प्रत्येक कक्षा के स्टॉल पर जाकर बच्चों से भेंट की। छात्र-छात्राओं ने भी अपने उनका स्वागत जोशो-खरोश के साथ स्वरचित कलाकृतियों, आकर्षक कार्ड्स और पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। डॉ. गंगवार ने बच्चों के बीच जाकर उनके साथ केक काटकर खुशियां साझा कीं और उनके साथ तस्वीरें खिंचवाते हुए उनका उत्साहवर्द्धन किया। विद्यालय के तमाम शिक्षक भी इस आनंदोत्सव में शरीक हुए और बच्चों के संग थिरककर इस दिन को यादगार बना दिया। इस क्रम में प्रकृति और मित्रता के जुड़ाव को दशार्ने वाला आकर्षक सेल्फी प्वाइंट आकर्षण का केंद्र बना रहा, जहां हर कोई इस यादगार दिन को अपने कैमरों में कैद करने के लिए लालायित दिखा।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस लाईन में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



**कोडरमा** : कोडरमा समाज सेवा में मानव कल्याण की भावना को सुदृढ करने के उद्येश्य से अनुदीप सिंह, भा०पु० से०, पुलिर। अधीक्षक कोडरमा के निदेर्शानुसार पुलिस लाईन, चंदवारा, कोडरमा में एक व्यापक एवं सुव्यवस्थित रक्तदान अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्येश्य आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना तथा समाज में स्वैच्छिक रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूक फैलाना था। रक्तदान शिविर का आयोजन जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम के सहयोग से किया गया। सभी सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए प्रशिक्षित चिकित्साकर्मियों द्वारा रक्त संग्रह किया गया। शिति: संग्रहित रक्त को जिला ब्लड बैंक में सुरक्षित रूप से संरक्षित किया जाएगा, जिसका उपयोग विभिन्न जरूरतमंदों के ईलाज में किया जाएगा। इससे जिले में रक्त की उपलब्धता को सुदृढ करने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। पुलिस अधीक्षक महोदय ने रक्तदाताओं की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे अभियानों में निरंतर सहभागिता की अपील की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदय ने पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों को संबोधित करते कहा कि पुलिस बल केवल कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रति अपनी संवेदनशील जिम्मेदारियों का निर्वहन भी करता है। रक्तदान के माध्यम व्यम से पुलिसकर्मियों ने मानवता की सच्ची सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस अवसर पुलिस अधीक्षक ने आम नागरिकों से भी अपील की कि नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान को अपनाएं और समाज के इस पुनीत कार्य में सहभागिता निभाएं। उन्होंने कहा कि रक्तदान से किसी प्रकार की शारीरिक हानि नहीं होती है, बल्कि यह समाज के लिए जीवनदायी योगदान है।

### मंजुला शर्मा मेमोरियल एकेडमी में गणित दिवस मनाया गया



**कोडरमा** : डोमचांच नगर क्षेत्र स्थित मंजुला शर्मा मेमोरियल एकेडमी, डोमचांच में राष्ट्रीय गणित दिवस अत्यंत गरिमामय, प्रेरणादायक एवं शैक्षणिक वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के चित्र पर विधिवत माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। विद्यालय के अध्यक्ष प्रो. डॉ. के. पी. शर्मा ने अपने प्रेरणास्पद संबोधन में कहा कि श्रीनिवास रामानुजन का जीवन यह संदेश देता है कि समर्पण, परिश्रम और आत्मविश्वास से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। गणित देश के तकनीकी, वैज्ञानिक एवं नवाचारात्मक विकास की रीढ़ है। विद्यालय के निदेशक रजनीश कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गणित केवल पाठ्यक्रम का विषय नहीं, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण और समस्या समाधान की मूल कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को गणित को बोझ नहीं, बल्कि अवसर के रूप में देखने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण बौद्धिक विकास को ध्यान में रखते हुए गणित आधारित स्किट प्रतियोगिता एवं उत्साहवर्धक मैथ्स रेस का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में छात्रों ने गणितीय तर्कशक्ति, सृजनात्मक अभिव्यक्ति और आत्मविश्वास का अद्भुत प्रदर्शन कर उपस्थित जनसमूह की सराहना प्राप्त की। विद्यालय के प्रशासक आर. पी. पांडेय ने इस आयोजन को विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और अकादमिक दृष्टिकोण का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अभिषेक कुमार पांडेय ने सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों में बौद्धिक क्षमता, तार्किक सोच और नेतृत्व गुणों को विकसित करते हैं तथा उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे और आयोजन की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### श्री हनुमान संकीर्तन मंडल का 2352वां साप्ताहिक भजनों का कार्यक्रम भक्ति भाव के साथ संपन्न

**झुमरीतिलैया** : श्री हनुमान संकीर्तन मंडल का साप्ताहिक संकीर्तन झुमरीतिलैया के पी.जी. विराज के समीप कैलाश अग्रवाल के निवास स्थान पर पूरे भक्ति भाव और श्रद्धा के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न देवी-देवताओं का भव्य दरबार सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम की शुरूआत मंडल के पुजारी विजय पांडेय द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं देवताओं के आवाहन के साथ की गई। यजमान के रूप में मनीष अग्रवाल एवं उनकी धर्मपत्नी सुबीता अग्रवाल ने विधिवत पूजा-अर्चना की। भजन संध्या की शुरूआत मंडल सदस्यों द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा एवं हनुमानाष्टक पाठ से हुई। इसके पश्चात गणेश वंदना बबलू सिंह द्वारा प्रस्तुत की गई। भजनों के क्रम में राजेश मिश्रा, विक्की केशरी, विजय पांडेय, विकास अग्रवाल, सुशील सिन्हा, राजेश वर्मा, मनोज माथुर एवं विशाल सिंह ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम में मंडल के अध्यक्ष नवीन सिन्हा, सचिव विक्की केशरी, कोषाध्यक्ष बबलू पांडेय सहित लखन सिंह, विमल मोदी, सत्येंद्र सिन्हा, विकास कुमार, अमित सुरुलिया, सुजीत कुमार, विश्वजीत कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन रामधुन एवं आरती के साथ श्रद्धा एवं भक्तिमय वातावरण में हुआ।

### तुपकाडीह रेलवे स्टेशन पर गरीबों-दिव्यांगों में बांटे कंबल

**बोकारो** : सोमवार को तुपकाडीह रेलवे स्टेशन परिसर में रेल सुविधा अभियान समिति ने ठंड से ठिठुरते गरीबों और दिव्यांगों के बीच कंबल तथा गर्म कपड़ों का वितरण किया। स्टेशन पर भटकते जरूरतमंद यात्रियों को यह सहायता प्रदान कर समिति ने मानवसेवा की मिसाल कायम की।समिति के जिलाध्यक्ष फिरोज आलम ने बताया कि यह सेवा कार्य समिति द्वारा हर वर्ष किया जाता है। बस स्टैंड, सब्जी मंडी और यात्री शेड जैसे स्थानों पर रहने वाले असहाय लोगों का कोई ठिकाना नहीं होता, इसलिए समिति हर मौसम में उनके साथ खड़ी रहती है।उन्होंने आगे बताया कि चंद्रपुरा, बीएस सिटी और राधानगर रेलवे स्टेशनों पर भी जल्द ही कंबल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस पहल से स्थानीय लोगों में समिति के प्रति विश्वास बढ़ा है और ठंड के इस मौसम में जरूरतमंदों को बड़ी राहत मिली है।

### बोकारो जेनरल अस्पताल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**बोकारो** : जेनरल अस्पताल के रक्त केन्द्र में BISCO के द्वारा एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में BISCO के सदस्यों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया तथा 25 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इसका उद्देश्य खून की कमी से लोगों की जान न जाए इसलिए लोगों के बीच जागरूकता फैलाना है । आज के रक्तदान शिविर का उद्घाटन अधिशासी निदेशक ( एम & एच एस) डॉ विभूतिभूषण करुणामय, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अनिन्दो मंडल, लैब इन्चार्ज डॉ. जी. के. सिंह तथा पंजाब नेशनल बैंक के मंडल प्रमुख राजेश श्रीवास्तव ने किया।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय माइनिंग टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

## अवैध खनन, भंडारण व परिवहन पर सख्ती, उपायुक्त ने दिए सघन निरीक्षण के निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरायकेला :** सोमवार को उपायुक्त नितिश कुमार सिंह की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय माइनिंग टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक मुकेश लूणायत, अपर उपायुक्त जयवर्धन कुमार, जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपथी, अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला-चांडिल, पुलिस उपाधीक्षक सहित अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी जुड़े। बैठक के प्रारंभ में जिला खनन पदाधिकारी द्वारा सितंबर एवं अक्टूबर माह में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध खनन एवं अवैध खनिज परिवहन के विरुद्ध संचालित विशेष अभियानों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। प्रतिवेदन के अनुसार अभियानों के दौरान 10 ट्रैक्टर, 01 ट्रक (407) एवं 02 हाईवा जब्त किए गए। साथ ही लगभग 20,000 घनफीट ईंट मिट्टी तथा 15,000 घनफीट बालू खनिज जब्त किया गया। इस अवधि में चार वाहनों से 94,000 की दंड राशि वसूल की गई एवं अवैध उत्खनन/परिवहन से संबंधित 02 प्राथमिकी दर्ज की गईं। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले में अवैध खनन, उत्खनन, भंडारण एवं परिवहन की किसी भी गतिविधि पर पूर्णतः रोक लगाने हेतु सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ सतत एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अवैध खनन एवं भंडारण के विरुद्ध नियमित औचक निरीक्षण अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जब्त किए गए समस्त बालू खनिज का ई-ऑक्शन नियमानुसार सुनिश्चित किया जाए तथा राजस्व प्राप्ति से संबंधित सभी कार्यवाहियाँ समयबद्ध रूप से पूर्ण की जाएँ। आवश्यकता अनुसार जिले के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में चेक नाका स्थापना हेतु उपयुक्त स्थलों का चिन्हीकरण कर जिला मुख्यालय को प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाए। उपायुक्त ने सभी चेक नाकों पर प्रति-नियुक्त मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल को निर्देशित किया कि वे अपने निर्धारित समयावधि में पूर्ण निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ अवैध बालू खनन, अवैध पत्थर उत्खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन/परिचालन पर सतत निगरानी रखें।

### सड़क सुरक्षा को लेकर उपायुक्त सख्त, दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के दिए निर्देश

**सरायकेला :** उपायुक्त नितिश कुमार सिंह की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक मुकेश लुनायत, अपर उपायुक्त श्रवर्धन कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी गिरिजा शंकर महतो, सहित अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी जुड़े। बैठक के प्रारंभ में उपायुक्त द्वारा पूर्ववर्ती निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई। इस क्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि नवंबर, 2025 में जिले में कुल 25 सड़क दुर्घटनाएँ घटित हुईं, जिनमें 25 व्यक्तियों की मृत्यु तथा 09 व्यक्ति घायल हुए। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि सड़क सुरक्षा की दृष्टि से जिले में कुल 18 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं, जिनके सुधार हेतु संबंधित विभागों द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। वहीं, यातायात निरीक्षक द्वारा बताया गया कि नवंबर माह में संचालित सघन वाहन जाँच अभियान के दौरान यातायात नियमों के उल्लंघन के मामलों में लगभग 22,78,600 की दंड राशि वसूल की गई है।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत

**सिल्ली :** सिल्ली थाना क्षेत्र अंतर्गत लोवादाग के समीप शुक्रवार को हुई भीषण सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार लोवादाग गांव निवासी मुरलीधर महतो (56 वर्ष), जो लोवादाग पंचायत के वार्ड सदस्य थे, अपने भतीजे विवेक कुमार महतो (32वर्ष) के साथ स्कूटी से गैस सिलेंडर लाने निकले थे। सिलेंडर लेकर घर लौटने के क्रम में, गांव से लगभग 200 मीटर की दूरी पर विपरीत दिशा से आ रहे कोयला लदे ट्रेलर (नंबर जेएच02 बीटी 3217) ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया, जबकि स्कूटी सवार दोनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिल्ली ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और सड़क जाम कर दिया।

### कुमार अभिषेक को महिला मोर्चा ने किया अभिनंदन

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर महानगर अंतर्गत भाजपा बारीडीह मंडल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कुमार अभिषेक के सम्मान में बागुनहातु में महिला मोर्चा की ओर से अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर महिला मोर्चा की प्रमिला साहू के नेतृत्व में कार्यकताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया एवं शुभकामनाएं व्यक्त की। सभी ने नव निर्वाचित मंडल अध्यक्ष को सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं देते हुए संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। अभिनंदन के दौरान कुमार अभिषेक ने सभी कार्यकताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने जिस विश्वास और उम्मीद के साथ उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### वार्ड 3 में मात्र 40 कंबल मिलने से नाराज हुए समाजसेवी धर्मपाल महतो



**सरिया :** ठंड के मौसम में गरीबों और जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के लिए सरकारी स्तर पर कंबल वितरण किया जा रहा है, लेकिन वार्ड संख्या 3 में मात्र 40 कंबल आवंटित होने से समाजसेवी धर्मपाल महतो नाराजगी जता रहे हैं। उन्होंने नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी अजीत कुमार को लिखित आवेदन देकर मांग की है कि इस वार्ड में लगभग 4000 की आबादी है और केवल 40 कंबल से लोगों की जरूरत पूरी नहीं हो पाएगी। धर्मपाल महतो ने अनुरोध किया है कि वार्ड में कम से कम 100 कंबल वितरण के लिए उपलब्ध कराए जाएं ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंदों को ठंड से राहत मिल सके।समाजसेवी का कहना है कि वार्ड की बड़ी आबादी को देखते हुए कंबल की संख्या बढ़ाई जाना जरूरी है, अन्यथा वितरण का उद्देश्य अधूरा रह जाएगा। कार्यपालक पदाधिकारी ने आवेदन प्राप्त करने की पुष्टि की है और मामले पर विचार करने की बात कही है।

### सरिया के श्री रामकृष्ण डीएवी पब्लिक स्कूल में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**सरिया :** श्री राम कृष्ण डी.ए.वी पब्लिक स्कूल, सरिया में सोमवार को साइबर सुरक्षा पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।मुख्य अतिथि के रूप में बगोदर-सरिया के एसडीपीओ धनंजय कुमार राम उपस्थित थे। विद्यालय के प्राचार्य मनीष कुमार सिन्हा ने परिसर में उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। एसडीपीओ ने छात्रों को संबोधित करते हुए साइबर अपराधों एवं उनसे बचाव के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। इसे रोकने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह तत्पर है, लेकिन नागरिकों को भी स्वयं जागरूक रहना आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि किसी अज्ञात व्यक्ति को अपनी निजी जानकारी न दें तथा संदिग्ध ऐप या वेबसाइट पर न जाएं, जहां ठगी की आशंका हो। ठगी की घटना होने पर तुरंत पुलिस से संपर्क करें।

# बच्चों को तालीम के साथ तहजीब जरूर सिखाएं यही बच्चे कल के भविष्य हैं : डॉ. अब्दुल कदीर



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ओरमांझी :** विज्ञान, कला एवं क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन शनिवार को शाहिन ग्रूप ऑफ इंस्टीट्यूशंस इरबा में हुआ। इस दौरान विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने रोबोटिक्स, सौर ऊर्जा, भू-ऊर्जा, जल संरक्षण, कृषि नवाचार, स्मार्ट सिटी और एआई आधारित उपकरण, पर्यावरण संरक्षण सहित दैनिक जीवन में उपयोग पर आधारित मॉडल, लोकसभा भवन, पक्का, मदीना का डिजायन प्रस्तुत किए। इतना ही नहीं कला एवं क्राफ्ट प्रदर्शनी में छात्रों ने पेंटिंग, वॉटर कलर आर्ट, पॉटरी, हैंडमेड सजावटी आइटम, पेपर आर्ट, वेस्ट-मैटेरियल से बेस्ट क्राफ्ट तथा विभिन्न पारंपरिक कलाकृतियों का प्रदर्शन किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत प्रत्येक कृति में उनकी कल्पनाशीलता और कौशल दिखाई दी। इस दौरान बच्चों द्वारा बनाए गए कई मॉडलों ने वास्तविक समस्याओं के वैज्ञानिक समाधान को सरल भाषा में समझाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे शाहिन ग्रूप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के संस्थापक व चेयरमैन डॉ.अब्दुल कदीर ने छात्रों की प्रतिभा की सराहना की। और कहाँ की तरह के कार्यक्रम सेछात्रों में वैज्ञानिक सोच और जिज्ञासा को बढ़ावा मिलता हैं. बच्चों में रचनात्मकता और नवाचार को प्रोत्साहित होता हैं। आने वाले पीढ़ी कल के भविष्य हैं. अभिभावकों को फिजूल खर्ची से बच कर बच्चों की पढ़ाई में ध्यान देना चाहिए, वहीं स्कूल हसीब अंसारी ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों में वैज्ञानिक सोच और आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं। वहीं शाहिन ग्रूप ऑफ इंस्टीट्यूशंस इरबा के चेयरमैन अब्दुल हसीब अंसारी ने बताया की इस तरह के आयोजन छात्रों की वैज्ञानिक क्षमता और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए किया जाता है। इसमें छात्र विभिन्न वैज्ञानिक मॉडल और परियोजनाएं प्रस्तुत करते हैं, जो उनकी वैज्ञानिक सोच और समस्या-समाधान कौशल को दर्शाते हैं। मौके पर स्कूल के सचिन जावेद अख्तर, जुनैद अख्तर शाहिद शिक्षक शिक्षिकाएं वअभिभावक मौजूद थे।

# बी.ए.सी.ई.टी. जमशेदपुर में दो दिवसीय वार्षिक खेल दिवस का भव्य समापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर :** राजेंद्र विद्यालय (आर.वी.) समूह की संस्थाओं के अंतर्गत बी. ए. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (बी. ए. सी. ई. टी.), जमशेदपुर में 21 एवं 22 दिसंबर 2025 को कॉलेज के खेल मैदान में दो दिवसीय वार्षिक खेल दिवस 2025 का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली, जिससे खेल भावना, टीमवर्क तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की जीवंत झलक प्रस्तुत हुई। यह खेल महोत्सव डॉ. एस. के. रॉय, प्राचार्य, बी. ए. सी. ई. टी. की गरिमामयी उपस्थिति में सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। अपने संबोधन में प्राचार्य ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य, अनुशासन एवं खेल गतिविधियां युवाओं के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षकगण, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे, जिससे पूरे कार्यक्रम में उत्साह और ऊर्जा बनी रही। द्वितीय दिवस को बालक एवं बालिका वर्ग के लिए शेष प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें बालकों की क्रिकेट, फुटबॉल, बालकों की शतरंज तथा बालक एवं बालिका वर्ग की बैडमिंटन प्रतियोगिताएं शामिल रहीं। खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट ऊर्जा, दृढ़ संकल्प और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का प्रदर्शन किया, वहीं दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर उनका मनोबल बढ़ाया। 21 एवं 22 दिसंबर 2025 को निर्धारित सभी खेल प्रतियोगिताएं सफलतापूर्वक संपन्न होने के साथ ही खेल महोत्सव का समापन हुआ। कार्यक्रम के अंत में आयोजित पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरण समारोह में डॉ. एस. के. रॉय, प्राचार्य, बी. ए. सी. ई. टी. ने विजेताओं एवं प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं समर्पण की सराहना की।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, कोडरमा**

**आवश्यक सूचना**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जयनगर थाना अन्तर्गत एक लापता बच्चा, जिसका हुलिया इस प्रकार है। उम्र–03 वर्ष, रंग–सांवला, आँख–काला, पहनावा लाल रंग का स्वेटर पहने हुए, यदि किसी को उक्त लापता मोहम्मद सैफ, पिता–शमशेर आलम, के बारे में जानकारी मिले तो इसकी सूचना निम्नलिखित पता/मोबाईल नंबर पर दें।

पुलिस अधीक्षक, कोडरमा :– 9431706350, 06534–252868,
पुलिस उपा0 (मु0) कोडरमा :– 7004507974,
थाना प्रभारी जयनगर :– 9097849506,

पुलिस अधीक्षक, कोडरमा

PR 369124 Police(25-26)#D

# धान चाकी के ढेर में लगी आग लाखों की धान जलकर हुआ खाक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के धुंधाडीह गांव में तापस दत्त का खलीहान में रखे धान चाकी का ढेर में आग लगने से करीब लाखों की धान जलकर राख हो गया। दमकल एवं ग्रामीणों ने पानी ढो ढो कर आग को बुझाने का काफी प्रयास करने के बाद भी धानों को बचाया नहीं जा सका । घटना की सुचना मिलते ही थाना प्रभारी बजरंग महतो दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे एवं आगजनी के संबंध में जानकारी लिया। दमकल आने तक आग की आगोश में धान का ढेर जल चुकी थी। दमकल और ग्रामीणों के प्रयास से अलग बगल के खलीहानो व घरों को आग लगने से बचा लिया गया।घटना रविवार की देर रात की है। सोमवार को भी आग धधकती रही । वहीं सुबह मुखिया गंगामनी देवी भी आगजनी का जायजा लेने धुंधाडीह गांव पहुंचे और आपदा प्रबंधन से मुआवजा दिलाने की बात कही। तापस दत्त ने बताया कि खलीहान तीन दिशाओं में चारदीवारी है और एक तरफ नेट देकर घेरा बनाया गया था, वहां आग कैसे लगी। उन्होंने कहा कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा क्षति पहुंचाने के लिए लगाया गया है। हांलांकि आग किसी के द्वारा लगाए जाने की अनुमान लगाया जा रहा है।

### विनायक छौ एंड नाटुवा डांस टिम का बंगाल में प्रदर्शन



**पटमदा :** बोड़ाम के विनायक छौ एंड नाटुआ डांस सोसाइटी के महिला कलाकार ने पश्चिम बंगाल के दार्जिल्लिग मे पाइका और छौ नृत्य ने बेहतर प्रदर्शन करके सभी दर्शक का मनमोह लिया। जानकारी देते हुए विश्वदेव महतो ने बताया कि बोड़ाम की महिला टीम ने देश के कई राज्यों में प्रदर्शन किया है। बंगाल में प्रदर्शन कर राज्य का नाम रोशन किया है। कलाकारो में उस्ताद हर प्रिया महतो, अनिमा महतो, द्रोपदी, बंदना, यमुना, करुणा, विनायक, महतो, दल नेता बिश्वदेव महतो और गणेश कार्यक्रम मे भाग लिया।

# फैशन और संस्कृति का संगम : रांची में मिस्टर मिस/मिसेज इंडिया फेम कार्यक्रम हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** रांची हवेली, काके में बी डिफरेंट इवेंट्स एंड एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की निदेशक प्रियंका सिंह द्वारा आयोजित मिस्टर/मिस/मिसेज इंडिया फैशन फेम कार्यक्रम भव्यता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में फैशन के साथ-साथ झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की भी खूबसूरत झलक देखने को मिला। कार्यक्रम में रवा रत्न एवं बिस्वा रत्न से सम्मानित मोहन सहिस ने डीडब्ल्यूएम डांस स्टूडियो, मुरी के बच्चों के साथ मिलकर झारखंड के पारंपरिक लोकनृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। इस लोकनृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरे माहौल को सांस्कृतिक रंगों से भर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. कुमार राजा, अध्यक्ष, रांची जिला कांग्रेस, ने प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में मोहन सहिस जैसे कलाकार बहुत कम हैं, जो अपनी संस्कृति के प्रति इतना गहरा प्रेम रखते हैं। उनकी प्रस्तुति में झारखंडी संस्कृति साफ झलकती है और यही उन्हें विशेष बनाती है। डीडब्ल्यूएम डांस स्टूडियो, मुरी की ओर से प्रस्तुति देने वाले बच्चों में श्रेया सहिस, लक्ष्मी कुमारी, खनक प्रिया, शिप्रा महतो, पुषा शॉ और स्वाथी कुमारी शामिल रहीं। इन सभी बच्चों ने अपने बेहतरीन तालमेल, भाव-भंगिमा और मंचीय आत्मविश्वास से सभी का दिल जीत लिया। इस आयोजन में कई प्रमुख समाजसेवियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें सोनाली भट्टाचार्जी, रीना सिंह, भावना प्रिया, अरशद उबैद और प्रियंका सिंह शामिल रहीं। सभी अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा की और ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों और युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के साथ-साथ अपनी संस्कृति से जोड़ना था, जिसमें यह आयोजन पूरी तरह सफल रहा।

**सिमडेगा समाहरणालय, सिमडेगा। (भू–अर्जन शाखा) प्रपत्र VII**
**झारखण्ड सरकार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (भू–अर्जन निदेशालय) या उपायुक्त या समुचित सरकार**

अधिघोषणा सं0 .................... **अधिघोषणा** (अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन) दिनांक....................

चूँकि झारखण्ड सरकार/उपायुक्त सिमडेगा को यह प्रतीत होता है कि **ग्राम – कामतारा, थाना नं0 – 59, थाना – सिमडेगा, अंचल – सिमडेगा** में भूमि, सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना – **पालकोट (NH-23 पर) रोकोडेगा–बिलिंगबेड़ा–तामड़ा (SH-23) (गुमला और सिमडेगा) (लम्बाई–38.5 कि0मी0) तक पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण** हेतु अपेक्षित है। अतएव अधिघोषित किया जाता है कि **ग्राम – कामतारा, थाना नं0 – 59, थाना – सिमडेगा, अंचल – सिमडेगा**, जिला – सिमडेगा में उपर्युक्त कथित योजना के लिए **कमोवेश 0.112 एकड़ यानि 0.045324 हेक्टेयर** मानक माप का रैयती/गैरमजरुआ भूखण्ड जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है –

| क0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखण्ड सं0 | स्वमित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल एकड़ में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम | सीमा भूखण्ड संख्या | | | | वृक्ष | | संरचनाएँ | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प.0 | किस्म | संख्या | प्रकार | प्लिंथ एरिया Sft. |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 1 | 2 | 275 | जीरात गैरमजरुआ | परती कदीम | 0.112 | रिटुआ उराँव पिता – मंगरा उराँव | सड़क | सीमाना | नीज | नीज | | | | |
| कुल | | | | | 0.112 | | | | | | | | | |

यह अधिघोशणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम संख्या – 30/2013 की धारा–15(1) में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या शून्य है।

कानूनगो, जिला भू–अर्जन सिमडेगा — जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, सिमडेगा — अपर समाहर्त्ता, सिमडेगा — उपायुक्त, सिमडेगा।

PR 369185 (Simdega) 25-26 (D)

**सिमडेगा समाहरणालय, सिमडेगा (भू–अर्जन शाखा)**
**प्रपत्र VII**
**झारखण्ड सरकार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (भू–अर्जन निदेशालय) या उपायुक्त या समुचित सरकार**

**अधिघोषणा (अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)**

अधिघोषणा सं0 .................... दिनांक....................

चूँकि झारखण्ड सरकार/उपायुक्त सिमडेगा को यह प्रतीत होता है कि **ग्राम–कोनसेरा, थाना नं– 55, थाना–सिमडेगा, अंचल – सिमडेगा** में भूमि, सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना – **पालकोट (NH-23 पर) रोकोडेगा–बिलिंगबेड़ा–तामड़ा (SH-23) (गुमला और सिमडेगा) (लम्बाई–38.5 कि0मी0) तक पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण** हेतु अपेक्षित है। अतएव अधिघोशित किया जाता है कि **ग्राम – कोनसेरा, थाना नं0 – 55, थाना – सिमडेगा, अंचल – सिमडेगा**, जिला– सिमडेगा में उपर्युक्त कथित योजना के लिए **कमोवेश 3.981 एकड़ यानि 1.61105 हेक्टेयर** मानक माप का रैयती/गैरमजरुआ भूखण्ड जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है –

| क0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखण्ड सं0 | स्वमित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल एकड़ में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम | सीमा भूखण्ड संख्या | | | | वृक्ष | | संरचनाएँ | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प.0 | किस्म | संख्या | प्रकार | प्लिंथ एरिया Sft. |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 1 | 5 | 431 | रैयती | टांड़ | 0.258 | मेरी माग्रेट खेस्स वो लुईस वो पौलुस उरांव पिता – करलुस उरांव | सड़क | 409 | नीज | सड़क | | | | |
| 2 | 6 | 370 | रैयती | टांड़ तीन | 0.009 | मारकुस उरांव वो टुईया उरांव वो सामेल उरांव पे0 डीबरु वो भकड़ा उरांव वो मार्टिन उरांव वो पातरिस उरांव वो इग्नातुस उरांव पे0 कैला उरांव | 371 | 369 | सड़क | 363 | | | | |
| 3 | 7 | 369 | रैयती | टांड़ तीन | 0.118 | मारकुस उरांव वो टुइया उरांव वो सामेल उरांव पे0 डीबरु वो भकड़ा उरांव वो मार्टिन उरांव वो पातरिस उरांव वो इग्नातुस उरांव पे0 कैला उरांव | 370 | सीमाना | सड़क | 368 | | | | |
| 4 | 7 | 409 | रैयती | टांड़ तीन | 0.289 | हेण्डरी किण्डो पिता – इग्नातुस किण्डो वगै0 | 431 | 408 | 410 | 378 | | | | |
| 5 | 20 | 283 | रैयती | टांड़ दो | 0.019 | कमलि उरांव पिता – बुधवा उरांव वो लझरुस उरांव वो तिन्तुस पिता – लझहर वो पतरस उरांव वगै0 पिता – सोमरा उरांव | 282 | 319 | सड़क | नीज | पेड़ | 2 | कच्चा मकान 2 चापाकल 1 | |
| 6 | 22 | 432 | रैयती | टांड़ तीन | 0.038 | कुशल किण्डो वो अभिराम वो जोसेफ पिता – मोहर उरांव वो हेमन किण्डो पिता – इलियस | सीमाना | 437 | नीज | सड़क | | | | |
| 7 | 22 | 433 | रैयती | दोन | 0.014 | कुशल किण्डो वो अभिराम वो जोसेफ पिता – मोहर उरांव वो हेमन किण्डो पिता – इलियस | 437 | 432 | 437 | 378 | | | | |
| 8 | 22 | 437 | रैयती | टांड़ तीन | 0.077 | कुशल किण्डो वो अभिराम वो जोसेफ पिता – मोहर उरांव वो हेमन किण्डो पिता – इलियस | 442 | 434 | नीज | सड़क | | | | |
| 9 | 22 | 442 | रैयती | टांड़ | 0.002 | बेन्जामिन उरांव पिता – जुनास उरांव वो सेबेस्टीयन उरांव पिता – तारसियुस उरांव | सीमाना | 437 | नीज | सड़क | | | | |
| 10 | 26 | 383 | रैयती | दोन | 0.022 | डोमरा धोबी पिता – भरवी धोबी | 382 | 384 | 390 | सड़क | | | | |
| 11 | 37 | 282 | रैयती | | 0.009 | खोदना उरांव पिता – पुतु उरांव | सीमाना | 283 | सड़क | नीज | पेड़ | 2 | पक्का हाता | |
| 12 | 60 | 385 | गै0म0 | परती कदीम | 0.121 | गैरमजरुआ खास | | | | | | | | |
| 13 | 61 | 378 | गै0म0 | रास्ता | 2.825 | गैरमजरुआ आम | | | | | | | | |
| 14 | 61 | 384 | गै0म0 | रास्ता | 0.169 | गैरमजरुआ आम | | | | | | | | |
| 15 | 61 | 472 | गै0म0 | रास्ता | 0.011 | गैरमजरुआ आम | | | | | | | | |
| कुल | | | | | 3.981 | | | | | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम संख्या – 30/2013 की धारा –15(1) में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के प चात किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या भून्य है।

कानूनगो, जिला भू–अर्जन सिमडेगा — अपर समाहर्त्ता, समडेगा — जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, समडेगा — उपायुक्त, समडेगा

PR.NO.369200 Simdega(25-26):D

## फिजाओं में घुला जहर

इस साल 13 दिसंबर को दिल्ली ही नहीं, उसके आसपास के शहर गैस चैंबर में तब्दील हो गए। यह तारीख साल के सबसे प्रदूषित दिनों के कैलेंडर में दर्ज हो गई। नोएडा में तो वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 455 तक पहुंच गया। नोएडा ही नहीं ग्रेटर नोएडा, दिल्ली, गाजियाबाद और पानीपत में वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में पहुंच गई। यहां एक्यूआई 400 के पार पहुंच गया। शिलांगवासी खुशकिस्मत रहे। उनके यहां की हवा सबसे साफ रही। यहां का वायु गुणवत्ता सूचकांक महज 14 रहा। देश की राजधानी दिल्ली का एक्यूआई 431 तक पहुंच गया। देश में वायु गुणवत्ता सूचकांक जारी करने वाले केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने 13 दिसंबर को 251 शहरों के आंकड़े भी जारी किए। इनके विश्लेषण में कहा गया कि महज 3.6 फीसदी शहरों में हवा साफ है। 22.3 फीसदी में स्थिति संतोषजनक है। ज74.1 फीसदी शहरों में हालात चिंताजनक हैं। इस तारीख को फरीदाबाद में वायु गुणवत्ता सूचकांक 214 रिकॉर्ड किया गया है। प्रदूषण के लिहाज से ग्रेटर नोएडा (442) दूसरे जबकि दिल्ली (431) तीसरे स्थान रही। 430 अंकों के साथ गाजियाबाद चौथे स्थान पर रहा। पानीपत का एक्यूआई 426, हापुड़ और मेरठ का का 355 रहा। देश में नोएडा की हवा सबसे ज्यादा प्रदूषित रही। एक दिन पहले 12 दिसंबर को नोएडा में एक्यूआई 386 दर्ज किया गया था। 24 घंटे में 69 अंकों के उछाल से मेहनतकश लोग हांफने लगे। फिजाओं में घुला यह जहर लोगों बीमार बना देने के लिए काफी है। नोएडा में स्थिति किस कदर खराब रही, इसी बात से समझा जा सकता है कि वहां प्रदूषण का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन के निर्धारित सुरक्षित मानकों से 2,900 फीसदी अधिक रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार 13 दिसंबर को मात्र 3.6 फीसदी शहरों की हवा साफ रही। इन शहरों के इतर देश के छह शहरों में हवा साफ रही। इन शहरों में चिकमगलुरु, दमोह, कलबुर्गी, किशनगंज, कुंजेमुरा, शिलांग और तिरुनेलवेली शामिल हैं। कई दफा कई तारीखें कभी न भूलने वाली बन जाती हैं। मसलन 21 दिसंबर की रात बेहद सर्द रही। भारत मौसम विज्ञान विभाग 22 दिसंबर की दोपहर भविष्यवाणी की है कि जम्मू और कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में अगले 24 घंटों के दौरान भारी बर्फबारी हो सकती है। यही नहीं बफीर्ले तूफान का भी सामना करना पड़ सकता है। दिल्ली-एनसीआर शीतलहर की चपेट में रहेंगे। घना कोहरा मुसीबत बढ़ा सकता है। तापमान गिरेगा। हवा की गुणवत्ता में सुधार के आसार नहीं। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा है कि इन दिनों उत्तर भारत का मौसम तेजी से बदलाव के दौर से गुजर रहा है। पहाड़ों में बर्फबारी शुरू हो चुकी है। मैदानी क्षेत्रों में घना कोहरा और ठंड लोगों की दिनचर्या को प्रभावित कर रही है। इस बदलाव के पीछे पश्चिमी विक्षोभ, उपोष्णकटिबंधीय पश्चिमी जेट स्ट्रीम और अन्य मौसमी गतिविधियों को जवाबदेह माना जा रहा है। उत्तराखंड में दो तरह का मौसम है। यहां के मैदानी जिलों में घना कोहरा और कड़ाके की ठंड लोगों को परेशान कर रही है। ऊंचाई वाले हिमालयी इलाकों में बर्फबारी हो रही है। हिमाचल प्रदेश के रोहतांग पास, अटल टनल और शिंकू ला दर्रे पर हल्की बर्फबारी हुई है। निचले इलाकों में मौसम खराब बना हुआ है। शिमला, कुल्लू और मनाली में बादल छाए रहे। बिलासपुर और ऊना जैसे मैदानी जिलों में घना कोहरा देखा गया। विभाग का मानना है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में आनेवाले दिनों में ठंड और कोहरे का असर और बढ़ेगा। दिल्ली में कोल्ड डे जैसी स्थिति बन बनने की संभावना है। उत्तर-पश्चिम भारत में अगले 24 घंटों तक न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। उत्तर प्रदेश में अगले तीन दिनों तक तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी संभव है। पूर्वी भारत में अगले तीन दिनों तक तापमान स्थिर रहने और बाद में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट के आसार हैं। मध्य भारत में अगले 24 घंटों में हल्की बढ़ोतरी के बाद तापमान गिर सकता है। महाराष्ट्र में भी अगले 24 घंटों में तापमान थोड़ा बढ़ने के बाद स्थिर रहने की उम्मीद है। देश के बाकी हिस्सों में अगले सात दिनों तक न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है।

# सशक्त उपभोक्ता ही सशक्त राष्ट्र की नींव

**ललित गर्ग**

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस केवल एक उपभोक्ताओ से जुड़ी तिथि मात्र नहीं है, बल्कि यह उस मौलिक सत्य की स्मृति है कि किसी भी राष्ट्र की अर्थव्यवस्था, सामाजिक संतुलन और नैतिक स्वास्थ्य का केंद्र बिंदु उपभोक्ता ही होता है। उपभोक्ता वह व्यक्ति है जो अपने परिश्रम की कमाई को भरोसे, आवश्यकता और आशा के साथ बाजार में खर्च करता है। किंतु आज यही उपभोक्ता सबसे अधिक ठगा जा रहा है, भ्रमित किया जा रहा है और असुरक्षित महसूस कर रहा है। ठगी, बेईमानी, मिलावट और गुणवत्ता-विहीन उत्पादों ने उपभोक्ता अधिकारों की नींव को हिला दिया है। यह स्थिति केवल आर्थिक शोषण तक सीमित नहीं रही, बल्कि उपभोक्ताओं के मानसिक, शारीरिक और स्वास्थ्य संबंधी जीवन पर गहरे और स्थायी आघात पहुँचा रही है। इसलिये उपभोक्ता दिवस मनाते हुए बाजार को आदर्श एवं स्वस्थ कलेवर देने के साथ उपभोक्ता हितों का संरक्षण जरूरी है।

आज का बाजार पहले की तुलना में अधिक जटिल, तेज और आक्रामक हो चुका है। उपभोक्ता के सामने विकल्पों की भरमार है, किंतु जानकारी और पारदर्शिता का अभाव है। चमकदार विज्ञापन, आकर्षक पैकेजिंग और भ्रामक दावे उपभोक्ता को निर्णय के उस बिंदु तक ले जाते हैं, जहाँ वह अक्सर वास्तविक गुणवत्ता और सुरक्षा को पहचान ही नहीं पाता। परिणामस्वरूप वह ऐसी वस्तुओं और सेवाओं का उपभोग करने को विवश होता है जो उसके स्वास्थ्य, मानसिक शांति और आर्थिक स्थिरता को नुकसान पहुँचाती हैं। मिलावटी खाद्य पदार्थ, नकली दवाइयाँ, घटिया निर्माण सामग्री और डिजिटल ठगी के नए-नए रूप यह प्रमाणित करते हैं कि उपभोक्ता अधिकारों का हनन अब अपवाद नहीं, बल्कि सामान्य प्रवृत्ति बनता जा रहा है।

यह विडंबना ही है कि जिस दौर में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, उसी दौर में भारतीय उपभोक्ता गुणवत्ता और सुरक्षा के लिए संघर्ष कर रहा है। आर्थिक प्रगति का वास्तविक अर्थ केवल सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि नहीं होता, बल्कि यह भी होता है कि उस विकास का लाभ आम नागरिक तक कितनी ईमानदारी और सुरक्षा के साथ पहुँच रहा है। यदि उपभोक्ता को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उत्पाद उपलब्ध नहीं हो पा रहे, तो यह विकास अधूरा और खोखला है। उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन केवल जेब पर चोट नहीं करता, वह राष्ट्र के आत्मविश्वास और नैतिक शक्ति को भी कमजोर करता है।

उपभोक्ता जब बार-बार ठगा जाता है, तो उसके मन में बाजार और व्यवस्था दोनों के प्रति अविश्वास जन्म लेता है। यह अविश्वास धीरे-धीरे मानसिक तनाव, चिंता और असुरक्षा की भावना में बदल जाता है। मिलावटी भोजन और नकली दवाइयों से उत्पन्न बीमारियाँ केवल शारीरिक कष्ट नहीं देतीं, बल्कि परिवार और समाज पर दीर्घकालिक आर्थिक बोझ भी डालती हैं। इस प्रकार उपभोक्ता अधिकारों का हनन एक व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, वह सामाजिक और राष्ट्रीय समस्या का रूप ले लेता है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि उपभोक्ता शोषण राष्ट्र की सामूहिक चेतना पर आघात है।

सरकार द्वारा बनाए गए उपभोक्ता संरक्षण कानून, मानक निर्धारण संस्थाएँ और शिकायत निवारण तंत्र अपने आप में महत्वपूर्ण हैं, किंतु उनकी प्रभावशीलता तब ही सिद्ध होगी जब वे कागजों से निकलकर जमीन पर दिखाई दें। आज आवश्यकता है अधिक सशक्त शासन की, अधिक सक्रिय निगरानी की और अधिक संवेदनशील प्रशासनिक दृष्टि की। उपभोक्ता संरक्षण केवल एक विभाग या मंत्रालय की जिम्मेदारी नहीं हो सकती, यह समग्र शासन व्यवस्था की प्राथमिकता होनी चाहिए। जब तक मिलावट, धोखाधड़ी और भ्रामक व्यापारिक प्रथाओं पर त्वरित और कठोर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक उपभोक्ता अधिकारों की बात केवल औपचारिक भाषणों तक सीमित रह जाएगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यदि हम उन्नत अर्थव्यवस्थाओं की ओर देखें, तो स्पष्ट होता है कि वहाँ उपभोक्ता अधिकारों को केवल कानून के रूप में नहीं, बल्कि संस्कृति के रूप में स्वीकार किया गया है। उत्पाद की गुणवत्ता, सुरक्षा मानक, पारदर्शी जानकारी और त्वरित न्याय वहाँ बाजार की अनिवार्य शर्तें हैं। भारत को भी इसी दिशा में आगे बढ़ना होगा। वैश्विक प्रतिस्पर्धा में टिके रहने के लिए केवल सस्ता उत्पादन पर्याप्त नहीं है, बल्कि उच्च गुणवत्ता और उपभोक्ता संतुष्टि अनिवार्य है। भारतीय उपभोक्ता को यह महसूस होना चाहिए कि वह किसी भी अंतरराष्ट्रीय उपभोक्ता से कम सुरक्षित या कम सम्मानित नहीं है।

इस वर्ष राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस की थीम सुरक्षा, गुणवत्ता और विश्वास की बात करती है, जो अपने आप में अत्यंत विचारोत्तेजक है। सुरक्षा केवल उत्पाद की नहीं, बल्कि उपभोक्ता के जीवन और स्वास्थ्य की सुरक्षा है। गुणवत्ता केवल वस्तु की नहीं, बल्कि उस व्यवस्था की गुणवत्ता है जो उपभोक्ता को न्याय और सम्मान देती है। विश्वास केवल बाजार पर नहीं, बल्कि शासन और कानून पर विश्वास है। यदि ये तीनों तत्व सशक्त नहीं होंगे, तो उपभोक्ता दिवस का संदेश अधूरा रह जाएगा। उपभोक्ताओं के हितों की वकालत करता हुआ यह दिवस उपभोक्ताओं के अधिकारों, दायित्वों और संरक्षण की चेतना को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण अवसर है। यह दिन याद दिलाता है कि उपभोक्ता केवल खरीददार नहीं, बल्कि बाजार व्यवस्था की आत्मा हैं, बाजार की शक्ति एवं गति है।। बदलते आर्थिक परिवेश में उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता, पारदर्शिता तथा जवाबदेही सुनिश्चित करना और भी आवश्यक हो गया है। उपभोक्ता संरक्षण कानूनों ने एक मजबूत आधार दिया है, किंतु उनके प्रभावी क्रियान्वयन, त्वरित न्याय और जन-जागरूकता के बिना उपभोक्ता सशक्तिकरण अधूरा रह जाता है। इसलिए राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस को औपचारिकता नहीं, बल्कि सतत जनआंदोलन के रूप में देखा जाना चाहिए।

डिजिटल मार्केटिंग की चुनौतियां आज उपभोक्ता हितों के लिए सबसे बड़ी कसौटी बनकर उभरी हैं। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भ्रामक विज्ञापन, फर्जी रिव्यू, डेटा गोपनीयता का उल्लंघन, छिपी शर्तें और एल्गोरिद्म-आधारित मूल्य भेदभाव उपभोक्ता को असहाय बना रहे हैं। डिजिटल लेनदेन की सुविधा के साथ-साथ साइबर धोखाधड़ी और गलत सूचना का खतरा भी बढ़ा है। ऐसे में उपभोक्ताओं को डिजिटल साक्षर बनाना, प्लेटफॉर्म की जवाबदेही तय करना और त्वरित शिकायत निवारण तंत्र विकसित करना समय की मांग है, ताकि तकनीक उपभोक्ता के लिए सहायक बने, शोषण का साधन नहीं।

ह्यजागो ग्राहक जागोह्व अभियान को आज क्रांतिकारी रूप देने की आवश्यकता है। यह अभियान केवल नारों और विज्ञापनों तक सीमित न रहकर व्यवहारिक प्रशिक्षण, स्कूल-कॉलेज पाठ्यक्रमों, स्थानीय भाषाओं और डिजिटल माध्यमों से जुड़ना चाहिए। साथ ही उपभोक्ता हितों को लेकर बने कानूनों को अधिक लचीला, सरल और व्यापक पहुंच वाला बनाना जरूरी है, ताकि आम उपभोक्ता बिना भय और जटिलता के न्याय पा सके। त्वरित अदालतें, ऑनलाइन सुनवाई और सामूहिक शिकायतों की प्रभावी व्यवस्था उपभोक्ता विश्वास को मजबूत करेगी। जब कानून संवेदनशील होंगे और जागरूकता व्यापक, तभी उपभोक्ता सशक्तिकरण वास्तविक अर्थों में संभव होगा। आज आवश्यकता है कि उपभोक्ता अधिकारों को राष्ट्रीय चेतना का हिस्सा बनाया जाए। उपभोक्ता को जागरूक करना, उसे उसके अधिकारों और दायित्वों की जानकारी देना और उसे यह विश्वास दिलाना कि व्यवस्था उसके साथ खड़ी है, यह शासन की नैतिक जिम्मेदारी है। साथ ही व्यापार जगत को यह समझना होगा कि अल्पकालिक लाभ के लिए उपभोक्ता के साथ किया गया अन्याय दीर्घकाल में स्वयं उनके अस्तित्व को भी संकट में डाल सकता है। एक स्वस्थ अर्थव्यवस्था वही होती है जिसमें उपभोक्ता और उत्पादक के बीच भरोसे का संबंध हो।

अंततः यह स्पष्ट है कि उपभोक्ता अधिकारों का संरक्षण केवल आर्थिक आवश्यकता नहीं, बल्कि राष्ट्रीय दायित्व है। उपभोक्ता का सम्मान राष्ट्र का सम्मान है और उपभोक्ता की सुरक्षा राष्ट्र की सुरक्षा है। जब भारत विकास की नई ऊँचाइयों की ओर बढ़ रहा है, तब यह अनिवार्य है कि यह विकास उपभोक्ता के स्वास्थ्य, मानसिक शांति और विश्वास की कीमत पर न हो। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस हमें यही संदेश देता है कि सशक्त उपभोक्ता ही सशक्त राष्ट्र की नींव रख सकता है और इस नींव को मजबूत करने के लिए शासन, समाज और बाजार सभी को अपनी-अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभानी होगी। इसी से नया भारत, सशक्त भारत एवं समृद्ध भारत बन सकेगा।

## सूडोकु नवताल- 7652

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7651 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

# अरावली पहाड़ियों में खनन पर अदालत और सरकार

**कैलाश चन्द्र**

भारत की अरावली पर्वतमाला उत्तर और पश्चिम भारत की पारिस्थितिक सुरक्षा प्रणाली की रीढ़ है। दिल्ली से लेकर गुजरात तक फैली यह प्राचीन पर्वत श्रृंखला भारत की सबसे पुरानी भूवैज्ञानिक संरचनाओं में से एक होने के साथ ही यह मरुस्थलीकरण को रोकने वाली प्राकृतिक दीवार, भूजल पुनर्भरण का अहम क्षेत्र और जैव विविधता का महत्वपूर्ण आश्रय भी है। ऐसे में हाल के दिनों में सोशल मीडिया और कुछ यूट्यूब चैनलों पर यह दावा किया जाना कि सरकार ने अरावली में खनन और निर्माण के लिए 'ढील' दे दी है, स्वाभाविक रूप से चिंता पैदा करता है और इससे जुड़ा सच जानने के लिए प्रेरित करता है।

इसी संदर्भ में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव को सार्वजनिक रूप से स्पष्टीकरण देना पड़ा है। उन्होंने इन आरोपों को भ्रामक और तथ्यों से परे बताया। वास्तव में इस पूरे विवाद को समझने के लिए तीन बुनियादी पहलुओं को स्पष्ट रूप से देखना आवश्यक है; अरावली का भौगोलिक और पारिस्थितिक महत्व, सुप्रीम कोर्ट के पुराने और नए आदेश तथा सरकार की वर्तमान संरक्षण नीति।

हम यदि गहराई से देखें तब अरावली पर्वतमाला दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात के 39 जिलों में फैली हुई दिखाई देती है। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के लिए यह 'ग्रीन लंग्स' की तरह काम करती है। यही पहाड़ियाँ थार मरुस्थल को उत्तर और पूर्व की ओर बढ़ने से रोकती हैं। वर्षा जल को रोककर यह भूजल को रिचार्ज करती हैं। हवा के बहाव को नियंत्रित करती हैं और प्रदूषण के स्तर को संतुलित रखने में अहम भूमिका निभाती हैं। एनसीआर की जलवायु, वायु गुणवत्ता और जल सुरक्षा सीधे-सीधे अरावली की स्थिति से जुड़ी हुई है। यही कारण है कि दशकों से अरावली क्षेत्र में खनन और निर्माण गतिविधियों पर सख्त नियंत्रण और कई जगहों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाए गए हैं।

अरावली में अवैध खनन और पर्यावरणीय क्षति को लेकर 1980 के दशक से ही जनहित याचिकाएँ दाखिल होती रही हैं। इन याचिकाओं के परिणामस्वरूप उच्चतम न्यायालय ने कई ऐतिहासिक आदेश दिए। वर्ष 2009 में उच्चतम न्यायालय ने हरियाणा के फरीदाबाद, गुरुग्राम और नूंह जिलों की अरावली पहाड़ियों में खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया। यह प्रतिबंध आज भी प्रभावी है। इसके बाद न्यायालय ने स्पष्ट किया कि वैज्ञानिक मैपिंग और पर्यावरण प्रभाव अध्ययन (ईआईए) के बिना अरावली क्षेत्र में किसी भी नई खनन गतिविधि की अनुमति नहीं दी जा सकती। पहले वैज्ञानिक सर्वे फिर पर्यावरणीय योजना और उसके बाद ही किसी प्रकार की अनुमति, यह सिद्धांत स्थापित किया गया। इसमें भी महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि ये रोकें अस्थायी नहीं, बल्कि दीर्घकालिक और कई मामलों में स्थायी हैं। आम धारणा के विपरीत हर साल नई-नई रोकें नहीं लगतीं, किंतु एक बार सुप्रीम कोर्ट का आदेश आने के बाद वह वर्षों तक लागू रहता है।

वर्ष 2025 में उच्चतम न्यायालय ने अरावली को लेकर एक महत्वपूर्ण निर्देश दिया। अदालत ने सभी राज्यों से अरावली की एक समान, वैज्ञानिक और लागू करने योग्य परिभाषा तैयार करने को कहा और केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट को स्वीकार किया। यहीं से भ्रम की शुरूआत हुई। कुछ लोगों ने यह प्रचारित किया कि अब केवल पहाड़ी की चोटी से 100 मीटर ऊपर तक ही संरक्षण रहेगा और उसके नीचे खनन की छूट मिल जाएगी। निश्चित ही ये दावा अधूरा और पूरी तरह भ्रामक है।

विशेषज्ञ समिति द्वारा सुझाया गया 100 मीटर मानदंड पहाड़ी की ऊँचाई को 'स्थानीय राहत' के संदर्भ में परिभाषित करता है। इसका अर्थ यह है कि पहाड़ी का आधार यदि जमीन के भीतर 20 मीटर नीचे तक फैला है तो संरक्षण की गणना वहीं से होगी। यानी चट्टान की पूरी मोटाई, उसकी ढलानें और उससे जुड़ी घाटियां भी संरक्षण के दायरे में आती हैं। दूसरे शब्दों में यह नियम खनन को छूट देने के लिए नहीं है, उक्त संदर्भ में यह स्पष्ट करने के लिए है कि अरावली वास्तव में कहाँ तक फैली है। जबकि इससे पहले विभिन्न राज्यों में अलग-अलग परिभाषाओं के कारण भ्रम और दुरुपयोग की गुंजाइश बनी रहती थी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार नई वैज्ञानिक परिभाषा के बाद अरावली क्षेत्र लगभग 1.44 से 1.47 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ माना गया है। इसमें से करीब 90 प्रतिशत हिस्सा सीधे-सीधे संरक्षित श्रेणी में आता है। केवल 0.2 से 2 प्रतिशत तक का हिस्सा ही सैद्धांतिक रूप से खनन के लिए संभावित माना जा सकता है। किंतु यह 'संभावित' शब्द भी महत्वपूर्ण है। इस छोटे से हिस्से में भी खनन तभी संभव है जब विस्तृत माइनिंग प्लान बने। वैज्ञानिक अध्ययन हो। पर्यावरणीय मंजूरी मिले और इंडियन काउंसिल ऑफ फॉरेस्ट्री रिसर्च एंड एजुकेशन (आईसीएफआरई) से अनुमोदन प्राप्त हो। व्यावहारिक रूप से यह छूट लगभग नगण्य है।

दिल्ली की पूरी अरावली में खनन पर पूर्ण प्रतिबंध है और भविष्य में भी यहां किसी प्रकार की माइनिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी। एनसीआर के संवेदनशील क्षेत्रों में निर्माण परियोजनाओं पर भी सख्त नियंत्रण रहेगा। जहां किसी क्षेत्र को लेकर संदेह होगा, उसे तब तक अरावली माना जाएगा जब तक वैज्ञानिक सर्वे कुछ और सिद्ध न कर दे। यह प्रावधान संरक्षण नीति को और अधिक कठोर बनाता है। ध्यातव्य हो कि मई 2024 में न्यायालय ने विभिन्न राज्यों द्वारा अपनाए जा रहे असंगत मानदंडों को देखते हुए एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया था। इस समिति में पर्यावरण मंत्रालय, चारों राज्यों के वन विभाग, भारतीय वन सर्वेक्षण, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण और केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति के प्रतिनिधि शामिल रहे। समिति का उद्देश्य था अरावली की एक समान, वैज्ञानिक और कानूनी रूप से मजबूत परिभाषा तैयार करना। इसकी सिफारिशों को 20 नवंबर 2025 के अंतिम आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार करते हुए पूरे अरावली क्षेत्र के लिए एक सस्टेनेबल माइनिंग मैनेजमेंट प्लान बनने तक सभी नई खनन लीज पर रोक लगा दी है। दूसरी ओर सरकार 'ग्रीन अरावली' अभियान के तहत 39 जिलों में वनीकरण, जल संरक्षण और स्थानीय प्रजातियों की नर्सरी विकसित कर रही है। ड्रोन सर्विलांस, सीसीटीवी, ई-चालान, हाईटेक वेइंग ब्रिज और जिला स्तरीय टास्क फोर्स के जरिए अवैध खनन पर निगरानी रखी जा रही है।

कुल मिलाकर यदि हम सार रूप में कहें तो अरावली को लेकर ढील या छूट की खबरें तथ्यात्मक नहीं हैं, यह बहुत भ्रामक हैं। न्यायालय के आदेशों और सरकार की नीतियों से इस क्षेत्र का संरक्षण कमजोर नहीं हुआ है, यह तो पहले से अधिक स्पष्ट और मजबूत हुआ है। आज जरूरत इस बात की है कि अफवाहों और आधे-अधूरे तथ्यों के बजाय वैज्ञानिक तथ्यों और न्यायिक आदेशों के आधार पर इस मुद्दे को समझा जाए। विकास और संरक्षण को आमने-सामने खड़ा करने की राजनीति से सावधान रहते हुए अरावली को बचाने का जो राष्ट्रीय संकल्प केंद्र सरकार और न्यायालय ने परस्पर दिखाया है, हमारा उसके साथ खड़ा होना ही समय की मांग है।

**(लेखक, सामाजिक कार्यकर्ता हैं।)**

# किसानों के सबसे प्रिय रहे चौधरी चरण सिंह

**डॉ. लोकेश कुमार**

सच्चा भारत गांवों में बसता है और एक राष्ट्र तभी समृद्ध हो सकता है जब उसका ग्रामीण क्षेत्र उन्नत हो। यह विचार हमारे पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के थे। चौधरी चरण सिंह की जयंती 23 दिसंबर को मनाई जाती है। उनका जन्म 23 दिसंबर, 1902 को हुआ । उनकी जयंती पर 2001 से प्रत्येक वर्ष किसान दिवस के रूप में पूरे देश में मनाया जाता है, ताकि भारतीय कृषि और ग्रामीण विकास में उनके योगदान को याद किया जा सके। उनके प्रयासों से किसानों के शोषण को रोकने, मंडी बिल पारित कराने और भूमि राजस्व से छूट दिलाने जैसे उल्लेखनीय कार्यों को अंजाम दिया गया।

देश में 'काम के बदले अनाज' कार्यक्रम भी उनकी प्रेरणा से प्रारंभ हुआ। वे किसानों के मसीहा, भूमि सुधारों के समर्थक, और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के उत्थान के लिए बहुत महत्वपूर्ण काम किए। वे भारत के पांचवें प्रधानमंत्री थे। राजनीति को सेवा के रूप में प्रारंभ करने वाले चौधरी चरण सिंह सबसे पहले ब्रिटिश काल में 1937 में छपरौली से उत्तर प्रदेश विधानसभा के लिए चुने गए। इसके बाद 1946, 1952, 1962 और 1967 में विधानसभा में अपने निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। वे 1946 में पंडित गोविंद बल्लभ पंत की सरकार में संसदीय सचिव बने और राजस्व, चिकित्सा एवं लोक स्वास्थ्य, न्याय, सूचना इत्यादि विभिन्न विभागों में अपने कार्य की दक्षता का परिचय दिया । उनको जून 1951 में राज्य के कैबिनेट मंत्री बनाया गया और न्याय तथा सूचना विभागों का प्रभार दिया गया। इसके बाद में 1954 में वे डॉ. सम्पूर्णानन्द के मंत्रिमंडल में राजस्व एवं कृषि मंत्री बने।

अप्रैल 1959 में उन्होंने अपने पद से इस्तीफा देकर राजस्व एवं परिवहन विभाग का प्रभार संभाला। सी.बी. गुप्ता के मंत्रालय में चौधरी चरण सिंह गृह एवं कृषि मंत्री (1960) थे। श्रीमती सुचेता कृपलानी के मंत्रालय में वे कृषि एवं वन मंत्री (1962-63) रहे। उन्होंने 1965 में कृषि विभाग छोड़कर, 1966 में स्थानीय स्वशासन विभाग का प्रभार संभाल लिया। कांग्रेस विभाजन के बाद फरवरी 1970 में दूसरी बार वे कांग्रेस पार्टी के समर्थन से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। हालांकि राज्य में 2 अक्टूबर 1970 को राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया था। चौधरी चरण सिंह ने विभिन्न पदों पर रहते हुए उत्तर प्रदेश के लोगों की सेवा की और उनकी ख्याति एक किसान राजनेता के रूप में हो गई थी। उनकी प्रशासन पर पकड़, भाई- भतीजावाद और भ्रष्टाचार को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करते थे। प्रतिभाशाली सांसद एवं व्यवहारवादी के रूप में चौधरी चरण सिंह अपने वाक्पटुता एवं दृढ़ विश्वास के लिए जाने जाते हैं।


उत्तर प्रदेश में भूमि सुधार का पूरा श्रेय उन्हें ही जाता है। ग्रामीण देनदारों को राहत प्रदान करने वाला विभागीय ऋणमुक्ति विधेयक, 1939 को तैयार करने एवं इसे अंतिम रूप देने में उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका थी। ऋणमुक्ति विधेयक 1939 मुख्य रूप से भारत में, विशेषकर उत्तर प्रदेश में, ग्रामीण किसानों और देनदारों को साहूकारों के पंजों से बचाने के लिए यह बिल लाया गया था, जिसमें चौधरी चरण सिंह जैसे नेताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, और इसका उद्देश्य कृषि ऋणों से संबंधित मुद्दों को हल करना था, जिससे किसानों को न्याय और राहत मिल सके। यह विधेयक भूमि सुधार और ग्रामीण ऋणों के पुनर्गठन से जुड़ा था जिससे किसानों की स्थिति में सुधार किया जा सके। ग्रामीण क्षेत्रों में, खासकर उत्तर प्रदेश में, कर्जदारों (किसानों) को साहूकारों के शोषण से बचाना और कृषि ऋणों को नियंत्रित करना।

चरण सिंह ने इस विधेयक को तैयार करने और इसे अंतिम रूप देने में अहम भूमिका निभाई थी, जो किसानों के अधिकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इस तरह के विधेयकों ने काश्तकारों (किरायेदार किसानों) के अधिकारों को मजबूती प्रदान की और भूमि सुधारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया, जिससे भूमि स्वामित्व और ऋणों के संबंध में अधिक समानता स्थापित हो सके। यह विधेयक 1939 के आसपास के भूमि सुधार आंदोलनों के प्रयासों का हिस्सा था, जिनका लक्ष्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना था। ऋणमुक्ति विधेयक 1939 किसानों और ग्रामीण देनदारों के लिए एक राहत उपाय था, जो भूमि सुधार और कृषि ऋणों के विनियमन के माध्यम से सामाजिक न्याय स्थापित करने का प्रयास करता था।

देश के वे ऐसा राजनेता थे जिन्होंने लोगों के बीच रहकर सरलता से कार्य करते हुए इतनी लोकप्रियता हासिल कर ली। एक समर्पित लोक कार्यकर्ता एवं सामाजिक न्याय में दृढ़ विश्वास रखने वाले चौधरी चरण सिंह को लाखों किसानों के बीच रहकर प्राप्त आत्मविश्वास से काफी बल मिला। चौधरी चरण सिंह ने अत्यंत साधारण जीवन व्यतीत किया और अपने खाली समय में वे पढ़ने और लिखने का काम करते थे। उनके द्वारा की गई पहल का ही परिणाम था कि उत्तर प्रदेश में मंत्रियों के वेतन और उन्हें मिलने वाले अन्य लाभों को काफी कम कर दिया गया था। मुख्यमंत्री के रूप में जोत अधिनियम, 1960 को लाने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। यह अधिनियम जमीन रखने की अधिकतम सीमा को कम करने के उद्देश्य से लाया गया था ताकि राज्य भर में इसे एक समान बनाया जा सके। चौधरी चरण सिंह के मुख्य कार्यों में उत्तर प्रदेश में भूमि सुधार (जमींदारी उन्मूलन, जोत अधिनियम), किसानों और ग्रामीण भारत के सशक्तिकरण के लिए कानून बनाना और एक साधारण, गांधीवादी जीवनशैली के साथ एक कुशल प्रशासक के रूप में कार्य करना शामिल हैं।

## दैनिक पंचांग

**23 दिसम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | मकर | 08.15 बजे से |
| चंद्र | मकर में | कुंभ | 10.02 बजे से |
| मंगल | धनु में | मीन | 11.35 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | मेष | 13.05 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृष | 14.45 बजे से |
| शुक्र | धनु में | मिथुन | 16.43 बजे से |
| शनि | मीन में | कर्क | 18.57 बजे से |
| राहु | कुंभ में | सिंह | 21.13 बजे से |
| केतु | सिंह में | कन्या | 23.25 बजे से |
| राहुकाल | | तुला | 01.36 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | वृश्चिक | 03.50 ब.से |
| बजे तक | | धनु | 06.06 बजे से |

**मंगलवार** 2025 वर्ष का 357 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2082
**शक संवत्** 1947
**मास** पौष **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** तृतीया 12.13 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** श्रवण अहोरात्र।
**योग** व्याघात 16.30 बजे को समाप्त।
**करण** गर 12.13 बजे तदनन्तर वणिज 00.46 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 02.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 26'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872567
**जूलियन दिन** 2461032.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रज्जब
**तारीख** 02

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### आदिवासी कांग्रेस नेता की गोली मारकर हत्या जांच में जुटी पुलिस

**खूंटी** : कर्रा थाना क्षेत्र के लोधमा टीओपी अंतर्गत गुयू गांव में रविवार को अपराधियों ने आदिवासी कांग्रेस प्रखंड महासचिव 25 वर्षीय सुमित तिग्गा की गोली मारकर हत्या कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुमित तिग्गा अपने दो दोस्तों के साथ गुयू गांव के समीप जंगल गये थे। इसी दौरान अज्ञात अपराधियों ने सुमित तिग्गा के सिर में गोली मार दी। गोली लगने से वे गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद परिजन और स्थानीय लोग उन्हें तत्काल रांची स्थित देवनिका अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही कर्रा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल से बीयर की खाली बोतलें और सिगरेट का टुकड़ा बरामद किया है। पुलिस ने मृतक के परिजनों से पूछताछ की है और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए क्षेत्र में सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। हत्या के कारणों को लेकर पुलिस सभी बिंदुओं पर गंभीरता से छानबीन कर रही है। सुमित तिग्गा कांग्रेस पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता थे और क्षेत्र में उनकी अच्छी पहचान थी। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। सोमवार को गुयू गांव में सन्नाटे का माहौल पसरा रहा।

### मनरेगा योजना से छेडछाड बंद करें केंद्र नहीं तो होगा आंदोलन : मंत्री

**जामताडा** : स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा है कि मनरेगा कांग्रेस की ऐतिहासिक उपलब्धि है, जिसे सोनिया गांधी के नेतृत्व में गरीब और मजदूरों को रोजगार की कानूनी गारंटी देने के लिए लागू किया गया था। लेकिन केंद्र सरकार ने गरीबों के अधिकार छीनने की साजिश कर रही है, जिसे कांग्रेस किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने देगी। मंत्री सोमवार को मनरेगा योजना का नाम बदलने के विरोध में जामताड़ा जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से आयोजित विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने केन्द्र सरकार को दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि जिस तरह जानबूझकर केन्द्र सरकार की ओर से मनरेगा को कमजोर करने के लिए इसका नाम बदल दिया है। यदि मनरेगा योजना के स्वरूप से छेड़छाड़ बंद नहीं की गई तो कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई के लिए भाजपा जिम्मेदार है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जामताड़ा जिला कांग्रेस अध्यक्ष दीपिका बेसरा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी गरीबों के हक की रक्षा के लिए पूरी मजबूती से खड़ी है। मौके पर पार्टी के विजय दुबे, अजित दुबे, मुक्ता मंडल, बाम सरखेल, पूर्णिमा धर, कमरुद्दीन अंसारी, नंदकिशोर सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### लातेहार के झरिया-कोमो जंगल में युवक का शव बरामद

**लातेहार** : लातेहार जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत झरिया-कोमो जंगल में सड़क किनारे एक युवक का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान मनोज उरांव (35) के रूप में हुई है, जो चंदवा थाना क्षेत्र के वनहरदी गांव का निवासी था। मनोज उरांव बीते 3 दिसंबर से अपने घर से लापता था। मृतक के पिता बालेश्वर उरांव ने बेटे की हत्या किए जाने की आशंका जताई है। सोमवार को पुलिस को सूचना मिली कि झरियाझकोमो जंगल के पास सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) अरविंद कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। जांच के दौरान मृतक की पहचान मनोज उरांव के रूप में की गई। घटनास्थल से मृतक की बाइक भी बरामद की गई है।

# भदानी नगर में प्रदूषण का कहर, वेंकटेश आयरन एंड स्पंज फैक्ट्री से जनजीवन प्रभावित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**भुरकुंडा :** भदानी नगर, भुरकुंडा महुआ टोला में स्थित वेंकटेश आयरन एंड स्पंज फैक्ट्री के आसपास रहने वाले लोगों का कहना है कि फैक्ट्री से निकलने वाले धुएं और कचरे से उनके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है और उनकी खेती भी बर्बाद हो रही है।

**प्रदूषण के कारण**

फैक्ट्री से निकलने वाले धुएं में हानिकारक गैसें और कण होते हैं, जो वायु प्रदूषण का कारण बनते हैं। फैक्ट्री के कचरे को ठीक से निपटाया नहीं जाता है, जिससे जल प्रदूषण और मृदा प्रदूषण होता है। फैक्ट्री के आसपास के क्षेत्रों में धूल और धुएं के कारण लोगों को सांस लेने में परेशानी होती है और उनकी खेती भी बर्बाद हो रही है।

**प्रदूषण के प्रभाव**

फैक्ट्री के आसपास रहने वाले लोगों में श्वसन रोगों की शिकायत बढ़ गई है। फैक्ट्री के कचरे से जल स्रोतों का प्रदूषण हो रहा है, जिससे पीने के पानी की गुणवत्ता खराब हो रही है। फैक्ट्री के आसपास के क्षेत्रों में वनस्पति और जीव-जन्तुओं की संख्या कम हो रही है। फैक्ट्री के प्रदूषण के कारण स्थानीय किसानों की खेती बर्बाद हो रही है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति भी खराब हो रही है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और स्थानीय प्रशासन को फैक्ट्री के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए और प्रदूषण रोकने के लिए आवश्यक उपाय करने चाहिए। फैक्ट्री को अपने कचरे का सही तरीके से निपटान करना चाहिए और वायु प्रदूषण को कम करने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। स्थानीय लोगों को भी प्रदूषण के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए और अपने अधिकारों के लिए लड़ना चाहिए।

## संत जेवियर्स बोकारो में क्रिसमस का हुआ भव्य आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : संत जेवियर्स स्कूल, बोकारो स्टील सिटी में सोमवार, 22 दिसंबर 2025 को क्रिसमस महोत्सव श्रद्धा, उल्लास एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के क्वायर ग्रुप द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना गीत से हुआ, जिन्होंने संपूर्ण वातावरण को भक्तिमय एवं पवित्र बना दिया। अपने संबोधन में प्राचार्य फादर अरुण मिंज एस.जे. ने क्रिसमस के वास्तविक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व ईश्वर के मानव रूप में अवतरण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ईश्वर मानव बनकर इस संसार में आए ताकि वे मानवता से जुड़ सकें, मानव दुखों को समझ सकें और प्रेम, करुणा, शांति एवं भाईचारे का संदेश दे सकें। इसके पश्चात प्राथमिक विद्यालय के नन्हें विद्यार्थियों द्वारा यीशु मसीह के जन्म पर आधारित नाट्य प्रस्तुति (स्किट) प्रस्तुत की गई, जिसने अपनी सरलता, मासूमियत एवं भावपूर्ण अभिनय से सभी दर्शकों का मन मोह लिया। इस प्रस्तुति के माध्यम से प्रेम, त्याग एवं मानवता का सशक्त संदेश दिया गया। मध्य विद्यालय एवं हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग नृत्य कार्यक्रमों ने समारोह में उल्लास और ऊर्जा का संचार किया।

## प्रचंड ठंड को लेकर सम्पूर्ण शिक्षा जागरण मंच की आवाज, स्कूल बंद करने व अलाव की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** सम्पूर्ण शिक्षा जागरण मंच के सचिव रामेश्वर गोप ने झारखंड में पड़ रही प्रचंड ठंड को लेकर जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार से आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि राज्य के विभिन्न जिलों में कड़ाके की ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है, जिससे खासकर छोटे-छोटे बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर वर्ग के लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। गोप ने मांग की है कि सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की समुचित व्यवस्था की जाए, ताकि लोगों को ठंड से राहत मिल सके। साथ ही उन्होंने प्रचंड ठंड के मद्देनजर राज्य के सभी विद्यालयों को अस्थायी रूप से बंद करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चे अत्यधिक ठंड में विद्यालय आने के दौरान बीमार पड़ सकते हैं, इसलिए एहतियातन यह कदम आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे बच्चों को अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने दें। यदि किसी कारणवश बाहर जाना आवश्यक हो, तो बच्चों को पर्याप्त गर्म कपड़े पहनाकर ही बाहर ले जाएं। साथ ही उन्होंने लोगों से सतर्कता बरतने और ठंड के इस मौसम में सावधानीपूर्वक व्यवहार करने का आग्रह किया। गोप ने कहा कि ठंड के इस मौसम में लोगों को अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों और बच्चों को ठंड से बचाने के लिए विशेष उपाय करने चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को ठंड के मद्देनजर आवश्यक कदम उठाने चाहिए, ताकि लोगों को ठंड से राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण शिक्षा जागरण मंच ठंड के इस मौसम में लोगों की मदद के लिए हमेशा तैयार है। उन्होंने कहा कि मंच के सदस्य लोगों को ठंड से बचाने के लिए आवश्यक कदम उठाएंगे। गोप ने कहा कि ठंड के इस मौसम में लोगों को अपने आसपास के लोगों का भी ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति ठंड से प्रभावित है, तो उसकी मदद के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर ठंड के इस मौसम में लोगों की मदद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ठंड के इस मौसम में लोगों को अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को ठंड से संबंधित कोई समस्या है, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ठंड के इस मौसम में सावधानी बरतना बहुत जरूरी है। सम्पूर्ण शिक्षा जागरण मंच के सचिव रामेश्वर गोप ने कहा कि वे जल्द ही इस मुद्दे पर राज्य सरकार से मिलकर ठंड के मद्देनजर आवश्यक कदम उठाने की मांग करेंगे।

# रामगढ़ कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया राष्ट्रीय गणित दिवस



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** कॉलेज, रामगढ़ में डॉ० रत्ना पांडे के नेतृत्व में राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और गणित के महत्व को समझा। राष्ट्रीय गणित दिवस हर साल 22 दिसंबर को मनाया जाता है, जो महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती है। इस दिन का उद्देश्य गणित के क्षेत्र में योगदान को सम्मानित करना और छात्रों को गणित के प्रति प्रेरित करना है। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ० रत्ना पांडे के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने गणित के महत्व और श्रीनिवास रामानुजन के योगदान को बताया। इसके बाद, छात्रों ने गणित से संबंधित विभिन्न प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें गणित के सूत्र, प्रमेय और इतिहास शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान एक गणित प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें छात्रों ने गणित के विभिन्न मॉडल और प्रोजेक्ट प्रदर्शित किए। इस प्रदर्शनी में गणित के विभिन्न पहलुओं को दिखाया गया, जैसे कि ज्यामिति, बीजगणित और त्रिकोणमिति। कार्यक्रम के अंत में एक गणित प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने भाग लिया और अपनी गणितीय क्षमताओं का प्रदर्शन किया। विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिए गए। कार्यक्रम का समापन डॉ० रत्ना पांडे के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ, जिसमें उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया और गणित के महत्व को दोहराया। इस अवसर पर छात्रों और शिक्षकों ने गणित के प्रति अपनी रुचि और उत्साह दिखाया। यह कार्यक्रम रामगढ़ कॉलेज में गणित के महत्व को बढ़ावा देने और छात्रों को गणित के प्रति प्रेरित करने में सफल रहा।

## पलामू में ज्वेलरी कारोबारी को गैंगस्टर प्रिंस खान से मिली रंगदारी की धमकी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** झारखंड के पलामू जिले में रंगदारी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र अंतर्गत बाजार में स्थित गोल्ड हाउस ज्वेलरी दुकान के संचालक रंजीत सोनी से कुख्यात गैंगस्टर प्रिंस खान ने एक करोड़ रुपये की रंगदारी की मांग की है। इस संबंध में मेदिनीनगर टाउन थाना प्रभारी ज्योति लाल ने सोमवार को घटना की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि गैंगस्टर प्रिंस खान ने सोशल मीडिया के माध्यम से रंजीत सोनी के मोबाइल नंबर पर व्हाट्सएप वॉइस मैसेज भेजकर एक करोड़ रुपये बतौर प्रोटेक्शन मनी की मांग की है। वॉइस मैसेज में रंगदारी नहीं देने की स्थिति में गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी गई है। पुलिस की ओर से बताया गया कि यह धमकी बीती रात करीब 9 बजे के आसपास प्राप्त हुई, जिसके बाद पीड़ित व्यवसायी ने तत्काल मेदिनीनगर टाउन थाना में इसकी शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है और जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार, वॉइस मैसेज की तकनीकी जांच की जा रही है तथा सोशल मीडिया गतिविधियों और कॉल डिटेल्स के आधार पर आरोपित तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही मामले में ठोस कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद इलाके के व्यापारियों में दहशत का माहौल है। वहीं, पुलिस ने बाजार क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और गश्त बढ़ा दी है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

# विकसित भारत के संदर्भ में नशा मुक्ति पर पत्रकारों के लिए वार्तालाप कार्यक्रम आज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रामगढ़ :** भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत पत्र सूचना कार्यालय, रांची द्वारा मंगलवार 23 दिसंबर 25 को रामगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के पत्रकारों के लिए वार्तालाप कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम दिन के 11:30 बजे से रामगढ़ स्थित होटल ₹शिवम इन₹ में आयोजित होगा। कार्यक्रम का विषय विकसित भारत के संदर्भ में नशा मुक्ति का महत्व है। पत्र सूचना कार्यालय, रांची के कार्यालय प्रमुख राजेश सिन्हा ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि वार्तालाप कार्यक्रम में पत्रकारों के बीच विशेषज्ञ वक्ता के रूप में रामगढ़ कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रत्ना पांडेय, राष्ट्रीय विधि अध्ययन एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय, रांची के प्रो. शुभम श्रीवास्तव, स्वापक नियंत्रण ब्यूरो, रांची इकाई से सहायक निदेशक राणा प्रताप यादव, दूरदर्शन समाचार ईकाई झारखंड के प्रमुख एवं सहायक निदेशक दिवाकर कुमार तथा रामगढ़ के जिला जनसंपर्क अधिकारी प्रभात शंकर शामिल होंगे। सिन्हा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण पत्रकारों को नशा मुक्ति के महत्व, इसके सामाजिक कुप्रभावों तथा विकसित भारत के मिशन में इस समस्या के समाधान के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे उपायों से अवगत कराना है। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, जिसका समाधान करने के लिए सरकार और समाज को मिलकर काम करना होगा। दूरदर्शन समाचार ईकाई झारखंड के प्रमुख एवं सहायक निदेशक दिवाकर कुमार ने कहा कि विशेष रूप से दूर दराज के पत्रकारों को समर्पित भारत सरकार का जनसंपर्क कार्यक्रम वार्तालाप ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की नीतियों एवं मंशा को जनसामान्य तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने पत्रकारों से आग्रह किया कि वे अनिवार्य रूप से इस कार्यक्रम में शामिल हों। प्रेस वार्ता के दौरान दूरदर्शन समाचार संपादक सह क्षेत्रीय प्रचार आधिकारी गौरव पुष्कर ने माननीय प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजनाओं और अभियानों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने विकसित भारत-जी राम जी विधेयक के महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी देते हुए पत्रकारों से अपील की कि वे वार्तालाप कार्यक्रम में सहभागी बनकर इन अभियानों और योजनाओं को जनसाधारण तक सरल और प्रभावी रूप में पहुंचाएं। पुष्कर ने केन्द्रीय संचार ब्यूरो, रांची द्वारा मंगलवार 23 दिसम्बर 25 को रामगढ़ कॉलेज परिसर में आयोजित तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी के विषय में भी जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी विकसित भारत के मिशन और नशा मुक्ति के महत्व को प्रदर्शित करेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### भुरकुंडा में मुखिया ने की लकड़ी की व्यवस्था, लोगों को राहत



**भुरकुंडा** : भुरकुंडा के जवाहर नगर पंचायत क्षेत्र के मुखिया फूलमती देवी ने भुरकुंडा के मार्केट के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर लकड़ी की व्यवस्था की है। यह कदम ठंड के प्रकोप के बीच उठाया गया है। मुखिया ने जिंदल कंपनी से लकड़ी की मांग की थी। मुखिया के प्रयास से बुधन गोस्वामी और बबन राम ने अपने भाड़ा गाड़ी से लकड़ी को विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचाया। रात में अलाव जलने के लिए लोगों में उत्साह है, क्योंकि इससे उन्हें ठंड से राहत मिलेगी। मुखिया फूलमती देवी ने लोगों से कहा है कि लकड़ी की व्यवस्था करने का उद्देश्य लोगों को ठंड से बचाना है। उन्होंने कहा कि इस कार्य में सभी को सहयोग करना चाहिए।

### श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के दूसरे दिन उमड़ा श्रद्धालुओं की भीड़



**बड़कागांव** : बड़कागांव विधानसभा के माननीय विधायक रोशन लाल चौधरी के आवासीय कार्यालय में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के दूसरे दिन कथा की शुरूआत मंगलाचरण और भागवत आरती के साथ हुई। इस अवसर पर यजमान बड़कागांव के माननीय विधायक रोशन लाल चौधरी, डॉ. रेखा चौधरी और रितिक चौधरी ने विधि विधान से राधे कृष्ण सह अन्य देवी देवताओं की पूजा अर्चना की। कथा व्यास श्री सत्य प्रकाश तिवारी (शंख बाबा) ने कथा सुनाते हुए बताया कि भगवान ने पृथ्वी के कल्याण हेतु 24 अवतार धारण किए। उन्होंने भीष्म स्तुति का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि मृत्यु के समय भगवान का स्मरण ही जीव की वास्तविक मुक्ति है। विशेष रूप से बालक ध्रुव के प्रसंग ने भक्तों को भावुक कर दिया। महाराज जी ने बताया कि यदि अटूट श्रद्धा और विश्वास हो, तो 5 वर्ष का बालक भी अपनी भक्ति के बल पर भगवान को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा, ₹विपत्ति में घबराना नहीं चाहिए, क्योंकि विपत्ति ही ईश्वर को याद करने का सबसे उत्तम समय होता है। द्वितीय दिन की कथा में गोकर्ण जी की कथा, ब्रह्मा जी के द्वारा सृष्टि की रचना, परीक्षित जी को श्राप, शुकदेव जी का आगमन प्रसंगों में क्षेत्रवासियों ने डुबकी लगाई। श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में आचार्य पंडित सत्येंद्र दुबे, पंडित अमृत मिश्रा, पंडित पंकज तिवारी, पंडित राजा तिवारी, पंडित राधेश्याम दुबे तथा अन्य ब्राह्मण सहयोगियों द्वारा कथा का सफल संचालन किया गया। कथा के प्रथम दिन में अतिथि के रूप में झारखंड के पूर्व उप मुख्यमंत्री सह आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो की माता जी देवकी देवी, धर्मपत्नी नेहा महतो, भाई मुकेश महतो, बहन गीता और माया उपस्थित थे।

### श्री अग्रसेन स्कूल में मनाया गया महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती



**भुरकुंडा** : श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में सोमवार को महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाई गई। प्रात :कालीन सभा में शिक्षकों ने मैथेमैटिक्स के क्षेत्र में रामानुजन के योगदान के बारे में बताया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्कूल के मैथेमैटिक्स लैब में ले जाकर गणित के कई कठिन टॉपिक्स को सरल तरीके से समझाया गया। शिक्षक अरविंद दुबे ने बच्चों को बताया कि रामानुजन को आधुनिक काल के महानतम गणित विचारकों में गिना जाता है। इन्हें मैथेमेटिक्स में कोई विशेष प्रशिक्षण नहीं मिला, फिर भी इन्होंने विश्लेषण एवं संख्या सिद्धांत के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। रामानुजन ने अपने प्रतिभा और लगन से न केवल मैथेमेटिक्स के क्षेत्र में अद्भुत अविष्कार किए बल्कि भारत को अतुलनीय गौरव भी प्रदान किया। रामानुजन ने केवल आठ वर्ष की उम्र में अपने जन्मदिन को लेकर ऐसा मैजिक स्क्वायर बनाया जिसका हर कोने से योग 139 अंक ही आता था। रामानुजन ने केवल 32 साल के जीवनकाल में पूरी दुनिया को मैथेमेटिक्स के अनेक सूत्र और सिद्धांत दिए। मैथेमेटिक्स के क्षेत्र में रामानुजन किसी भी प्रकार से गौस, यूलर और आर्किमिडीज से कम नहीं थे। प्रियंका कुमारी ने कहा कि रामानुजन बचपन से ही विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। जिस मैथेमेटिक्स से हम सब घबराते हैं वो तो इनके लिए मजेदार खेल था। उन्होंने खुद से मैथेमेटिक्स सीखा और अपने जीवनभर में मैथेमेटिक्स के 3,884 प्रमेयों का संकलन किया। इनमें से अधिकांश प्रमेय सही सिद्ध किये जा चुके हैं। हाल में इनके सूत्रों को क्रिस्टल-विज्ञान में प्रयुक्त किया गया है। इनके कार्य से प्रभावित होकर मैथेमेटिक्स के क्षेत्र में हो रहे काम के लिये रामानुजन जर्नल की स्थापना की गई है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रामानुजन के जीवन और उनके कार्यों के बारे में विस्तार से जाना।

### बोकारो बना कैडेट और जूनियर झारखंड राज्य जूडो प्रतियोगिता का विजेता



**बोकारो** : केदला,रांची कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय 20 एवं 21 दिसंबर को आयोजित झारखंड राज्य कैडेट एवं जूनियर जूडो प्रतियोगिता में बोकारो के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया बोकारो जूडो संघ के सचिव राजीव सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में बोकारो के जूडो खिलाड़ियों ने कैडेट वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 स्वर्ण पदक, 8 रजत पदक एवं 9 कास्य पदक जीतकर पहला स्थान प्राप्त किया। सभी स्वर्ण पदक खिलाड़ी कैडेट राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता में भाग लेंगे बोकारो के जूनियर जूडो खिलाड़ियों ने 7 स्वर्ण पदक,9 रजत पदक एवं 10 कास्य पदक जीत कर पहला स्थान प्राप्त किया। सभी स्वर्ण पदक खिलाड़ी कोलकाता जनवरी में होने वाले जूनियर राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता में भाग लेंगे खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन कर बोकारो जूडो संघ के अध्यक्ष विनय आनंद एवं झारखंड जूडो संघ के अध्यक्ष के एन त्रिपाठी एवं सचिव परीक्षित तिवारी ने अपनी शुभकामनाएं भेंट।

## एक नजर

### अर्धवार्षिक परीक्षा विद्यालयों में दूसरे दिन भी हुई

**साहिबगंज:** जिला के बोरियो प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सभी स्कूलों में सोमवार को दूसरे दिन अर्धवार्षिक परीक्षा जारी है। जहां कक्षा 1 से 8 तक पहली पाली में हिंदी/उर्दू की परीक्षा हुई। तथा दूसरी पाली में कक्षा 6 से 8 तक विज्ञान की परीक्षा हुई। जानकारी के अनुसार बालक एमएस बोरियो, एमएस गौरीपुर, जरूल मरचो, नया टोला, सोसो टोला, चालधोवा, शहरपुर, पीएस पोरो टोला, कुम्हरिया, एनपीएस बूंदा पहाड़, टोक बासको, सहित अन्य विद्यालयों में शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न हुई।

### जुए के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई, सात बाइक और नकद बरामद

**पूर्वी सिंहभूम:** जिले के कोवाली थाना क्षेत्र में अवैध जुए की गतिविधियों पर पुलिस ने कड़ा रुख अपनाते हुए कार्रवाई की है। हरिओम नगर के पीछे स्थित एक खुले स्थान पर बड़े पैमाने पर जुआ खेले जाने की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। रविवार देर रात गठित छापेमारी दल का नेतृत्व स्वयं कोवाली थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने किया। पुलिस के मौके पर पहुंचते ही जुआ खेल रहे लोग खुले स्थान का फायदा उठाकर अंधेरे का सहारा लेते हुए फरार हो गए। हालांकि छापेमारी के दौरान पुलिस ने घटनास्थल से सात बाइक, 530 रुपये नकद और ताश के दो बंडल बरामद किया है। इस मामले में कोवाली पुलिस ने सात लोगों को नामजद करते हुए करीब 15 अज्ञात जुआरियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस अब फरार आरोपितों की पहचान करने में जुटी है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। सोमवार को थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा कि क्षेत्र में जुआ सहित किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और जुए में शामिल किसी भी व्यक्ति को छोड़ा नहीं।

### ट्रैक मेंटेनर की मौत यूनियन ने की रक्षक डिवाइस की मांग

**पश्चिमी सिंहभूम:** पश्चिमी सिंहभूम जिला स्थित चक्रधरपुर रेल मंडल में एक बार फिर ट्रैक मेंटेनर की ड्यूटी के दौरान मौत ने रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सोमवार सुबह मनोहरपुर सेक्शन के अंतर्गत घाघरा क्षेत्र में थर्ड लाइन पर कार्यरत ट्रैक मेंटेनर मंगल केरकेट्टा की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। इस हादसे से रेलवे कर्मचारियों में शोक के साथ-साथ आक्रोश भी व्याप्त है। जानकारी के अनुसार, मंगल केरकेट्टा पीडब्ल्यूआई मनोहरपुर सेक्शन के अंतर्गत किलोमीटर 369/3ए से 5ए के बीच थर्ड लाइन ग्रेड पर की-मैन के रूप में कार्य कर रहे थे। इसी दौरान शालीमारझकुर्ला एक्सप्रेस उनके कार्य स्थल से गुजर गई, जिसकी चपेट में आने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही रेलकर्मियों और परिजनों में गहरा दुख फैल गया। इस हादसे पर ऑल इंडिया रेलवे ट्रैक मेंटेनर यूनियन के प्रतिनिधि चांद मोहम्मद ने गहरी चिंता और दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह कोई पहली घटना नहीं है, बल्कि चक्रधरपुर मंडल में अब तक 11 ट्रैक मेंटेनरों की जान जा चुकी है। इसके बावजूद रेल प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। चांद मोहम्मद ने आरोप लगाया कि ट्रैक मेंटेनर दिन-रात रेलवे ट्रैक की सुरक्षा में लगे रहते हैं।

## जिला समन्वय समिति की मासिक समीक्षात्मक बैठक संपन्न

# जिले में अवैध रूप से संचालित ईंट भट्टों के संचालक 15 जनवरी तक सभी आवश्यक दस्तावेज पूर्ण करें : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** डीसी-सह-जिला दंडाधिकारी हेमंत सती की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति की मासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान डीसी ने पिछली बैठक में दिए गए निदेशों के अनुपालन की समीक्षा की तथा विभागवार प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। खनन से जुड़े मामलों की समीक्षा करते हुए डीसी ने जिले के सभी चेक नाकों पर नए सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश दिया। साथ ही, जिले में अवैध रूप से संचालित ईंट भट्टों को



15 जनवरी तक सभी आवश्यक दस्तावेज पूर्ण करने का आदेश दिया गया। जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा में डीसी ने शहर के प्रमुख स्थानों पर साइनेज बोर्ड लगाने तथा हिट एंड रन की घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। बैठक में वन विभाग से जुड़े फॉरेस्ट क्लियरेंस मामलों की समीक्षा करते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। अग्निशमन विभाग को जिले के होटल एवं रेस्टोरेंट का फायर ऑडिट कराने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में डीसी ने जिले के 126 स्वास्थ्य केंद्रों में बिजली, पानी एवं संपर्क पथ से जुड़ी समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सामाजिक सुरक्षा विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए डीसी ने ठंड के मद्देनजर चौक-चौराहों पर अलाव जलाने एवं कंबल वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समाज कल्याण विभाग की समीक्षा में डीसी ने स्वास्थ्य उपकेंद्रों एवं आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली तथा आंगनबाड़ियों के नियमित संचालन पर विशेष जोर दिया। पीएचईडी विभाग की समीक्षा के दौरान बोरियो, बरहेट एवं बड़हरवा ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं पर चर्चा कर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।भूमि संरक्षण विभाग की समीक्षा में निमार्णाधीन तालाब, चेक डैम एवं जिर्णोधार परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई तथा सभी कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान, अपर समाहर्ता गौतम भगत, अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल सदानंद महतो, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, जिला परिवहन पदाधिकारी मिथलेश कुमार चौधरी सहित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं अन्य विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे। अंत में डीसी ने सभी अधिकारियों से आपसी सामंजस्य, पारदर्शिता एवं तत्परता के साथ कार्य करने की अपेक्षा जताई, ताकि विकास योजनाओं का लाभ शीघ्रता से आमजन तक पहुंच सके।

## सिदो कान्हू स्टेडियम में कुश्ती प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** शहर स्थित स्टेडियम में राजमहल लोकसभा में प्रधानमंत्री के जन्मदिवस 17 सितंबर से आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुश्ती मैट पर आयोजित हुआ। आयोजन कर्ता के रूप में भाजपा के वर्तमान जिला अध्यक्ष उज्जवल मंडल और किसान मोर्चा के अध्यक्ष बजरंगी प्रसाद यादव, गौतम यादव और साथ ही महिला मोर्चा के सचिव और अध्यक्ष उपस्थित थे। खेलो इंडिया के माध्यम से खास करके वैसे ग्रामीण क्षेत्र और छोटे शहरों से खेल प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर से जोड़ते हुए खेल में नाम रोशन करने हेतु एक सशक्त मध्यम हो सकता



है। इस कार्यक्रम में कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे की दर्जनों खिलाड़ी ने हिस्सा लेकर जोर अजमाइश की अभी मूल्यांकन हो रहा है क्वालीफाई होने वाले खिलाड़ियों का चयन कर 25 दिसंबर को फाइनल हेतु बुलावा आएगा और उन्हें प्रशस्ति पत्र के साथ-साथ मेडल और ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में उज्जवल मंडल और बजरंगी प्रसाद यादव ने युवाओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## धान क्रय योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु दो एलईडी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखंड सरकार द्वारा खरीफ विपणन सत्र 2025-26 के अंतर्गत धान क्रय योजना के प्रभावी एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से आज डीसी हेमंत सती के द्वारा दो एलईडी प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर निदेशक, आईटीडीए संजय कुमार दास, अपर समाहर्ता गौतम भगत, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुन्नु मिश्रा सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। एलईडी वाहनों के माध्यम से जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में न्यूनतम समर्थन मूल्य, धान क्रय प्रक्रिया, ई-उपार्जन पोर्टल/मोबाइल ऐप, पंजीकरण, स्लॉट बुकिंग, भुगतान व्यवस्था एवं किसानों के



लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी आमजन एवं किसानों तक पहुंचाई जाएगी। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को पारदर्शी, सुरक्षित एवं समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। एलईडी प्रचार वाहनों के माध्यम से दी जाने वाली सूचनाएं किसानों को सरकारी क्रय केंद्रों पर सीधे धान विक्रय के लिए प्रेरित करेंगी, जिससे उन्हें एमएसपी का पूर्ण लाभ प्राप्त हो सकेगा। जिला प्रशासन ने सभी किसानों से अपील की है कि वे बिचौलियों से बचते हुए सरकारी क्रय केंद्रों पर धान विक्रय करें तथा डिजिटल सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाएं। यह पहल किसानों के हित संरक्षण, पारदर्शिता और कृषि आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## संथाल परगना प्रमंडल स्थापना का 1170वां वर्षगांठ पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखंड राजभाषा साहित्य अकादमी के तत्वावधान में संथाल परगना प्रमंडल स्थापना का 1170वॉं वर्षगांठ पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रगति भवन के सभागार में आयोजित संगोष्ठी की अध्यक्षता डॉ रामजन्म मिश्र, कुलाधिपति विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इतिहासकार संतोष कुमार तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर संगोष्ठी का उद्घाटन किया। सिदो कान्हो माल्यार्पण कर नमन किया गया। संथाल हूल और इसके परिणाम विषयक संगोष्ठी का विषय प्रवेश करते हुए झारखंड राजभाषा साहित्य अकादमी के सचिव डॉ सच्चिदानंद ने कहा कि संथालपरगना प्रमंडल की स्थापना का इतिहास भारत में ब्रिटिश साम्राज्य की नीतियों और स्थानीय आदिवासी समुदायों के संघर्ष से जुड़ा हुआ है। 1855 में ब्रिटिश शासन द्वारा विशेष रूप से आदिवासी क्षेत्रों की प्रशासनिक जरूरतों को ध्यान में रखते




हुए बनाया गया था। इस डिवीजन का गठन अंग्रेजों के साम्राज्यवादी दृष्टिकोण और वहां के आदिवासी समुदायों के बीच उत्पन्न सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक दबावों के परिणामस्वरूप हुआ था। संथाल परगना का गठन न केवल ब्रिटिश साम्राज्य की नीतियों का हिस्सा था, बल्कि यह आदिवासी समाज के संघर्ष और उनके अस्तित्व के लिए एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक क्षण भी था। संथाल परगना डिवीजन का गठन अंग्रेजों की साम्राज्यवादी नीतियों का परिणाम था। इस डिवीजन का मुख्य उद्देश्य था आदिवासी क्षेत्रों को बेहतर तरीके से नियंत्रित करना, यहां के संसाधनों पर कब्जा करना और ब्रिटिश शासन के प्रति आदिवासियों के प्रतिरोध को कमजोर करना। हालांकि इस क्षेत्र में आदिवासी समुदायों ने बार-बार विरोध किया, लेकिन अंग्रेजों ने अपनी प्रशासनिक और शोषणकारी नीतियों के तहत यहां की स्थिति को नियंत्रण में रखा।

## झारखंड विधानसभा आवास समिति की समीक्षा बैठक, सभापति दशरथ गागराई की अध्यक्षता में विकास योजनाओं पर मंथन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले में झारखण्ड विधानसभा की आवास समिति के सभापति दशरथ गागराई की अध्यक्षता में परिसदन भवन में विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ सरकारी भवनों एवं आवासों की वर्तमान स्थिति तथा निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान भवन निर्माण विभाग, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल एवं स्वास्थ्य, नियोजन विभाग एवं जिला ग्रामीण विकास शाखा सहित अन्य विभागों के अंतर्गत पूर्व में निर्मित सरकारी भवनों व आवासों की स्थिति पर चर्चा की गई। बैठक में भवनों एवं आवासों की मरम्मति व नवनिर्माण की आवश्यकता, संबंधित विभागों के साथ पत्राचार की स्थिति, निर्माण कार्यों में अग्नि सुरक्षा एवं तड़ित चालक जैसे सुरक्षा मानकों के अनुपालन, पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था, सौर ऊर्जा आधारित विद्युत सुविधा, शौचालय एवं स्वच्छता व्यवस्था सहित अन्य बिंदुओं पर जानकारी ली गई। माननीय सभापति ने सभी विभागों को योजनाओं के समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के निर्देश दिए। बैठक में उप विकास आयुक्त, परियोजना निदेशक, आईटीडीए, अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, जिला खनन पदाधिकारी, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं छात्र उपस्थिति सुधार हेतु विशेष अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले में मुख्य सचिव, झारखण्ड से प्राप्त निदेश के आलोक में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड द्वारा बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने तथा विद्यालयों में छात्र उपस्थिति में सुधार के उद्देश्य से जिले के विभिन्न विद्यालयों में विशेष अभिभावक- शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इसी क्रम में उपायुक्त मनीष कुमार ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, पाकुड़ एवं मॉडल विद्यालय, कशीला में आयोजित बैठक में सहभागिता की। इस अवसर पर उपायुक्त मनीष कुमार ने शत- प्रतिशत उपस्थिति




दर्ज कराने वाली छात्राओं, उनके अभिभावकों, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यगण एवं छात्रवृत्ति परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र ईकबाल हसन को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि नियमित उपस्थिति ही शैक्षणिक सफलता की पहली सीढ़ी है और इसमें अभिभावकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उपायुक्त ने जानकारी दी कि जिले के सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में हॉल का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही शौचालय एवं खेल मैदान को दुरुस्त किया जाएगा तथा विद्यालय परिसरों में पेवर ब्लॉक का निर्माण भी कराया जाएगा, जिससे विद्यालयों की आधारभूत संरचना और अधिक सुदृढ़ होगी। उन्होंने अभिभावकों से अपील किया कि वे ठंड के मौसम को देखते हुए बच्चों को स्वेटर पहनाकर ही विद्यालय भेजें, ताकि उनका स्वास्थ्य सुरक्षित रहे। उपायुक्त ने यह भी बताया कि सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में एलुमनी मीट का आयोजन किया जाएगा, जिससे वर्तमान छात्राओं को प्रेरणा एवं मार्गदर्शन प्राप्त हो सके। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत विज्ञान प्रदर्शनी की भी उपायुक्त ने सराहना की।

**मॉडल विद्यालय, कशीला में उपायुक्त ने अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को किया प्रेरित**

मॉडल विद्यालय, कशीला के भ्रमण के दौरान उपायुक्त ने विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण, अनुशासन एवं विद्यार्थियों के प्रदर्शन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि विद्यालय का संचालन अत्यंत सराहनीय है तथा इसे एक आदर्श मॉडल विद्यालय के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विद्यालय परिसर में बाउंड्री वॉल, पेवर ब्लॉक सहित अन्य आवश्यक आधारभूत संरचनाओं का विकास शीघ्र कराया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### थमने का नाम नहीं ले रहा लॉटरी का अवैध कारोबार




**पाकुड़/ हिरणपुर :** जिले के हिरणपुर प्रखण्ड अंतर्गत बाजार में लॉटरी बिक्री पर राज्यभर में प्रतिबंध होने के बावजूद नकली टिकटों का धंधा बेरोकटोक चल रहा है। रोजाना 20 लाख रुपये से अधिक का अवैध कारोबार बताया जा रहा है। सैकड़ों एजेंट गांव-गांव तक नेटवर्क फैलाकर टिकट बेच रहे हैं, जबकि पुलिस और प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही है हिरणपुर में कानून सिर्फ किताबों तक सिमट गया है, जमीन पर नकली लॉटरी का राज चल रहा है। रोज लाखों रुपये का कारोबार, सैकड़ों एजेंट, और खुलेआम बिकते फर्जी टिकट—लेकिन प्रशासन पूरी तरह खामोश है। सवाल यही है कि इतना बड़ा खेल बिना संरक्षण के कैसे चल रहा है हिरणपुर बाजार से लेकर पहाड़ी इलाकों तक नकली लॉटरी का संगठित नेटवर्क सक्रिय है। प्रिंटिंग मशीनों से रोज हजारों टिकट छापे जा रहे हैं, जिन्हें सिक्किम और नागालैंड के नाम पर बेचा जाता है। एजेंटों को मोटा कमीशन दिया जाता है और बड़े कारोबारी खुद को महाजन बताकर लग्जरी गाड़ियों में घूमते नजर आते हैं जब रोजाना 40 से 45 हजार नकली टिकट छप रहे हों और अवैध कारोबार लाखों में हो, तो यह केवल अपराध नहीं बल्कि व्यवस्था की विफलता है। हिरणपुर में नकली लॉटरी का बढ़ता जाल आम लोगों को ठगी का शिकार बना रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे बैठे हैं। हिरणपुर में प्रतिबंध के बावजूद नकली लॉटरी का खुला खेल जारी है। रोजाना लाखों का अवैध कारोबार, सैकड़ों एजेंट और प्रशासन की चुप्पी—कानून के नाम पर बड़ा सवाल।

### ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत आरपीएफ, मालदा मंडल द्वारा बरहरवा रेलवे स्टेशन पर नाबालिग का रेस्क्यू



**साहिबगंज:** मालदा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं ए. के. कुल्लू, मंडल सुरक्षा आयुक्त, आरपीएफ, मालदा के पर्यवेक्षण में, ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते" के अंतर्गत पूर्व रेलवे के मालदा मंडल की रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट बरहरवा द्वारा 21 दिसंबर 2025 को बरहरवा रेलवे स्टेशन से एक नाबालिग बालिका को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। ट्रेन संख्या 13430 आनंद विहार टर्मिनलझमालदा टाउन साप्ताहिक एक्सप्रेस में एक नाबालिग बालिका के अकेले यात्रा करने की सूचना प्राप्त होने पर, सतर्क आरपीएफ टीम द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए बरहरवा रेलवे स्टेशन पर आवश्यक समन्वय किया गया। ट्रेन बरहरवा रेलवे स्टेशन पहुंचने पर, आरपीएफ टीम ने लगभग 15 वर्ष आयु की नाबालिग बालिका को सुरक्षित बरामद किया, जो बिना टिकट अथवा वैध दस्तावेजों के इधर-उधर घूमती हुई पाई गई। पूछताछ के दौरान यह ज्ञात हुआ कि उक्त बालिका ने भागलपुर रेलवे स्टेशन से यात्रा प्रारंभ की थी। सभी आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूर्ण करने के उपरांत, नाबालिग बालिका को परामर्श एवं पुनर्वास हेतु बाल संरक्षण मंथन, साहिबगंज को सुरक्षित रूप से सौंप दिया गया।आरपीएफ, मालदा मंडल की यह त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई रेलवे परिसर में नाबालिगों की सुरक्षा एवं यात्रियों की संरक्षा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को पुनः रेखांकित करती है। आरपीएफ यात्रियों से अपील करती है कि रेलवे परिसर में किसी भी संदिग्ध अथवा असहाय नाबालिग को देखकर तुरंत निकटतम आरपीएफ कर्मियों को सूचित करें।

### मॉडल कॉलेज राजमहल ने राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया



**साहिबगंज :** मॉडल कॉलेज राजमहल, में सोमवार को राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रणजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि एवं जागरूकता विकसित करना था। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में डॉ. रमजान अली ने राष्ट्रीय गणित दिवस के इतिहास एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह दिवस महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की स्मृति में मनाया जाता है, जिनका योगदान विश्व गणित के क्षेत्र में अमूल्य है। वहीं डॉ. अमित कुमार ने अपने वक्तव्य में महान गणितज्ञ रामानुजन के जीवन, संघर्ष एवं उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य डॉ. रणजीत कुमार सिंह ने महान गणितज्ञ रामानुजन को नमन करते हुए कहा कि गणित हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग है। हमारे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र—चाहे वह शिक्षा हो, व्यापार हो या तकनीक—हर जगह गणित का प्रयोग होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे कैलकुलेटर पर निर्भर होने के बजाय अपने मस्तिष्क का अधिक प्रयोग करें, जिससे उनकी तार्किक एवं विश्लेषणात्मक क्षमता का विकास हो सके। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने सभी उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को राष्ट्रीय गणित दिवस की शुभकामनाएँ दीं। मौके पर डॉ विवेक कुमार महतो,समित साहा, सहित दर्जनों छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

### बीच गंगा में फंसी फेरी सेवा एलसीटी



**साहिबगंज:** गंगा में पानी की कमी से फेरी सेवा पर एक बार फिर संकट मंडराने लगा है। सोमवार को मनिहारी जा रही एलसीटी निर्माणधीन गंगा पुल में एक पिलर के करीब फंस गई। मशक्कत के बाद एलसीटी मनिहारी पहुंची। इस दौरान यात्रियों में खलबली मच गई थी। यात्रा कर रहे एक यात्री ने बताया की साहिबगंज से एलसीटी 2:30 खुली थी। दोपहर लगभग 3:10 बजे गंगा पुल पिलर के निकट उसका इंजन बंद हो गया। इसके बाद दूसरा इंजन स्टार्ट किया गया। लेकिन उसका भी बेल्ट उतर गया। तब एलसीटी को स्थिर करने के लिए झगगड़ गिराया गया। काफी मशक्कत के बाद दूसरे इंजन का बेल्ट चढ़ा कर लगभग 40 मिनट के बाद एलसीटी को चालू किया जा सका। जिसके बाद शाम 3:50 बजे एलसीटी मनिहारी पहुंची।

# शिमला से भी ठंडा राजगीर, पारा 7°C से नीचे लुढ़का





## बिहार के 5 जिलों का तापमान 10°C से नीचे; कोल्ड-डे के कारण 9 जिलों में स्कूल बंद

**पटना।** बिहार में लगातार ठंड बढ़ रही है। पिछले 4 दिनों से आधे से ज्यादा बिहार में सूरज नहीं निकला है। पछुआ हवा ने कनकनी बढ़ा दी है। इधर, पटना से सटे राजगीर में शिमला, देहरादून, रांची और भोपाल से भी ज्यादा ठंड पड़ रही है। शिमला का तापमान 7°C है, जबकि नालंदा के राजगीर में पारा 7°C से लुढ़क कर 6.6°C हो गया है। बिहार के 5 जिलों का तापमान 10त्उ से कम है।शिवहर में ठंड को लेकर सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों को 23 दिसंबर तक बंद किया दिया गया है। बिहार में कड़ाके की ठंड और गिरते तापमान को देखते हुए पूर्णिया, अररिया, सीवान, भोजपुर, गोपालगंज और सीतामढ़ी में 24 दिसंबर तक सभी स्कूल बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। वहीं मुजफ्फरपुर में स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। गोपालगंज में भी स्कूलों को 24 दिसंबर तक स्कूल बंद किए गए हैं।मौसम विभाग ने आज यानी सोमवार को प्रदेश के 24 जिलों में घने कोहरे और कोल्ड-डे को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में घना कोहरा भी छाया रहेगा। सोमवार की सुबह, पटना,नालंदा, औरंगाबाद और छपरा में घना कोहरा छाया रहा। नालंदा में विजिबिलिटी 20 मीटर से भी कम है।मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, आने वाले एक हफ्ते में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज हो सकती है, जिससे ठंड और ज्यादा बढ़ेगी। पिछले 24 घंटे के दौरान बिहार के कई जिलों में सुबह और देर रात घना कोहरा छाया रहा। गयाजी में का न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, 25 दिसंबर के बाद पूरे बिहार में कोल्ड-डे की स्थिति बन सकती है। इस दौरान दिन के समय में भी तापमान सामान्य से काफी नीचे रहेगा। इससे दिन-रात हाड़ कंपाने वाली ठंड महसूस की जाएगी। कोहरे के कारण तीन फ्लाइट रद्द, 13 लेट कोहरे की वजह से विमानों और ट्रेनों की लेटलतीफी जारी है। विजिबिलिटी कम होने से रविवार को एअर इंडिया की पटना-दिल्ली और इंडिगो की पटना-कोलकाता एवं पटना-चेन्नई की फ्लाइट रद्द रही। वहीं 13 जोड़ी विमान लेट रहे। एयरलाइंस सूत्रों के अनुसार, मौसम विभाग ने सोमवार की सुबह भी पटना में घने कोहरे का पूर्वानुमान जारी किया है। ऐसे में सुबह की दिल्ली और कोलकाता की एक-एक फ्लाइट रद्द रह सकती है। 10 जोड़ी विमानों का ऑपरेशन 1 से 2 घंटे तक देरी से हो सकता है। अपने विमान का समय देख कर ही घर से निकलें।मौसम वैज्ञानिक गौरव कुमार के अनुसार, निचले क्षोभमंडल में घने कोहरे की परत जमा है। साथ ही उच्चस्तरीय बादल रहने के कारण सूर्य की किरणें धरती तक नहीं पहुंच पा रही हैं। इसी वजह से दिन में अधिकतम तापमान नहीं बढ़ने से कोल्ड डे की स्थिति बनी हुई है। फिलहाल राज्यभर में अधिकतम तापमान सामान्य से 4 से 6 डिग्री सेल्सियस कम है। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि, पश्चिमी उत्तर भारत में समुद्र तल से 12.6 किलोमीटर की ऊंचाई पर 125 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से पश्चिमी जेट स्ट्रीम सक्रिय है। साथ ही 25 दिसंबर से एक पश्चिमी विक्षोभ हिमालय क्षेत्र में विकसित हो रहा है। इसका असर बिहार के मौसम पर भी पड़ेगा और ठंडी पछुआ हवाओं के कारण तापमान में गिरावट जारी रहेगी। आगे कैसा रहेगा मौसम23 दिसंबर- उत्तर और दक्षिण-पश्चिम के जिलों के एक-दो स्थानों पर घना कोहरा छाएगा। अगले तीन दिनों के दौरान राज्य के शेष भागों के कुछ स्थानों में हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाए रहने की संभावना है। पटना में कैसा रहेगा मौसम राजधानी पटना में आने वाले दिनों में सुबह और रात के समय घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। न्यूनतम तापमान में गिरावट के कारण यहां भी कोल्ड-डे की स्थिति बन सकती है। दिन में धूप निकलने की संभावना कम है, जिससे ठंड का असर बना रहेगा।मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों के अनुसार, पछुआ हवा की गति कम होने और वातावरण में अधिक नमी के कारण ठंड और कोहरे की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने बताया कि जब हवा शांत रहती है और नमी अधिक होती है, तब तापमान दिन में भी नहीं बढ़ पाता। इसी कारण कोल्ड-डे जैसी स्थिति बन रही है। आने वाले कुछ दिनों तक ठंड और कोहरे का असर बना रह सकता है।

### अररिया, सीवान, भोजपुर, गोपालगंज और सीतामढ़ी में स्कूल बंद




शिवहर में ठंड को लेकर सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों को 23 दिसंबर तक बंद किया दिया गया है। बिहार में कड़ाके की ठंड और गिरते तापमान को देखते हुए पूर्णिया, अररिया, सीवान, भोजपुर, गोपालगंज और सीतामढ़ी में 24 दिसंबर तक सभी स्कूल बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। वहीं मुजफ्फरपुर में स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। गोपालगंज में भी स्कूलों को 24 दिसंबर तक स्कूल बंद किए गए हैं।

# हिजाब विवाद के बीच मोदी-शाह से मिले नीतीश

## PM से 30 मिनट तक बातचीत; मंत्रिमंडल विस्तार और पॉलिसीज के फाइनेंशियल इशू पर चर्चा





**पटना।** PM से 30 मिनट तक बातचीत; मंत्रिमंडल विस्तार और पॉलिसीज के फाइनेंशियल इशू पर चचार्सीएम नीतीश कुमार ने हिजाब विवाद के बीच सोमवार को दिल्ली में पीएम मोदी और अमित शाह से मुलाकात की है। पीएम और नीतीश कुमार के बीच करीब 30 मिनट तक बातचीत हुई। नीतीश के साथ केंद्रीय मंत्री ललन सिंह और बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी भी मौजूद रहे। तीनों एक ही कार से पीएम हाउस पहुंचे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार को पटना से दिल्ली के लिए रवाना हुए थे। बिहार विधान सभा चुनाव में भारी जीत के बाद ये उनका पहला बिहार दौरा है।हिजाब विवाद को लेकर मोदी और शाह नीतीश कुमार से बात कर सकते हैं। हिजाब हटाने के बाद से नुरसत परवीन ने अब तक नौकरी जॉइन नहीं की है। देश से लेकर विदेशों में नीतीश कुमार को लेकर बयानबाजी हो रही है। ठउअ नहीं चाहेगी की 2026 में होने वाले बंगाल चुनाव पर इसका कोई असर पड़े।मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर भी नीतीश मोदी और शाह से चर्चा कर सकते हैं। हाल ही में नितिन नबीन ने मंत्री पद से इस्तीफा दिया है। उनके पास 2 विभागों की जिम्मेदारी थी। पॉलिसीज के फाइनेंशियल इशू को लेकर भी मोदी और शाह से बात हो सकती है। महिला रोजगार योजना के तहत दिए जाने वाले 10-10 हजार को लेकर भी चर्चा संभव है। नीतीश ने अमित शाह से भी की मुलाकात पीएम मोदी से मुलाकात करने के बाद नीतीश कुमार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आवास पहुंचे। शाह और नीतीश कुमार की लगभग 20 मिनट तक मुलाकात हुई। बताया जाता है कि, इस दौरान दोनों के बीच राज्यसभा सीट और बिहार के विकास के रोड मैप पर बात हुई। दरअसल, 15 दिसंबर को CM नीतीश कुमार आयुष डॉक्टरों को नियुक्ति पत्र बांट रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने एक महिला डॉक्टर नुसरत को पहले तो नियुक्ति पत्र दे दिया। इसके बाद उसे देखने लगे। महिला भी मुख्यमंत्री को देखकर मुस्कुराई। CM ने हिजाब की ओर इशारा करते हुए पूछा कि ये क्या है जी। महिला ने जवाब दिया, हिजाब है सर। CM ने कहा कि हटाइए इसे। इसके बाद मुख्यमंत्री ने खुद अपने हाथ से महिला का हिजाब हटा दिया। इस दौरान डिप्टी CM सम्राट चौधरी नीतीश कुमार को रोकने के प्रयास में उनकी आस्तीन खींचते हुए नजर आए। हिजाब हटाने से महिला थोड़ी देर के लिए असहज हो गई। आसपास मौजूद लोग हंसने लगे। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने महिला को नियुक्ति पत्र फिर थमाया और जाने का इशारा किया। महिला फिर वहां से चली गई।

## पटना में नाव से शराब की तस्करी डिलीवरी से पहले खेप बरामद



**पटना।** क्रिसमस और न्यू ईयर सेलिब्रेशन को लेकर शराब तस्कर एक्टिव है। अलग अलग तरीके से शहर में शराब की खेप लाई जा रही है। रविवार देर रात पटना पुलिस ने गंगा नदी किनारे रेड की है। जिसमें नाव के साथ 15 बोरा देसी शराब पकड़ी गई है। पुलिस को तस्करी की खबर जैसी मिली, रात में करीब 12 बजे लाइव जैकेट पहनकर रेड करने पहुंच गई। पुलिस को देखते ही तस्करों ने गंगा में छलांग लगा दी। अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। TOP प्रभारी शमशाद अहमद ने बताया कि गंगा पार दियारा से शराब लाई जा रही थी। इनपुट के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची। मौके से जनरेटर नाव, 15 बोरा देसी शराब पकड़ी गई है। पटना में इसकी डिलीवरी होने वाली थी।सचिवालय थाने की पुलिस ने रविवार को स्टेशन के पास से भी शराब बरामद की थी। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ अज्ञात लोग ट्रेन से शराब उतारकर बाइक से ले जा रहे हैं। इसी सूचना के आधार पर जब पुलिस वहां पहुंची तो तस्कर भागने लगे। पकड़कर तलाशी ली गई तो उनके पास से 8 बैग में 82.89 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। पकड़े गए तस्करों में जक्कनपुर निवासी शुभम कुमार और गर्दनीबाग के अंशु कुमार, पवन कुमार, अभिजित कुमार शामिल है। एक नाबालिग की भी इसमें संलिप्तता है। 3 बाइक और 5 मोबाइल इनके पास से बरामद किए गए हैं। बढ़ाई गई पेट्रोलिंग पुलिस एक तरफ शराब पकड़ने के लिए पेट्रोलिंग बढ़ाई है। तो दूसरी तरफ तस्कर भी नए नए हथकंडे अपना रहे हैं। लगातार शराब पटना पहुंचने के बाद बरामद हो रही है। तस्करों में पुलिस से पकड़े जाने का खौफ ट्रेंड के हिसाब से नहीं दिख रहा है।

# गर्लफ्रेंड ने भाइयों के साथ मिलकर बॉयफ्रेंड को मार डाला


जुल्फकार
मृतक

**किशनगंज।** में एक युवक की ईंट-पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी गई। हत्या करने के बाद आरोपियों ने 5 बार शरीर को गाड़ी से रौंदा, फिर शव को सड़क किनारे फेंक दिया। इस मामले में पुलिस ने मृतक की गर्लफ्रेंड और उसके दो भाइयों समेत 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि मृतक युवक जुल्फकार(25) का गिरफ्तार लड़की से अफेयर चल रहा था। 19 दिसंबर की रात लड़की ने जुल्फकार को अररिया जिले के पडरिया गांव से मिलने के लिए बुलाया। दोनों किसी सुनसान जगह पर मिल रहे थे, तभी भाइयों ने देख लिया। फिर पीट-पीटकर उसको मार डाला। हत्या को एक्सीडेंट में बदलने के लिए गाड़ी से रौंद दिया। लड़की ने पुलिस को बताया, 18 दिसंबर को जुल्फकार से फोन पर बात की। उसको मिलने के लिए बुलाया, लेकिन उसने 19 दिसंबर को आने की बात कही। हम दोनों ने घर के पीछे मिलने प्लानिंग। हमारी बात भाइयों ने सुन ली और फिर हत्या की साजिश रच दी।20 दिसंबर को देर रात 12 बजे जुल्फकार घर के पीछे मिलने पहुंचा। हम दोनों आपत्तिजनक स्थिति में थे, तभी मेरे दोनों भाई मो.आदम और सहजाद आलम ने देख लिया। गुस्साए भाइयों ने जुल्फकार को पकड़कर घसीटते हुए घर के पास ले गए। मैं अपने भाइयों से छोड़ने की गुहार लगाती रही। हमने कहा- हम दोनों की शादी करवा दीजिए। हमारी रिक्वेस्ट को दोनों दोनों भाई और माता-पिता ने स्वीकार कर लिया। करीब 10 मिनट तक मौके पर सन्नाटा पसरा हा, इस के बाद जुल्फकार ने धीमी आवाज में कहा, मैं शादी नहीं कर सकता, क्योंकि मैं पहले से ही शादीशुदा हूं। मेरी 3 साल पहले शादी हो चुकी है। 2 साल का बच्चा भी है। ये बात सुनते ही मैं हैरान रह गई। जुल्फकार की शादी की बात जानकर मैं गुस्से में आ गई और भाइयों से पीटने को कहा। इसके बाद हम, हमारे दोनों भाई और उसके एक साले ने जुल्फकार की बेहरमी से पिटाई की। लाठी-डंडे से सिर पर हमला किया। इस दौरान उसकी मौत हो गई। हत्या को दुर्घटना दिखाने के लिए शव को घर से करीब 2KM दूर सड़क पर ले गए। इसके बाद भाइयों ने गाड़ी से जुल्फिकार की बॉडी को पांच बार रौंदा, फिर शव को सड़क किनारे फेंक कर मौके से निकल भागे। 8 महीने पहले दोनों की हुई थी पहली मुलाकात हत्याकांड का खुलासा करते हुए SP सागर कुमार ने बताया, जुल्फकार और खुशबू 8 महीने पहले मई 2025 में एक पार्टी में मिले थे। इस दौरान दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई। 2 महीने बाद जुलाई 2025 में एक बार फिर किसी रिश्तेदार की शादी में मिले, जहां दोनों ने एक-दूसरे से अपना नंबर एक्सचेंज किया। करीब 6 महीने से दोनों के बीच अफेयर चल रहा था। दोनों अक्सर छिप-छिपकर मिला करते थे। जुल्फकार 15-15 दिनों पर खुशबू से मिलने के लिए अररिया से किशनगंज आता था।घटनास्थल से मृतक की मोटरसाइकिल बरामद की गई, लेकिन उस पर किसी प्रकार की खरोंच नहीं थी। इससे पुलिस को संदेह हुआ। मृतक की पत्नी हसने आरा ने टेढ़ागाछ थाने में लिखित शिकायत देकर अज्ञात लोगों पर हत्या का आरोप लगाया। इसके आधार पर टेढ़ागाछ थाना कांड संख्या 234/25 दर्ज कर जांच शुरू की। सुबह 4 बजे के करीब आरोपी मृतक को बीच सड़क पर छोड़कर फरार हो गए थे। घटना किशनगंज के टेढ़ागाछ थाना क्षेत्र की है। मामला 20 दिसंबर 2025 का है।

आरोपियों की पहचान कर ली गई है।

## संक्षिप्त डायरी

### 1.5 लाख रुपए और 5 लाख के गहने छीने



**जहानाबाद।** में काको सड़क पर अलगाना मोड़ के पास एक आभूषण दुकानदार से लूट की घटना हुई है। 2 मोटरसाइकिल पर सवार 4 अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर दुकानदार से डेढ़ लाख रुपए नगद और 5 लाख रुपए के जेवरात लूट लिए। पीड़ित दुकानदार अनिल कुमार काको थाना क्षेत्र के मिश्र बीघा गांव के निवासी हैं और जहानाबाद शहर के निजामुद्दीन पर मोहल्ले में आभूषण की दुकान चलाते हैं। रविवार रात को वह अपनी दुकान बंद कर घर जा रहे थे। उनके पास दुकान की बिक्री के डेढ़ लाख रुपए नगद और 5 लाख रुपए के जेवरात एक बैग में थे। जैसे ही अनिल कुमार अलगाना मोड़ के पास पहुंचे, दो मोटरसाइकिल सवार अपराधी उनके पास आए और उन्हें घेर लिया। जब उन्होंने भागने का प्रयास किया, तो अपराधियों ने उन्हें पकड़ लिया और उनकी मोटरसाइकिल गिरा दी। अपराधियों ने बैग छीनने की कोशिश की, जिस पर दुकानदार और उनके बीच हाथापाई हुई। इसी दौरान, दूसरी तरफ से दो और अपराधी मोटरसाइकिल पर पहुंचे। उन्होंने हथियार निकाल कर दुकानदार पर तान दिया। हथियार देखकर आभूषण दुकानदार अपनी जान बचाने के लिए वहां से भाग गए। इसके बाद अपराधी बैग लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। SDPO संजीव कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी है। संजीव कुमार ने बताया कि एक आभूषण दुकानदार से नकदी और जेवरात की लूट हुई है। पुलिस अपने स्तर पर मामले की जांच कर रही है। आसपास लगे CCTV फुटेज खंगाले जा रहे हैं और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। SDPO ने जल्द से जल्द अपराधियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है।

## दाखिल खारिज में भूमिहार लिख दिया गया, पहले भूमिहार-ब्राह्मण था



**मुजफ्फरपुर।** राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने जमीन से जुड़े मामलों को लेकर एक्शन में हैं। सोमवार को वो मुजफ्फरपुर पहुंचे। वहां उन्होंने लोगों की शिकायतें सुनीं और अधिकारियों को फटकार लगाई।जनता दरबार में एक शख्स शिकायत लेकर आया कि उसके खतियान में भूमिहार लिखा गया है। यहां ज्यादातर लोग ब्राह्मण भूमिहार जाति के लोग आए हैं। इस पर विजय सिन्हा ने कहा कि, ये किसी जाति की बैठक नहीं, बिहारियों की बैठक है। बिहारियों के कल्याण के लिए हम यहां बैठे हैं। इस पर फरियादी ने कहा कि, आपके विभाग ने पर्ची बांटी है। हमारे खतियान में भूमिहार ब्राह्मण लिखा था, अब केवल भूमिहार कर दिया गया है। डिप्टी उट ने कहा, जो खतियान में लिखा गया है वो सही होगा। भूमिहार ब्राह्मण ही लिखा जाएगा। पहले जो चलता था वही चलेगा उसमें कोई बदलाव नहीं होगा। इसमें कोई गड़बड़ी नहीं करेगा।विजय सिन्हा ने कहा कि, सरकारी जमीन में गलत तरीके से दाखिल-खारिज (म्यूटेशन) किया गया या किसी भी तरह की हेराफेरी हुई। तो एक्शन केवल बर्खास्तगी तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि ऐसे दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों की संपत्ति भी जब्त की जाएगी।विजय सिन्हा ने लोगों से अपील की कि किसी भी समस्या के लिए वे सबसे पहले- अंचल कार्यालय और थाने में शिकायत दर्ज करें इसके बाद मामला अनुमंडल पदाधिकारी और जिलाधिकारी तक ले जाएं अगर फिर भी समाधान न मिले तो मंत्री स्तर पर सुनवाई की जाएगी उन्होंने कहा कि जिन लोगों की कहीं भी सुनवाई नहीं हुई, उनकी शिकायतें प्राथमिकता पर ली जाएंगी।पटना में गुरुवार को ज्ञान भवन में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने भूमि सुधार जनकल्याण कार्यशाला का आयोजन किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा एक उड के खराब प्रदर्शन पर नाराज दिखे। उन्होंने लापरवाही बरतने वालों को चेतावनी दी। कहा कि, सभी उड को अपने काम में सुधार के लिए सिर्फ एक मौका दिया जाएगा। इसके बाद भी कार्यशैली में सुधार नहीं हुआ तो ऐसे अधिकारियों को बाढ़ के दौरान फील्ड में नहीं रहने दिया जाएगा

## 'मां-बेटी की जोड़ी सिर्फ कथावाचक से रुपए ऐंठना चाहती हैं



**दरभंगा।** महिला विकास मंच की राष्ट्रीय संरक्षक वीणा मानवी ने कहा है कि दरभंगा के महंत और कथावाचक पर रेप और अबॉर्शन का आरोप लगाने वाली नाबालिग और उसकी मां सिर्फ रुपए ऐंठना चाहती हैं। उन्होंने एक वीडियो जारी कर कहा कि दोनों पक्षों की तीन बार काउंसिलिंग हुई है। काउंसिलिंग में मामला 25 लाख के सेटलमेंट पर आ गया था। लेकिन जब कथावाचक तय समय पर जब पैसा देने आए, तो नाबालिग और उसकी मां ने 1 करोड़ रुपए और दरभंगा में एक कट्ठा जमीन की डिमांड कर दी। वीणा मानवी ने कहा कि आरोप पैसे ऐंठने के लिए लगाए गए हैं। उन्होंने वीडियो में कहा कि 20 अगस्त को मेरे पास नाबालिग की ओर से एक आवेदन दिया गया था। आवेदन में नाबालिग की ओर से कहा गया था कि शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण किया गया है। आरोपी एक कथावाचक हैं। आवेदन मिलने के बाद मैंने दोनों पक्षों को एक साथ बैठाया। कथावाचक अपनी टीम के साथ आए थे, जबकि नाबालिग अपनी मां के साथ आई थी। दोनों पक्षों की तीन बार काउंसिलिंग की गई। दरअसल, 3 दिसंबर को दरभंगा के लहेरियासराय महिला थाना में पहुंची 17 साल की एक नाबालिग ने दरभंगा के कथावाचक 31 साल के श्रवण दास पर शादी का झांसा देकर रेप और दो बार अबॉर्शन का आरोप लगाया था। मामले में 19 दिसंबर को पोक्सो और संबंधित धाराओं के तहत आरोपी कथावाचक के खिलाफ FIR दर्ज की गई थी। हालांकि, इससे पहले 8 दिसंबर को कथावाचक की ओर से एक वीडियो जारी कर खुद को निर्दोष बताया गया था। फिलहाल, आरोपी कथावाचक फरार है। अब इस मामले में महिला विकास मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष वीणा मानवी का वीडियो सामने आया है।वीणा मानवी ने कहा कि गलतियां हुई हैं या नहीं, ये जांच का विषय है, क्योंकि एक वीडियो सामने आया है, जिसमें कथावाचक नाबालिग को माला पहना रहे हैं, सिंदूर लगा रहे हैं। हालांकि, इस बारे में कथावाचक का कहना है कि उन्होंने खुद की इज्जत बचाने के लिए ये सब किया है। लेकिन काउंसिलिंग में मामला 25 लाख रुपए की सेटलमेंट पर आ गया।

दूसरी काउंसिलिंग में पैसा देने की बात थी। लड़की की मां से मेरी बातचीत भी हुई। कथावाचक भी अपनी टीम के साथ पैसा लेकर आए थे। लेकिन बाद में दूसरी काउंसिलिंग में ही नाबालिग की मां ने कहा कि हमें 25 लाख रुपए नहीं एक करोड़ रुपए और दरभंगा में एक कट्ठा जमीन चाहिए, तब मामला रफा-दफा करेंगे। नहीं तो कथावाचक शादी करके मेरी बेटी को अपने साथ रखें।महिला विकास मंच की संरक्षक ने कहा कि अब सवाल ये है कि आखिर 2 साल बाद तक नाबालिग और उसकी मां कहां थी। अगर नाबालिग के साथ रेप हुआ, अबॉर्शन कराया गया, तो उसने उस वक्त शिकायत क्यों नहीं की। जैसे ही नाबालिग की मां ने 25 लाख से 1 करोड़ की डिमांड की, मुझे समझ आ गया कि सारा मामला सेटलमेंट का है, पैसे के खेल का है।नाबालिग को शादी का झांसा देकर रेप और अबॉर्शन के मामले में 20 दिसंबर को आरोपी कथावाचक श्रवण दास महाराज उर्फ श्रवण ठाकुर के खिलाफ महिला थाना में पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। FIR में श्रीराम जानकी मंदिर और पचाढ़ी स्थान के महंत राम उदित दास उर्फ मौनी बाबा को भी आरोपी बनाया गया है। नाबालिग की मां की ओर से दर्ज कराई गई FIR में आरोप लगाया गया है कि कथावाचक ने नाबालिग को शादी का झांसा देकर एक साल तक शारीरिक शोषण किया। नाबालिग जब प्रेग्नेंट हो गई, तो आरोपी ने दो बार उसे अबॉर्शन की दवा भी खिलाई।



# ब्लीच करवाती है तो इन बातों का भी रखें ख्याल

आमतौर पर महिलाएं व लड़कियां अपनी त्वचा की रंगत निखारने के लिए पार्लर में ब्लीच करवाती है या कई बार घर पर खुद ही करती है। अगर आप भी घर पर खुद से ब्लीच करती हैं तो ये 10 बातें आपको जरूर जानना चाहिए –

- चेहरे को साफ-सुथरा व कांतिमय बनाने के लिए 'ब्लीच' एक बेहतर विकल्प है। ब्लीच आपकी त्वचा के अनचाहे बालों को छिपाने के साथ ही त्वचा में सोने सा निखार भी लाता है।
- ब्लीच का इस्तेमाल हाथ, पैर व पेट पर भी वेक्स के विकल्प के रूप में किया जा सकता है।
- ध्यान रहे ब्लीच में अमोनिया की मात्रा निर्देशानुसार ही मिलाए। इसमें अमोनिया की अधिक मात्रा आपके चेहरे को नुकसान पहुंचा सकती है।
- इसे लगाते समय बस इस बात का जरूर ध्यान रखें कि यदि यह आंखों के ऊपर लग गया तो बहुत अधिक नुकसानदेह हो सकता है। बेहतर होगा कि आप इसे आंखों व आई ब्रो पर नहीं लगाएं।
- आजकल बाजार में कई प्रकार की कंपनियों के ब्लीच उपलब्ध हैं, जिनके ट्रायल पैक का इस्तेमाल कर आप उन्हें अपनी स्कीन पर आजमा सकती है।
- बॉक्स पर दिए गए निर्देशानुसार ही ब्लीच क्रीम में अमोनिया पावडर की मात्रा डालें।
- क्रीम और पावडर के इस मिश्रण को पहले कोहनी पर या अन्य जगह पर लगाकर देखें।
- त्वचा में अधिक जलन होने पर मिश्रण में क्रीम की मात्रा बढ़ाएं।
- हमेशा ब्रांडेड कंपनी का ही ब्लीच इस्तेमाल करें।



# सिर्फ 5 मिनट में मिटेगी सिर की खुजली, स्कैल्प में लगाएं ये नैचरल हर्ब

**अगर आपके सिर में बहुत खुजली हो रही है और इस कारण डैंड्रफ भी परेशान कर रहा है तो आपको कहीं बाहर जाने की जरूरत नहीं है। बल्कि अपना फ्रिज खोलकर चुटकियों में इस समस्या का समाधान कर सकते हैं.**

- सिर की खुजली एक आम समस्या है। हर मौसम में अलग-अलग कारणों से यह समस्या परेशान कर सकती है। यदि आप भी इसका सामान कर रहे हैं तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। बल्कि आप यहां बताए गए तरीके से सिर्फ 5 मिनट में अपने सिर की खुजली से राहत पा सकते हैं।
- यह तरीका अपनाने के लिए आपको चाहिए एक नींबू और दो चम्मच सादा पानी (मिनरल वॉटर होगा तो और भी अच्छा रहेगा)। इसके बाद इन दोनों को मिलाकर अपने बालों की स्कैल्प में लगाना है। कैसे लगाना है और कितनी देर लगाना, इस बारे में यहां जानें.
- सबसे पहले आप 1 नींबू लेकर उसे काट लें और उसका रस निकाल लें। नींबू का रस निकालते समय आप कटोरी के ऊपर छलनी रखकर इसे निचोड़ें ताकि इसके रेशे और बीज, रस के साथ मिक्स ना रहें और छलनी में ही अलग हो जाएं।
- अब आप इस रस में दो चम्मच पानी मिला लें। यदि आपके बाल लंबे हैं तो आप दो नींबू ले सकते हैं और इसमें 4 चम्मच पानी मिला सकते हैं। नींबू और पानी के घोल को तैयार करने के बाद इसमें एक चम्मच गुलाबजल मिला लें।
- नींबू, पानी और गुलाबजल के मिश्रण को मुख्य रूप से बालों की जड़ों में लगाना है। ताकि आपके सिर की खुजली को शांत किया जा सके और डैंड्रफ को दूर किया जा सके। सिर की त्वचा में इस मिश्रण को लगाने के लिए आप आधे नींबू का वो छिलका लें, जिससे आपने रस निचोड़ा है।
- अब इस छिलके को तैयार मिश्रण में डुबोकर अपने बालों की जड़ों में हल्के हाथों से रगड़ते हुए लगाएं। आपको धीरे-धीरे यह काम करना है ताकि आपकी त्वचा इस लिक्विड को सोख सके और यह बहते हुए आपके चेहरे और गर्दन पर ना आए।
- इस मिश्रण को पूरे सिर में लगाने के बाद बालों की लंबाई में भी लगाएं। इसके बाद बालों को बांध लें और करीब आधा घंटा के लिए इसे ऐसे ही लगा रहने दें। जब आप इस मिश्रण को बालों में लगा रहे होंगे, आपकी खुजली तभी शांत होती जाएगी।
- हो सकता है कि सिर की त्वचा में हल्की-सी झनझनाहट हो, लेकिन यह 2 से 3 मिनट में ही ठीक हो जाएगी। आपको आधा घंटे के लिए यह मास्क लगाने के लिए इसलिए कहा जा रहा है ताकि आपके सिर से डैंड्रफ भी पूरी तरह गायब हो जाए।
- यदि आपको डैंड्रफ की समस्या नहीं है तो पूरे सिर में नींबू लगाने के 5 मिनट बाद भी आप अपने बालों को हर्बल शैंपू से धो सकते हैं। बस इस बात का ध्यान रखें कि शैंपू करने के लिए जिस पानी का उपयोग करें, वह निमाया (बहुत हल्का-सा गर्म) होना चाहिए। ताकि सर्दी के मौसम में आपको जुकाम ना हो।
- इस बात का ध्यान रखें कि नींबू बालों के लिए बहुत अधिक लाभकारी होता है लेकिन इसका बहुत अधिक उपयोग करने से बालों में रूखापन बढ़ सकता है। इसलिए यदि आप सप्ताह में एक सो दो बार बालों में नींबू लगाते हैं तो यह पर्याप्त है। इससे अधिक बालों में नींबू का उपयोग करने से रूखापन बढ़ सकता है।
- नींबू के रस में साइट्रिक एसिड और विटमिन-सी पाए जाते हैं। साथ ही नींबू का रस ऐंटिबैक्टीरियल गुणों से भरपूर होता है। यह सिर में खुजली करनेवाले बैक्टीरिया और फंगी इत्यादि को दूर करता है। स्कैल्प की गहरी सफाई करता है।
- गुलाबजल सिर में हो रही जलन और खुजली को शांत करने में सहायता करता है। यह सिर की त्वचा को टोन करता है और बालों की जड़ों में नमी को ब्लॉक करने में मदद करता है। ताकि सिर में डैंड्रफ ना आए।



# टीकाकरण कार्ड को अप-टू-डेट रखना प्रत्येक माता-पिता के लिए क्यों जरूरी है

**नए बच्चे का जीवन में आना हर मां-बाप के लिए एक रोमांचक समय होता है। चाहे वह नवजात शिशु को अपनी बाहों में उठाना हो या फिर बच्चे की जरूरतों के इर्द-गिर्द अपने जीवन को व्यवस्थित करना हो, पितृत्व की खुशियां किसी से कम नहीं होतीं। इस उत्साह के बीच, माता-पिता अक्सर उन जिम्मेदारियों का सामना करते हुए दिखते हैं, जिनके लिए वे तैयार ही नहीं थे। बच्चों की बहुत सारी जरूरतें होती हैं, खासकर तब जब उनके स्वास्थ्य की बात आती है। कई माता-पिता टीकाकरण की योजना बनाते समय अनिश्चितता में रहते हैं। जब आप पहली बार माता-पिता बनते हैं, तो शिशु का टीकाकरण अपरिहार्य यानी बेहद जरूरी- सा लगता है।**

बतौर माता-पिता अपने बच्चे को पूरी तरह से सुरक्षा देने के लिए प्रथम चरण के टीकाकरण को प्राथमिकता देना जरूरी है। जीवन के प्रारंभिक वर्षों के दौरान, बच्चों की प्रतिरक्षा प्रणाली लगातार विकसित हो रही होती है, जो उन्हें बहुत सारी बीमारियों के प्रति अतिसंवेदनशील बनाती है। सही टीकाकरण करके बच्चों को एक दर्जन से अधिक गंभीर बीमारियों से बचाया जा सकता है। वास्तव में, अप-टू-डेट टीकाकरण न केवल बच्चे के लिए, बल्कि उन सभी के लिए महत्वपूर्ण है, जो नियमित रूप से उसके आसपास रहते हैं।

## टीकाकरण का ध्यान रखना

आपके बच्चे के अधिकांश टीकाकरण जन्म और 6 साल के बीच पूरे होते हैं। कई टीके अलग-अलग उम्र में, और कॉम्बिनेशन में एक से अधिक बार दिए जाते हैं। इसका मतलब है कि आपको अपने बच्चे के हर टीके का सावधानीपूर्वक रिकॉर्ड रखना होगा। यद्यपि कभी-कभी आपका डॉक्टर / अस्पताल भी नजर रखेगा, लोग शहरों / डॉक्टरों को बदलते हैं, रिकॉर्ड खो जाते हैं, और इसलिए आपके बच्चे के टीकाकरण पर नजर रखने के लिए अंतत: जिम्मेदार व्यक्ति आप ही हैं।

## टीकाकरण कार्ड बच्चे के अच्छे स्वास्थ्य का पासपोर्ट

टीकाकरण की प्रक्रिया को सरल बनाने और माता-पिता को अपने बच्चे के टीकाकरण का ट्रैक रखने में मदद करने के लिए, टीकाकरण कार्ड होना जरूरी है। दुनिया भर के बाल रोग विशेषज्ञों द्वारा व्यापक रूप से रेकमेंडेड टीकाकरण कार्ड उपयोगी स्वास्थ्य रिकॉर्ड है, जिसमें टीकाकरण की तारीखों और खुराक के बारे में जानकारी शामिल होती है। अक्सर, माता-पिता टीकाकरण के महत्व के बारे में जानते हैं, लेकिन एक उचित रिकॉर्ड की कमी के कारण महत्वपूर्ण टीकाकरण छूट जाते हैं। इस जगह पर टीकाकरण कार्ड एक संगठनात्मक दस्तावेज के रूप में काम आता है, जिसमें सभी प्रकार का डेटा एक ही स्थान पर रखा जाता है, ताकि माता-पिता अपने बच्चे के स्वास्थ्य पर नजर रख सकें। अपने बच्चे के टीकाकरण कार्ड के बारे में सोचें और इसे अपने अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ संभालकर रखें। आप यहां से आसानी से पढ़ा जाने वाला टीकाकरण कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

## टीकाकरण कार्ड इतना महत्वपूर्ण क्यों है

रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) की सिफारिश है कि बच्चों को टीकाकरण कार्ड में उल्लिखित अनुसूची के अनुसार टीका लगाया जाना चाहिए। यह बाल रोग विशेषज्ञों द्वारा रेकमेंडेड है, ताकि बच्चों में समय पर ढंग से रोग प्रतिरोधक क्षमता का निर्माण किया जा सके, जो जानलेवा बीमारियों में बदल सकता है। जब बच्चे एक विशेष उम्र तक पहुंच जाते हैं, तो वे कुछ बीमारियों के प्रति अतिसंवेदनशील हो जाते हैं। तो इसलिए एक सारणी का पालन करना आवश्यक है, जो सुरक्षित और विज्ञान पर आधारित हो। इसके अलावा यह बार-बार बच्चे को हेल्थ केयर प्रोवाइडर के पास ले जाने से भी बचाता है और मां को उसके बच्चे के स्वास्थ्य पर नियंत्रण की समझ भी देता है। उम्र के हिसाब से टीकाकरण आम तौर पर माता-पिता पहले वर्ष के टीकाकरण का विवेकपूर्ण तरीके से पालन करते हैं और जैसे-जैसे उनका बच्चा बढ़ता है, वैसे-वैसे वे आगामी टीकाकरण के प्रति लापरवाही बरतने लगते हैं। बच्चे के जीवन में पहले पांच साल उनकी वैक्सीनेशन जर्नी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और टीके नीचे दिए गए हैं :



**जन्म पर :**
बीसीजी ( ट्रूबर्क्यूलोसस), हेपेटाइटिस बी
ओपीवी (ओरल पोलियो वैक्सीन)

**6 सप्ताह से 6 महीने के बीच :**
डीटीपी, हिब, हेप-बी, आईपीवी
पीसीवी (न्यूमोकोकल कंजुगेट वैक्सीन)
रोटावायरस

**6-12 महीनों के बीच :**
इन्फ्लुएंजा (5 वर्ष तक के बच्चों के लिए अनुशंसित)
एमएमआर (खसरा, गलसुआ और रूबेला)
टाइफाइड, मेनिंगोकोक्सल

**1-2 साल के बीच :**
हेपेटाइटिस-ए, चिकनपॉक्स, डीटीपी, हिब, आईपीवी
न्यूमोकोकल, एमएमआर

**2-6 साल के बीच :**
मेनिंगोकोक्सल, एमएमआर, डीटीपी, आईपीवी

इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स द्वारा टीकाकरण और टीकाकरण प्रथाओं, 2020-21 की सलाहकार समिति के अनुसार अनुसूची विशेष स्थितियों के लिए डीटीपी : डिप्थीरिया, टेटनस, पर्टुसिस ; हिब : हेमोफिलस इन्फ्लुएंजा टाइप बी ; हेप-बी : हेपेटाइटिस बी ; आईपीवी : इंजेक्शन पोलियो वैक्सीन

## टीकाकरण कार्ड के बारे में मुख्य जानकारी

टीकाकरण कार्ड सबसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य दस्तावेज में से एक है, जो एक बच्चे का होना जरूरी है। हमेशा अपने बाल रोग विशेषज्ञ के पास जाने के दौरान इसे अपने साथ रखें। माता-पिता की जिम्मेदारी है कि जब भी वो बाल रोग विशेषज्ञ के पास जाएं, तो कार्ड को जरूर अपडेट करवाएं। इस प्रकार, माता-पिता से यदि गलती से टीकाकरण चूक जाए या फिर ड्यू रह जाए, तो वह इसके लिए तैयार रह सकते हैं। ऐसे मामलों में तत्काल कदम उठाना चाहिए और सबसे पहले बाल रोग विशेषज्ञ से अगले टीकाकरण के लिए परामर्श करना चाहिए और चीजों को नियंत्रण में रखना चाहिए। माता-पिता को अधिक तैयार रखने के लिए इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स द्वारा इम्यूनाइज इंडिया ऐप जैसी कई मुफ्त डिजिटल टीकाकरण अनुस्मारक सेवाएं (डिजिटल वैक्सीनेशन रिमांइडर सर्विस) भी हैं। टीकाकरण कार्ड को मेंटेन करने के अलावा, ये ऐप्स सुनिश्चित करते हैं कि माता-पिता अपने बच्चों के स्वास्थ्य के बारे में अधिक सक्रिय हों। जब आपके बच्चे के अच्छे स्वास्थ्य की बात आती है, तो समय पर टीकाकरण ही उसे दीर्घकालिक सुरक्षा प्रदान कर सकता है और स्वस्थ जीवन के लिए जरूरी इम्यूनिटी बनाने में मदद कर सकता है।



# ईशान किशन के लिए एक और खुशखबरी, विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 के लिए झारखंड की करेंगे कप्तानी




**एडिलेड (एजेंसी)।** झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) ने घोषणा की है कि स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन आगामी विजय हजारे ट्रॉफी एलीट (वीएचटी) 2025/26 सत्र के लिए झारखंड टीम के कप्तान होंगे। वीएचटी 2025/26 सत्र 24 दिसंबर से शुरू होगा, जिसमें झारखंड का पहला मैच अहमदाबाद में कर्नाटक के खिलाफ खेला जाएगा। किशन के अलावा, वीएचटी 2025-26 सत्र के लिए झारखंड टीम में कुमार कुशाग्रा, अनुकूल रॉय, रॉबिन मिंज, अभिनव शरण और विराट सिंह भी शामिल हैं।

विजय हजारे ट्रॉफी 2025/26 के लिए झारखंड टीम- इशान किशन (विकेटकीपर और कप्तान), विराट सिंह, उत्कर्ष सिंह, कुमार कुशाग्र (विकेटकीपर और उप-कप्तान), रॉबिन मिंज, अनुकूल रॉय, शरणदीप सिंह, शिखर मोहन, पंकज कुमार (विकेटकीपर), बाला कृष्णा, एमडी कौनैन कुरैशी, शुभ शर्मा, अमित कुमार, मनीषी, अभिनव शरण, सुशांत मिश्रा, विकास सिंह, सौरभ शेखर, राजनदीप सिंह, शुभम सिंह.

झारखंड के लिए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (एसएमएटी) 2025/26 में शानदार प्रदर्शन करते हुए ईशान ने टीम को पहली बार एसएमएटी खिताब दिलाया। उन्होंने 10 पारियों में 57.44 के असाधारण औसत से 517 रन बनाए, जिसमें दो शतक और दो अर्धशतक शामिल थे। खास बात यह है कि उन्होंने हरियाणा के खिलाफ फाइनल में 101 रनों की मैच-विनिंग पारी खेलकर अपनी टीम को ट्रॉफी दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

SMAT में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद, किशन को ICC पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के लिए भारतीय टीम में वापस जगह मिली है। संजू सैमसन के बाद किशन को दूसरे विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में भारतीय टीम में शामिल किया गया है। सूर्यकुमार यादव आगामी टी20 विश्व कप में 15 सदस्यीय टीम की कप्तानी करेंगे। टी20आई टीम के उप-कप्तान रहे शुभमन गिल को फिटनेस और फॉर्म संबंधी चिंताओं के कारण टीम से बाहर कर दिया गया है, और अक्षर पटेल उप-कप्तानी की भूमिका में लौट रहे हैं।

# नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स: राफेल नडाल की मौजूदगी में लर्नर टिएन बने चैंपियन



**हांगझू (एजेंसी)।** जेद्दा- अमेरिकी युवा टेनिस खिलाड़ी लर्नर टिएन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स का खिताब अपने नाम कर लिया। रविवार को किंग अब्दुल्ला स्पोर्ट्स सिटी में खेले गए फाइनल मुकाबले में टिएन ने बेल्जियम के अलेक्जेंडर ब्लॉकक्स को 4-3(4), 4-2, 4-1 से हराया। इस यादगार मुकाबले के दौरान स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल भी स्टेडियम में मौजूद रहे।

पिछले साल खिताब से चूकने के बाद इस बार टिएन ने दमदार वापसी की। टूर्नामेंट की शुरुआत उनके लिए आसान नहीं रही थी। राउंड-रॉबिन चरण में स्पेन के राफेल जोडर के खिलाफ पहले मैच में वह चार मैच प्वाइंट का फायदा नहीं उठा सके और सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए उन्हें कड़ी मेहनत करनी पड़ी। हालांकि, इसके बाद उन्होंने जबरदस्त जुझारूपन दिखाते हुए ग्रुप स्टेज के बाकी दोनों मुकाबले एक सेट से पिछड़ने के बावजूद जीत लिए।

नॉकआउट चरण में टिएन ने अपने खेल का स्तर और ऊंचा उठाया और एक भी सेट गंवाए बिना फाइनल तक का सफर तय किया। खिताब जीतने के साथ ही वह स्टेफानोस सितसिपास (2018) और कार्लोस अल्काराज (2021) के बाद यह टूर्नामेंट जीतने वाले तीसरे टॉप सीड खिलाड़ी बने। इसके अलावा, वह ब्रैंडन नकाशिमा (2022) के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे अमेरिकी खिलाड़ी भी बने।

फाइनल में बाएं हाथ के टिएन ने महज 58 मिनट में क्लच और आक्रामक खेल का बेहतरीन नमूना पेश किया, जिसकी झलक कभी 22 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता राफेल नडाल के खेल में देखने को मिलती थी। हालांकि ब्लॉकक्स ने पहले सेट में एक भी फर्स्ट सर्व मिस नहीं की, लेकिन टाईब्रेक में टिएन ने धैर्य बनाए रखा और पहला सेट अपने नाम किया। इसके बाद उन्होंने मैच पर पूरी तरह नियंत्रण बना लिया और आसानी से खिताब जीत लिया।

खिताब जीतने के बाद टिएन ने कहा, 'मैं पिछले एक साल से इस ट्रॉफी को उठाने का इंतजार कर रहा था। इस साल मैंने कई ऐसे लक्ष्य हासिल किए, जिन्हें मैं पाना चाहता था। मेरे पास लक्ष्यों की एक लंबी सूची थी और उनमें से अधिकतर पूरे कर पाया। मैं वाकई बहुत खुश हूं।'

# इसी सप्ताह विजय हजारे ट्रॉफी में उतरेंगे रोहित और विराट




**मुम्बई (एजेंसी)।** अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली इसी माह 24 और 25 दिसंबर से विजय हजारे ट्रॉफी में खेलते नजर आयेंगे। इन दोनो ने ही हाल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया था। अब इन दोनो का लक्ष्य विजय हजारे ट्रॉफी में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर टीम में अपनी जगह बनाये रखना रहेगा। भारतीय टीम को अगले साल की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ भी खेलना है। ये दोनो ही उसमें भी बेहतर प्रदर्शन कर साल 2027 एकदिवसीय विश्वकप के लिए दौड़ में बने रहना चाहेंगे।

इंडियन प्रीमियर लीग से संन्यास के बाद से ही ये दोनों केवल एकदिवसीय में ही खेल रहे हैं। ऐसे में इन दोनो को ही लय में बने रहने भारतीय क्रिकेट बोर्ड ( बीससीआई ) ने घरेलू क्रिकेट खेलने की सलाह दी है। इसी कारण 24 दिसंबर को रोहित मुंबई के लिए जबकि 25 से विराट दिल्ली की तरफ से खेलते नजर आएंगे !

वहीं ये भी कहा जा रहा है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली जाने वाली एकदिवसीय सीरीज से रोहित और विराट को आराम दिया जा सकता है।

बीसीसीआई ने सारे खिलाड़ियों को लिए घरेलू क्रिकेट में खेलना अनिवार्य कर दिया है। जब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं चल रहा हो तो खिलाड़ियों को घरेलू मैच में खेलना होगा। बोर्ड के बनाए नियम में केवल चोटिल खिलाड़ियों को राहत मिलेगी। ऐसे में रोहित और विराट को भी एक दशक से अधिक समय के बाद घरेलू क्रिकेट खेलने को मजबूर होना पड़ा है। इसका एक कारण ये भी है एकदिवसीय मैच काफी कम होते हैं जिससे इन्हें अभ्यास के लिए घरेलू मैच खेलना जरुरी हो गया है।

# शुभमन गिल को टी20 वर्ल्ड कप टीम से बाहर करने पर पूर्व सिलेक्टर हैरान, इसकी उम्मीद नहीं कर रहे थे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप से पहले भारतीय टीम के चयन ने क्रिकेट जगत में बड़ी बहस छेड़ दी है। उप-कप्तान शुभमन गिल को 15 सदस्यीय टीम से बाहर किए जाने का फैसला कई दिग्गजों के लिए चौंकाने वाला रहा। भारत के पूर्व कप्तान और पूर्व चयन समिति अध्यक्ष क्रिस श्रीकांत ने इस फैसले पर खुलकर हैरानी जताई और कहा कि उन्हें चयनकर्ताओं से ऐसे साहसिक कदम की उम्मीद नहीं थी। हालांकि, उन्होंने इसके बावजूद मौजूदा चयन समिति की सराहना भी की।

### शुभमन गिल को बाहर करने पर श्रीकांत की हैरानी

क्रिस श्रीकांत ने कहा कि शुभमन गिल को टीम से बाहर किया जाना उनके लिए 'बड़ा झटका' था। उनके मुताबिक जब किसी खिलाड़ी को उप-कप्तान बनाया जाता है, तो यह साफ संकेत होता है कि टीम मैनेजमेंट उस पर भरोसा कर रहा है। ऐसे में बड़े टूर्नामेंट की पूर्व संध्या पर गिल को बाहर करना भारतीय क्रिकेट में बहुत कम देखने को मिलता है। श्रीकांत ने अपने यूट्यूब शो में कहा कि वह इस फैसले की उम्मीद नहीं कर रहे थे, खासकर तब जब गिल हाल ही में टेस्ट और वनडे टीम में नेतृत्व की जिम्मेदारी निभा चुके हैं।

### चयन समिति के फैसले की तारीफ

हालांकि अपनी हैरानी के बावजूद श्रीकांत ने अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति की तारीफ की। उन्होंने कहा कि चयनकर्ताओं ने एक ÷शानदार÷ और संतुलित टीम चुनी है, जो आधुनिक टी20 क्रिकेट की मांगों के अनुरूप है। उनका मानना है कि चयन समिति ने भावनाओं से ऊपर उठकर प्रदर्शन और टीम कॉम्बिनेशन को प्राथमिकता दी। श्रीकांत के अनुसार, यह फैसला भले ही कठोर लगे, लेकिन लंबे समय में टीम के लिए फायदेमंद हो सकता है।

### टी20आई में गिल का प्रदर्शन बना कमजोर कड़ी

शुभमन गिल का टी20 अंतरराष्ट्रीय रिकॉर्ड उनके खिलाफ गया। उन्होंने 15 टी20ढ्ढ मैचों में 140 से कम के स्ट्राइक रेट से 291 रन बनाए, जो एक टॉप-ऑर्डर बल्लेबाज से अपेक्षित आक्रामकता नहीं दिखाता। टी20 फॉर्मेट में तेज रन बनाने की जरूरत होती है और यहीं पर गिल पिछड़ते नजर आए। उनकी मौजूदगी के कारण भारत को संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा की सफल ओपनिंग जोड़ी को तोड़ना पड़ा, जो टीम के संतुलन पर असर डाल रहा था।

### अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन को बढ़त

श्रीकांत ने साफ कहा कि टी20 क्रिकेट में अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन, गिल से आगे नजर आते हैं। अभिषेक शर्मा को उन्होंने 'दुनिया का नंबर वन' तक कह दिया, जबकि संजू सैमसन और ईशान किशन विकेटकीपर-बल्लेबाज़ का उपयोगी विकल्प देते हैं। उनके मुताबिक, ईशान किशन की वापसी ने टीम को आक्रामक शुरुआत और अतिरिक्त




फ्लेक्सिबिलिटी दी है, जो बड़े टूर्नामेंट में अहम भूमिका निभा सकती है।

### गिल को करना होगा इंतजार

श्रीकांत ने यह भी कहा कि शुभमन गिल की काबिलियत पर कोई शक नहीं है। वनडे और टेस्ट क्रिकेट में उनका रिकॉर्ड शानदार है, खासकर विदेशी परिस्थितियों में। लेकिन टी20 क्रिकेट में उन्हें अभी खुद को साबित करना होगा। पूर्व कप्तान के अनुसार, गिल को अब धैर्य रखना होगा और जब भी मौका मिले, टी20 फॉर्मेट में अपनी स्ट्राइक रेट और प्रभाव को बेहतर बनाना होगा।

# ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन एशेज के बचे हुए मैचों में नहीं खेल पायेंगे

एडिलेड । ऑस्ट्रेलिया के स्टार स्पिनर नाथन लियोन हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण इंग्लैंड के खिलाफ बचे हुए दो टेस्ट मैचों में नहीं खेल पायेंगे। ऑस्ट्रेलियाई टीम 26 दिसंबर से इंग्लैंड के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में उतरेगी। इससे लियोन पूरी तरह से बाहर हो गये हैं। इसका कारण है कि एडीलेड टेस्ट में लियोन की हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया था। इसी कारण वह मैच में पूरे समय गेंदबाजी नहीं कर पाए थे। तीसरे टेस्ट में फील्डिंग करते समय लियोन ने एक गेंद को रोकने के लिए छलांग लगाई। इसके बाद ही उन्हें दर्द शुरु हो गया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के एक प्रवक्ता ने कहा कि लियोन की चोट ऑस्ट्रेलिया के लिए एक बड़ा झटका है। लियोन ने तीसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने इंग्लैंड की दूसरी पारी में तीन विकेट ओर दोनो पारियों को मिलाकर पांच विकेट लिए थे। उन्होंने तब विकेट लिए जब इंग्लैंड की टीम तेजी से 435 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही थी।

# हरमनप्रीत 350 मैच खेलने वाली पहली भारतीय व विश्व की दूसरी महिला क्रिकेट बनी



विशाखापट्टनम । भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 350 मैच खेलने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बन गई हैं। हरमनप्रीत ने यह उपलब्धि श्रीलंका के खिलाफ पहले ही टी20 मुकाबले में हासिल की। हरमनप्रीत ने साल 2009 में पाकिस्तान के खिलाफ डेब्यू किया था और इसके बाद से ही वह वह लगातार आगे बढ़ती रही हैं। अपनी बल्लेबाजी के साथ ही कप्तानी कौशल से वह भारतीय महिला क्रिकेट की एक प्रमुख स्तंभ बनकर उभरी हैं। वह महिला क्रिकेट में सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली खिलाड़ियों की सूची में दूसरे नंबर पर हैं। वहीं सबसे अधिक मैच खेलने का रिकार्ड न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स के नाम है। बेट्स ने 355 मैच खेले हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया की एलिस पेरी ने 347 मैच खेले हैं। हरमनप्रीत ने अपने करियर में कई मैच विजेता पारियां खेली हैं। उन्होंने साल 2017 विश्वकप सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद 171 रनों की ऐतिहासिक पारी खेली थी। इस पारी को महिला क्रिकेट की सर्वश्रेष्ठ पारियों में शामिल किया गया है। इसके अलावा उनकी कप्तानी में भारतीय टीम ने आईसीसी विश्वकप जीता है। हरमनप्रीत ने 350 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 183 टी20, 161 एकदिवसीय और 9 टेस्ट शामिल हैं। इस दौरान उन्होंने तीनों प्रारुपों को मिलाकर 8 शतक के साथ ही कुल 8000 से ज्यादा रन बनाये हैं। वहीं गेंदबाजी के दौरान इस बल्लेबाज ने 75 अंतरराष्ट्रीय विकेट लिए हैं।

# न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को तीसरे टेस्ट में 323 रनों से हराया, तीन मैचों की सीरीज 2-0 से जीती

**माउंट माउंगानुई (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के अंतिम मुकाबले में मेहमान वेस्टइंडीज को बड़े अंतर से हराया। यह मैच टेस्ट सीरीज का न केवल आखिरी बल्कि निर्णायक मुकाबला भी था। माउंट माउंगानुई के बे ओवल मैदान में खेले गए मुकाबले में कीवी टीम ने हर विभाग में शानदार खेल दिखाया और 323 रनों से जीत दर्ज की।

मैच में टॉस जीतकर न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने पहली पारी में 8 विकेट पर 575 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। कप्तान टॉम लैथम ने 137 रन की अहम पारी खेली, जबकि उनके साथी ओपनर डेवोन कॉन्वे ने शानदार 227 रन बनाए। कॉनवे ने इस पारी में दोहरा शतक लगाया और टेस्ट क्रिकेट में एक नया रिकॉर्ड भी अपने नाम किया।

जवाब में वेस्टइंडीज की टीम पहली पारी में 420 रन पर सिमट गई। इस दौरान क्रेम हॉज ने शतक लगाकर टीम को संभालने की कोशिश की, लेकिन बाकी




बल्लेबाज ज्यादा देर टिक नहीं सके। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में एक बार फिर अपने ओपनिंग बल्लेबाजों के बेजोड़ प्रदर्शन के चलते 2 विकेट खोकर 306 रन बनाए और पारी घोषित कर दी। इस बार भी कप्तान टॉम लाथम ने 101 रन और डेवोन कॉन्वे ने 100 रन की शतकीय पारी खेली, जिससे वेस्ट इंडीज पर दबाव और बढ़ गया। 462 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम दूसरी पारी में सिर्फ 138 रन पर ही ढेर हो गई। इस दौरान जैकब डफी ने पांच विकेट लेकर अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 42 रन देकर पांच विकेट हासिल किए। एजाज पटेल ने भी अच्छा साथ देते हुए 32 ओवर में 21 मेडन ओवर फेंके और केवल 23 रन देकर तीन विकेट हासिल किए।

मैच की खास बातें यह रहीं कि डेवोन कॉन्वे ने एक ही टेस्ट मैच में दोहरा शतक और शतक दोनों लगाए। टॉम लैथम ने भी दोनों पारियों में शतक जड़कर कप्तानी पारी खेली। डेवोन कॉन्वे को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। वहीं, वेस्टइंडीज की ओर से क्रेम हॉज का शतक ही एकमात्र बड़ी उपलब्धि रहा। न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने दोनों पारियों में समय पर विकेट लेकर टीम को आसान जीत दिलाई।

इसके साथ ही न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की टेस्ट सीरीज को 2-0 से अपने नाम कर लिया है। सीरीज का पहला मैच ड्रा रहा था, जिसके बाद मेजबान टीम ने लगातार दो टेस्ट अपने नाम किए और सीरीज को जीत लिया। पूरी सीरीज में शानदार प्रदर्शन के लिए जैकब डफी को प्लेयर ऑफ द सीरीज घोषित किया गया।

## अंडर-19 एशिया कप जीतकर मालामाल हुई पाकिस्तान टीम, प्रत्येक खिलाड़ी को मिलेंगे एक-एक करोड़ रुपए

कराची । पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने सोमवार को अपने देश की अंडर-19 एशिया कप विजेता टीम के प्रत्येक खिलाड़ी के लिए एक करोड़ रुपए के विशेष नकद पुरस्कार की घोषणा की। पाकिस्तान की युवा टीम ने रविवार को दुबई में खेले गए फाइनल में भारत को 191 रन से हराकर खिताब जीता था। शरीफ ने इस्लामाबाद में टीम और उसके सहयोगी स्टाफ के लिए आयोजित किए गए स्वागत समारोह में यह घोषणा की। टीम के मेंटोर (मार्गदर्शक) और मैनेजर सरफराज अहमद ने स्वागत समारोह के बाद मीडिया को बताया कि प्रधानमंत्री ने प्रत्येक खिलाड़ी को एक करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है। इससे पहले रिपोर्टों के अनुसार पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने एशिया कप जीतने वाली जूनियर टीम के खिलाड़ियों के लिए 50-50 लाख रुपए के नकद पुरस्कार की घोषणा की है।

# एस्टन विला ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को हराकर लगातार 10वीं जीत हासिल की



मैनचेस्टर (इंग्लैंड) । मॉर्गन रोजर्स के दो गोल की मदद से एस्टल विला ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को 2-1 से हराकर खुद को इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट के खिताब की दौड़ में बनाए रखा। एस्टन विला की यह सभी प्रतियोगिताओं में लगातार दसवीं जीत है। वह ईपीएल की अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है और शीर्ष पर काबिज आर्सेनल से केवल तीन अंक पीछे है। रोजर्स ने अपना पहला गोल 45वें और दूसरा गोल 57वें मिनट में किया। यूनाइटेड के लिए एकमात्र गोल मैथियस कुन्हा ने किया। इस तरह से एस्टन विला का शानदार प्रदर्शन जारी रहा। उसने लीग में अपने पिछले 12 मैचों में से 11 में जीत हासिल की। यह हार यूनाइटेड के लिए एक और झटका है। वह अपने पिछले आठ मैचों में से केवल दो में जीत हासिल कर पाया है और वह तालिका में सातवें स्थान पर है।

# हॉकी इंडिया का बड़ा ऐलान : आगामी लीग के लिए फैंस को मिलेंगे मुफ्त टिकट

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने हॉकी इंडिया लीग (HIL) 2025-26 को लेकर बड़ा ऐलान करते हुए बताया है कि आगामी सीजन के मुकाबलों के लिए दर्शकों को मुफ्त टिकट उपलब्ध कराए जाएंगे। इसका मकसद देश के अलग-अलग शहरों में हॉकी के प्रति फैंस की भागीदारी बढ़ाना और खेल को और अधिक लोकप्रिय बनाना है। महिला हॉकी इंडिया लीग की शुरुआत 28 दिसंबर से रांची में होगी और यह टूर्नामेंट 10 जनवरी तक चलेगा। वहीं, पुरुष हॉकी इंडिया लीग का आगाज 3 जनवरी से चेन्नई में होगा, जिसके बाद मुकाबले 11 जनवरी से रांची में खेले जाएंगे। टूर्नामेंट का अंतिम चरण हॉकी के गढ़ माने जाने वाले भुवनेश्वर में 17 से 26 जनवरी के बीच आयोजित होगा। रांची चरण के लिए Hero HIL के टिकट आज सुबह 11 बजे से उपलब्ध करा दिए गए हैं, जबकि चेन्नई में होने वाले पुरुषों के मुकाबलों के टिकट बुधवार सुबह 11 बजे से मिलेंगे। पिछली बार की तरह इस बार भी हॉकी इंडिया देश के हर कोने तक हॉकी पहुंचाने और इसे अधिक सुलभ बनाने के अपने लक्ष्य पर कायम है। हॉकी इंडिया लीग की गवर्निंग कमेटी के चेयरपर्सन दिलीप तिर्की ने कहा, 'हमने एक बार फिर फैसला किया है कि चेन्नई, रांची और भुवनेश्वर में होने वाले सभी मुकाबलों के लिए हॉकी प्रेमियों को मुफ्त टिकट दिए जाएंगे। महिला लीग रांची में होगी, जबकि पुरुषों की लीग तीन शहरों में खेली जाएगी। हमारा उद्देश्य स्टेडियम को उन फैंस से भरना है जो अपने पसंदीदा सितारों को खेलते देखना चाहते हैं। इस सीजन में दुनिया के कई शीर्ष खिलाड़ी हिस्सा लेंगे और हमें शानदार हॉकी देखने की उम्मीद है।' गवर्निंग कमेटी के सदस्य भोला नाथ सिंह ने भी इसी तरह की बात कहते हुए कहा, 'Hero HIL एक महीने तक चलने वाला हॉकी का उत्सव होगा। हम सभी हॉकी प्रेमियों को #HockeyKaJashn देखने के लिए आमंत्रित करते हैं। हमारा लक्ष्य पूरे देश में हॉकी का फैनबेस बढ़ाना है और हमें उम्मीद है कि इस सीजन में सभी स्टेडियम खचाखच भरे रहेंगे।' इस साल की हॉकी इंडिया लीग में आठ पुरुष टीमें और चार महिला टीमें हिस्सा लेंगी। नए और रिवैम्प्ड फॉर्मेट के साथ दोनों लीग में तेज रफ्तार और रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे, जिससे फैंस को पूरे एक महीने तक शानदार हॉकी का आनंद मिलेगा।

# 2023 एकदिवसीय विश्वकप फाइनल में मिली हार से दुखी होकर संन्यास लेना चाहता था: रोहित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है साल 2023 एकदिवसीय विश्वकप फाइनल में मिली हार से वह हताश थे और उन्होंने खेल से संन्यास का फैसला कर लिया था। तब वह इतने दुखी थे और उन्हें लगा था कि इस खेल ने उनसे सब कुछ छीन लिया है। तब भारतीय टीम ने सभी मैच जीतकर फाइनल में जगह बनायी थी पर वहां उसे ऑस्ट्रेलिया ने हरा दिया था। तब ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने शतक लगाकर भारतीय टीम के हाथ आयी जीत छीन ली थी। रोहित ने एक कार्यक्रम में कहा कि फाइनल के बाद उन्हें लगा था कि अब मुझे नहीं खेलना चाहिये क्योंकि इसने मुझसे सब कुछ छीन लिया है और मुझे लगा कि मेरे पास कुछ भी नहीं बचा है। इस सदमे से उबरने में मुझे कुछ समय लगा था। मैं अपने को याद दिलाता था कि यही वह खेल है, जिससे मुझे असल में प्यार है। यह चीज मेरे पास है और मैं इसे इतनी आसानी से नहीं छोड़ सकता। इसके बाद धीरे-धीरे मैं इस झटके से उबर गया। मैंने अपनी खोई हुई ताकत वापस हासिल की और फिर से मैदान पर उतर गया। उन्होंने माना कि उस हार से हर कोई दुखी था और हमें भरोसा नहीं हो रहा था कि अचानक ही क्या हुआ है। मेरे लिए तो कप्तान होने के कारण यह बहुत कठिन दौर था क्योंकि मैंने उस विश्व कप के लिए अपना सब कुछ झोंक दिया था। विश्श्व कप से पहले ही नहीं, बल्कि साल 2022 में कप्तानी संभालने के बाद से ही मैं उसके लिए तैयारी कर रहा था.

रोहित ने टी-20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है और अब वह एकदिवसीय में ही खेलते हैं। उनका लक्ष्य 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप तक टीम में बने रहना और उसे जीतना है।

रोहित ने कहा, 'मेरा एकमात्र लक्ष्य विश्व कप जीतना था, चाहे वह टी-20 विश्व कप हो या 2023 में एकदिवीसय विश्व कप इसलिए जब ऐसा नहीं हो पाया तो मैं पूरी तरह से निराश हो गया था। मेरे शरीर में बिल्कुल भी शक्ति नहीं बची थी। मुझे इससे उबरने और वापसी करने में कुछ माह लग गये थे।'

भारतीय टीम ने इसके बाद उनकी कप्तानी में अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले गए 2024 के टी20 विश्व कप में खिताब जीता था पर वह नवंबर 2023 में ऑस्ट्रेलिया के हाथों मिली हार से इसके बाद भी नहीं उबर पाये।

रोहित ने कहा, 'जब आप किसी चीज को हासिल करने के लिए अपनी सारी ताकत लगा देते हैं और फिर



आपको मनचाहा परिणाम नहीं मिलता है तो दुखी होना एक स्वाभाविक प्रतिक्रिया होती है. मेरे साथ भी ठीक यही हुआ, लेकिन मुझे यह भी पता था कि जीवन यहीं खत्म नहीं होता, इससे सबक लेते हुए हमने टी20 विश्वकप जीता।'

## योगी सरकार ने शीतकालीन सत्र में अनुपूरक बजट पेश किया

लखनऊ (एजेंसी)। योगी आदित्यनाथ सरकार ने उत्तर प्रदेश विधानमंडल के शीतकालीन सत्र में दोनों सदनों में अनुपूरक बजट पेश किया। अनुपूरक बजट में विकासपरक क्षेत्रों को प्राथमिकता मिली है। योगी सरकार ने कैबिनेट से पास कराने के बाद वित्तीय वर्ष 2025-26 का पहला अनुपूरक बजट पेश किया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने सदन में बजट प्रस्तुत किया, जिसका कुल आकार 24,496.98 करोड़ रुपये है। यह मूल बजट (आठ लाख, आठ हजार करोड़ रुपये) का करीब 3.03 प्रतिशत है। अनुपूरक बजट को कैबिनेट से पास कराने के बाद दोपहर में सदन में पेश किया। अगले वर्ष होने वाले पंचायत चुनाव के मद्देनजर अनुपूरक बजट में सरकार ग्रामीण क्षेत्र से जुड़ी योजनाओं के लिए धनराशि दी है। एक्सप्रेसवे परियोजनाओं के कार्यों के लिए भी धनराशि के साथ लोक निर्माण विभाग को भी सड़क परियोजनाओं के लिए राशि प्रदान की। ग्राम्य विकास, धर्मार्थ कार्य व पर्यटन स्थलों के विकास के लिए भी सरकार अनुपूरक बजट में धनराशि दी है। इस अनुपूरक बजट का मुख्य उद्देश्य मौजूदा योजनाओं में अपर्याप्त प्रावधानों को पूरा करना, नई आवश्यकताओं को पूरा करना और विकास कार्यों को बिना रुकावट के आगे बढ़ाना है। इसमें राजस्व व्यय के लिए 18,369.30 करोड़ रुपये और पूंजीगत व्यय के लिए 6,127.68 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

## साइबर ठगों ने वाहन चालान के नाम पर लगाया 2.37 लाख का चूना

मुजफ्फरपुर (एजेंसी)। साइबर फ्रॉड गिरोह के शातिर बदमाशों ने बसंतपुरपट्टी निवासी सुजीत कुमार के खाते में सेंध लगा दी। साइबर ठगों ने वाहन चालान के नाम एक संदिग्ध एपीके फाइल भेजा। इस पर क्लिक कर मोबाइल हैक हो गया। इसके बाद शातिरों ने उनके फ्लिपकार्ट अकाउंट और क्रेडिट कार्ड का उपयोग कर करीब 2.37 लाख की ऑनलाइन शापिंग कर डाली। पीड़ित के अनुसार, उनके मोबाइल पर वाहन चालान कटने का एक संदेश आया था। संदेश के साथ एक लिंक दिया गया था, इस आधिकारिक समझकर जैसे ही उन्होंने क्लिक किया, मोबाइल काम करना बंद कर दिया। मोबाइल हैक करने के बाद शातिरों ने क्रेडिट कार्ड्स का विवरण हासिल कर खरीदारी शुरू कर दी। क्रेडिट कार्ड से 1 लाख 36 हजार 248 और 70 हजार 298 रुपये की दो बार में शॉपिंग की। इसके बाद दूसरे क्रेडिट कार्ड से 30 हजार 386 की शॉपिंग की। तीसरे क्रेडिट कार्ड से 70 हजार 298 की शॉपिंग की गई। ऑर्डर कैंसिल होने के कारण यह राशि वापस आ गई। 2.37 लाख रुपये ठगी के बाद पीड़ित ने साइबर थाने में प्राथमिकी कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और ट्रांजैक्शन डिटेल्स के जरिए शातिरों तक पहुंचने की कोशिश में जुटी है।

## गणतंत्र दिवस समारोह के चलते सुरक्षाबलों ने चलाया स्टेडियम के पास तलाशी अभियान

जम्मू (एजेंसी)। सुरक्षा बलों ने बख्शी स्टेडियम के आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान चलाया। बख्शी स्टेडियम कश्मीर में गणतंत्र दिवस समारोह का मुख्य आयोजन स्थल है। अमीराकदल और महाराजा बाजार के घनी आबादी वाले व्यावसायिक क्षेत्रों की कुछ आवासीय इकाइयों में विस्फोटक, हथियार और गोला-बारूद की तलाश के लिए खोजी कुत्तों और मेटल डिटेक्टर की मदद ली गई है। मीडिया रिपोर्ट में अधिकारियों के हवाले से बताया कि अब तक सुरक्षा बलों को तलाशी में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि तोड़फोड़ विरोधी जांच और तलाशी अभियान बख्शी स्टेडियम के पास स्थित क्षेत्रों में चलाए गए जो कश्मीर में गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस समारोह का मुख्य स्थल है। लाल चौक स्थित ऐतिहासिक क्लॉक टावर अमीराकदल से कुछ ही दूरी पर स्थित है जहां तलाशी अभियान चलाया। क्लॉक टावर पिछले चार सालों में एक पर्यटन केंद्र में बदल गया है।

## भारतीय नौसेना की जासूसी करने के मामले में तीसरा आरोपी भी पकड़ाया

बेंगलुरु (एजेंसी)। उडुपी पुलिस ने मालपे कोचीन शिपयार्ड से जुड़े कर्मचारियों ने भारतीय नौसेना से संबंधित संवेदनशील जानकारी लीक करने के मामले में तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों ने बताया कि तीसरे आरोपी की पहचान गुजरात के आणंद जिले के कैलाश नगरी निवासी भरत कुमार खदयाट के पुत्र हिरेंद्र कुमार (34) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों पर अवैध वित्तीय लाभ के बदले नौसेना संचालन और प्रतिष्ठानों से संबंधित गोपनीय जानकारी को पाकिस्तान स्थित अपने संचालकों को भेजने का शक है। इससे पहले 21 नवंबर को पुलिस ने इस मामले में यूपी के रहने वाले रोहित और संत्री को गिरफ्तार किया था। तीनों आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। पुलिस इनसे पूछताछ कर जानकारी हासिल करेगी कि इन्होंने संवेदनशील जानकारी किसको पहुंचाई।

## यूक्रेनी सेना की कैद में भारतीय छात्र... मां को भेजा वीडियो संदेश, पीएम मोदी से मदद की गुहार

अहमदाबाद (एजेंसी)। यूक्रेनी सेना की कैद से गुजरात के एक छात्र साहिल मोहम्मद हुसैन ने वीडियो संदेश भेजा है। इसमें भारतीय युवाओं से किसी भी परिस्थिति में रूसी सेना में शामिल न होने की अपील की गई है। भारतीय छात्र हुसैन का आरोप है कि रूस में एक झूठे ड्रग्स मामले में फंसाकर ब्लैकमेल किया और जबरन रूसी सेना में शामिल होने के लिए मजबूर किया। हुसैन को यूक्रेन में अभी कहा रखा गया हैं इसकी कोई पुख्ता जानकारी नहीं है। यूक्रेनी सुरक्षा बलों ने हुसैन के वीडियो गुजरात में उसकी मां को भेजा। इसके बाद मां ने बेटे की सुरक्षित वापसी के लिए दिल्ली की अदालत में याचिका दायर की है। इस मामले की अगली सुनवाई फरवरी में होगी। वीडियो में हुसैन कह रहा हैं कि मैं 2024 में पढ़ाई के लिए रूस आया था। लेकिन आर्थिक और वीजा संबंधी समस्याओं के कारण मैं कुछ रूसियों के संपर्क में आया, जो बाद में नशीले पदार्थों के धंधे से जुड़े निकले। रूस में कम से कम 700 लोगों को ड्रग्स के आरोप में जेल में डाला गया। लेकिन जेल प्रशासन ने सिर्फ मुझे ही ऑफर दिया कि अगर मैं रूसी सेना में शामिल होता हूं, तब ड्रग्स केस वापस ले लिया जाएगा। मैंने उनकी बात मानकर 15 दिनों के प्रशिक्षण के बाद सीधे युद्ध के मोर्चे पर भेज दिया गया। मोर्चे पर पहुंचते ही मैंने सबसे पहले यूक्रेनी सेना के सामने आत्मसमर्पण किया। अब मैं उनके कब्जे में हूं। लेकिन रूस आने वाले युवाओं के लिए मेरा संदेश है,'सावधान रहें'। यहां बहुत से ठग हैं जो आपको झूठे ड्रग्स केस में फंसा सकते हैं। मैं भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील करता हूं, कृपया मेरी मदद करें। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन हाल ही में भारत आए थे। मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि मेरी सुरक्षित घर वापसी के लिए पुतिन से बात करें।

# हिमाचल में बदला मौसमः ऊंची चोटियों पर बर्फबारी, मैदानी इलाकों में घने कोहरे ने घेरा



शिमला (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश के मौसम में एक बार फिर बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है, जिससे समूचा प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में आ गया है। रविवार को राज्य के ऊंचाई वाले इलाकों, विशेष रूप से रोहतांग दर्रा, अटल टनल के आसपास के क्षेत्रों और शिंकुला दर्रा पर हल्की बर्फबारी दर्ज की गई। इस ताजा हिमपात ने जहां पहाड़ों पर चांदी जैसी सफेदी बिखेर दी है, वहीं निचले इलाकों में भी मौसम काफी खराब बना हुआ है। पर्यटन नगरी मनाली, कुल्लू और राजधानी शिमला सहित कई स्थानों पर दिन भर बादलों का डेरा रहा, जिससे धूप की तपिश कम हो गई और ठिठुरन बढ़ गई। मैदानी जिलों जैसे बिलासपुर और ऊना में घने कोहरे के कारण दृश्यता काफी कम रही, जबकि मंडी जिले के कुछ हिस्सों में भी धुंध का असर देखा गया। राज्य के कम से कम 25 प्रमुख शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे गिर चुका है।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आगामी दिनों के लिए चेतावनी जारी करते हुए बताया है कि प्रदेश में मौसम और बिगड़ने की संभावना है। 22 दिसंबर को किन्नौर और लाहौल-स्पीति जिलों के कुछ स्थानों पर मध्यम से तेज बर्फीली हवाएं चलने का अनुमान है, जिसके लिए विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही चंबा, लाहौल-स्पीति और किन्नौर के कई क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई गई है। कांगड़ा, मंडी, शिमला और कुल्लू जैसे मध्य पहाड़ी जिलों में भी एक-दो स्थानों पर फुहारें पड़ने या हल्का हिमपात होने की उम्मीद है। मैदानी क्षेत्रों, विशेषकर भाखड़ा बांध के समीपवर्ती इलाकों और मंडी की बल्ह घाटी में 25 दिसंबर तक सुबह और देर रात के समय घना कोहरा छाए रहने की भविष्यवाणी की गई है, जो यातायात के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

तापमान के आंकड़ों पर नजर डालें तो लाहौल-स्पीति का कुकुमसेरी प्रदेश में सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे -2.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। ताबो में पारा 1.1 डिग्री रहा, जबकि कल्पा में 3.4 और सोलन में 4.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी शिमला में न्यूनतम तापमान 11.0 डिग्री सेल्सियस रहा, जो ऊंचाई के हिसाब से अन्य क्षेत्रों की तुलना में थोड़ा अधिक है। सुंदरनगर, ऊना, नाहन और हमीरपुर जैसे इलाकों में भी न्यूनतम तापमान 5 से 8 डिग्री के बीच बना हुआ है। आगामी 3 से 4 दिनों में राज्य भर के न्यूनतम और अधिकतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की और गिरावट आने की संभावना है।

दिन के तापमान की बात करें तो सोलन में अधिकतम पारा 23.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो प्रदेश में सर्वाधिक रहा। शिमला में अधिकतम तापमान 17.3 डिग्री, जबकि मनाली में 15.2 और कुफरी में 14.1 डिग्री सेल्सियस रहा। जनजातीय क्षेत्रों जैसे ताबो और कुकुमसेरी में दिन का तापमान भी 11 डिग्री के आसपास बना हुआ है। मौसम विभाग का अनुमान है कि 27 दिसंबर तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम मुख्यतः साफ रहेगा, लेकिन इस दौरान न्यूनतम तापमान में गिरावट जारी रहने से सुबह और शाम की ठंड और अधिक कष्टदायक हो सकती है। ऊंची पहाड़ियों पर तापमान गिरने से प्राकृतिक जल स्रोतों के जमने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।

## मुंबई जा रहा एयर इंडिया के विमान में आई तकनीकी गड़बड़ी, वापस दिल्ली की लैंडिंग

नई दिल्ली। दिल्ली से मुंबई जा रही एयर इंडिया की उड़ान में तकनीकी समस्या आने के बाद विमान को दिल्ली एयरपोर्ट पर वापस लैंडिंग करानी पड़ी। उड़ान ने सोमवार को दिल्ली से टेक-ऑफ किया था, लेकिन कुछ ही देर बाद तकनीकी गड़बड़ी के संकेत मिलने पर फ्लाइट क्रू ने स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) के तहत एहतियातन वापस लौटने का फैसला लिया। जानकारी के मुताबिक विमान सुरक्षित रूप से दिल्ली



एयरपोर्ट पर उतारा गया और सभी यात्री व क्रू मेंबर सुरक्षित बाहर निकाले गए। यात्रियों को हुई इस असुविधा के लिए एयर इंडिया ने खेद व्यक्त करते हुए कहा कि स्थिति पूरी तरह अप्रत्याशित थी, लेकिन यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा कंपनी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विमान की वापस लैंडिंग के बाद तकनीकी जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और इंजीनियरिंग टीम विमान का निरीक्षण में जुट गई है। विमान की लैंडिंग के बाद ग्राउंड स्टाफ ने दिल्ली में यात्रियों को तत्काल मदद पहुंचाई। साथ ही, यात्रियों को मुंबई भेजने के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं की गई है। विमान की लैंडिंग को लेकर एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर के तहत 22 दिसंबर को दिल्ली से मुंबई जाने वाली फ्लाइट एई887 के क्रू ने तकनीकी गड़बड़ी के कारण टेक-ऑफ के तुरंत बाद दिल्ली लौटने का फैसला किया। दिल्ली में विमान सुरक्षित लैंड कर गया है। साथ ही यात्रियों और क्रू को विमान से उतार लिया गया। प्रवक्ता ने कहा कि एयर इंडिया इस अप्रत्याशित स्थिति के कारण हुई असुविधा के लिए माफी मांगती है। विमान की जरूरी जांच की जा रही है। दिल्ली में हमारी ग्राउंड टीम यात्रियों को तुरंत मदद दे रही है और उन्हें जल्द ही उनके डेस्टिनेशन तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक इंतजाम किए गए हैं। एयर इंडिया में हमारे यात्रियों और क्रू की सुरक्षा और भलाई हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

## सेल संचार उत्कृष्टता के लिए आठ प्रतिष्ठित पीआरसीआई राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित

एजेंसी

**नई दिल्ली :** देश की सार्वजनिक क्षेत्र की अग्रणी इस्पात उत्पादक कंपनी, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड को पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा आठ प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। ये पुरस्कार देहरादून में 13 से 15 दिसंबर, 2025 तक आयोजित 47वें ऑल इण्डिया पब्लिक रिलेशंस कॉफ्रेंस के दौरान प्रदान किए गए। ये सम्मान कॉर्पोरेट संचार के क्षेत्र में सेल के अभिनव दृष्टिकोण, विशेष रूप से अत्याधुनिक तकनीक के सफल एकीकरण और राष्ट्रीय विकास के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को मान्यता देते हुए प्रदान किए गए। सेल ने विभिन्न श्रेणियों में शीर्ष सम्मान हासिल किए हैं, जो इसकी बहुआयामी संचार रणनीति को दशार्ते हैंः जनसंपर्क अभियान में एआई का सर्वश्रेष्ठ उपयोगः सेल द्वारा निर्मित एआई-संचालित न्यूज बुलेटिन, "एआई सेल ट्रैक" के लिए। एआई का उपयोग करते हुए सर्वश्रेष्ठ विज्ञापन अभियानः महिला विश्व कप - 2025 के दौरान एआई के इस्तेमाल से निर्मित प्रभावशाली सेल विज्ञापन अभियान के लिए। कॉर्पोरेट वेबसाइटः वेबसाइट यूजर्स अनुभव और सूचना की सुलभता के लिए मान्यता। सबसे प्रभावशाली इवेंट मैनेजमेंटः 'इंडिया स्टील - 2025' में प्रदर्शनी के प्रभावी निष्पादन के लिए। मेक इन इंडिया : राष्ट्रीय रक्षा के क्षेत्र में स्वदेशी विनिर्माण के प्रयासों के बढ़ावा के दिशा में प्रभावी संचार के लिए। ई-न्यूजलेटरः ऑडियो-विजुअल न्यूज बुलेटिन 'सेलट्रैक' के इनहाउस प्रोडक्शन और प्रभावी प्रसारण के लिए। सर्वश्रेष्ठ संचार अभियान : सेल कार्मिकों को उभरती प्रौद्योगिकियों के साथ जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित 'अक & व' प्रतियोगिता के लिए। सस्टेनेबल डेवेलपमेंट रिपोर्ट : कॉर्पोरेट सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट - 2023-24 के रचनात्मक डिजाइन और लेआउट में उत्कृष्टता के लिए। टीम को बधाई देते हुए, SAIL के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने कहाः "सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ हमारा जुड़ाव निरंतर उद्देश्य की स्पष्टता, संगठनात्मक मूल्यों के साथ मजबूत तालमेल और हमारी रणनीतिक प्राथमिकताओं की गहरी समझ को प्रदर्शित करना चाहिए।

# पश्चिम बंगाल की सभी विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी हुमायूं कबीर की पार्टी



**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में एक नया राजनीतिक तूफान आने वाला है। बाबरी मस्जिद की नींव रखने वाले पूर्व विधायक हुमायूं कबीर नई राजनीतिक पार्टी की घोषणा करने जा रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस ने 4 दिसंबर को उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया था। कबीर ने स्पष्ट किया कि उनकी नई पार्टी 2026 के विधानसभा चुनाव में राज्य की 182 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। जरूरत पड़ने पर वे पूरे राज्य की सभी 294 सीटों पर उम्मीदवार उतार सकते हैं।

कबीर ने कहा कि उनकी पार्टी का चुनाव चिन्ह टेबल, गुलाब या नारियल का पेड़ में से कोई एक हो सकता है। उन्होंने बताया कि टेबल उनकी पहली पसंद है, लेकिन अंतिम फैसला चुनाव आयोग पर निर्भर करेगा। पार्टी का नाम अभी तय नहीं हुआ है, लेकिन कबीर ने जोर देकर कहा कि इसमें कांग्रेस या तृणमूल जैसे शब्द नहीं होंगे। उन्होंने कहा, पार्टी का नाम जो भी हो, बंगाल की जनता खुद को उससे जोड़कर देख सकेगी। हमारी पार्टी जनता का प्रतिनिधित्व करेगी और सिर्फ विकास की बात करेगी। कबीर ने अपनी रणनीति के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने मुर्शिदाबाद जिले की 30 विधानसभा सीटों पर विशेष फोकस किया है। उन्होंने कहा कि वे मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के साथ तीन सीटें, भारतीय सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) के साथ एक सीट और अधीर रंजन चौधरी के नेतृत्व वाली कांग्रेस के साथ नौ सीटें साझा करने का प्रस्ताव रखेंगे। अगर ये दल सहमत नहीं हुए तो उनकी पार्टी अकेले चुनाव लड़ेगी और मुर्शिदाबाद की सभी 30 सीटें जीतने का दावा किया।

उन्होंने कहा, हम मुर्शिदाबाद के लिए नया इतिहास रचेंगे, जहां 2026 के चुनाव में तृणमूल कांग्रेस का सफाया हो जाएगा। रविवार को उन्होंने घोषणा की कि 22 दिसंबर को नई पार्टी का औपचारिक ऐलान होगा। उसी दिन 75 सदस्यों वाली राज्य समिति की घोषणा की जाएगी, जिसमें मुर्शिदाबाद जिला अध्यक्ष भी शामिल होंगे। इसके बाद वे गठबंधन की संभावनाओं पर फैसला लेंगे। कबीर ने कहा कि उनकी पार्टी राज्य में अगली सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। वे दावा करते हैं कि उनकी पार्टी बंगाल की जनता के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रही है और विकास, एकता तथा सामाजिक न्याय पर आधारित एजेंडा लेकर आगे बढ़ेगी। यह नई पार्टी का उदय पश्चिम बंगाल की राजनीति में नए समीकरण बना सकता है, खासकर 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले।

## आरएसएस भाजपा की राजनीतिक ढाल, आप सांसद संजय सिंह का आरोप




नई दिल्ली (एजेंसी)। आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह ने भाजपा और आरएसएस के बीच के वैचारिक और संगठनात्मक संबंधों पर एक तीखा हमला किया है। आप सांसद ने आरएसएस की निष्पक्षता पर सवाल उठाकर इस भाजपा की राजनीतिक ढाल करार दिया है। आप सांसद सिंह का तर्क है कि दोनों संगठन एक-दूसरे के पूरक हैं। भाजपा के सदस्य गर्व से खुद को स्वयंसेवक बताते हैं और आरएसएस ने ही भाजपा की नींव रखी है। उनका आरोप है कि भाजपा द्वारा विपक्षी पार्टियों को तोड़ने, भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग जैसे गंभीर मुद्दों पर संघ ने हमेशा चुप्पी साधी रखी है। आप नेता के अनुसार, आरएसएस केवल एक सांस्कृतिक संगठन नहीं है, बल्कि वह जमीन पर भाजपा के लिए चुनावी मशीनरी की तरह काम करता है। इसके विपरीत, मोहन भागवत ने कोलकाता में संघ की एक स्वतंत्र पहचान पर जोर दिया। भागवत का कहना है कि संघ को भाजपा के चश्मे से देखना एक बड़ी गलती है। उनके अनुसार, आरएसएस को अन्य राजनीतिक या सेवा संगठनों के साथ तुलना करके नहीं समझा जा सकता। इसकी कार्यप्रणाली और उद्देश्य राजनीति से परे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो लोग संघ को केवल भाजपा का विस्तार मानते हैं, वे संगठन की व्यापकता और उसके 100 साल के इतिहास को समझने में विफल रहे हैं। यह वाकयुद्ध तब समय में हो रहा है जब विपक्ष लगातार यह नैरेटिव बनाने की कोशिश कर रहा है कि संवैधानिक संस्थाओं और सांस्कृतिक संगठनों पर एक विशेष विचारधारा का प्रभुत्व बढ़ रहा है।

## भागवत के बयान पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश का पलटवार... गृहमंत्री पटेल ने गुरु गोलवलकर से क्या कहा था?



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद और महासचिव जयराम रमेश ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भगवत के उस बयान की निंदा की, जिसमें उन्होंने आरएसएस के गठन के कारण और सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा दिए गए निर्देशों पर सवाल उठाया था। कांग्रेस नेता रमेश ने कहा कि सरदार पटेल ने आरएसएस पर प्रतिबंध लगाया था। देश के पहले गृहमंत्री पटेल ने गुरु गोलवलकर से क्या कहा था? आप एक गुप्त संगठन हैं। एक संस्था बनिए। पारदर्शिता लाइए। गुप्त रूप से काम मत कीजिए। यह सरदार पटेल का आरएसएस को लिखा पत्र है।

कांग्रेस नेता रमेश ने आरएसएस की इस बात पर आलोचना की कि संगठन ने 50 वर्षों से अधिक समय तक अपने नागपुर मुख्यालय में राष्ट्रीय ध्वज नहीं फहराया, ध्वज संहिता में बदलाव के बाद ही 2002 में फिर से शुरू किया। इसके अलावा, रमेश ने संघ की विचारधारा पर सवाल उठाकर 26 नवंबर, 1949 को भारत के संविधान को अपनाने के कुछ दिनों बाद रामलीला मैदान में अंबेडकर, सरदार पटेल, जवाहरलाल नेहरू और महात्मा गांधी के पुतले जलाने की घटना का जिक्र किया। उन्होंने पूछा, किस विचारधारा ने ऐसा माहौल बनाया, जिसके कारण महात्मा गांधी की हत्या हुई?

उन्होंने पश्चिम बंगाल के भाजपा सांसद और कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश का जिक्र किया, जिनसे जब पूछा गया कि गांधी या गोडसे? तब उन्होंने कहा, मुझे सोचना पड़ेगा, फिर भी उन्हें टिकट मिला और जिताया गया। उन्होंने कहा कि इसतरह के लोग राष्ट्रवाद के प्रमाण पत्र बांटने में व्यस्त हैं। उनकी ये टिप्पणियां आरएसएस प्रमुख मोहन भगवत के उस बयान के बाद आईं, जिसमें उन्होंने कहा था कि आरएसएस एक कट्टर राष्ट्रवादी संगठन है।

कोलकाता में आरएसएस 100 व्याख्यान माला कार्यक्रम को संबोधित कर संघ प्रमुख भागवत ने कहा कि संघ हमेशा से यह तर्क देता आया है कि भारत एक हिंदू राष्ट्र है, क्योंकि यहां की संस्कृति और बहुसंख्यक लोगों का हिंदू धर्म से जुड़ाव है। हालांकि, धर्मनिरपेक्ष शब्द मूल रूप से संविधान की प्रस्तावना का हिस्सा नहीं था, लेकिन इस तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लागू आपातकाल के दौरान संविधान (42वां संशोधन) अधिनियम, 1976 द्वारा समाजवादी शब्द के साथ जोड़ा गया था।

## जांच हुई तेज- मुख्यमंत्री नीतीश को धमकी देने वाला पाकिस्तानी गैंगस्टर भट्टी पुलिस की रडार पर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सोशल मीडिया के जरिए धमकी देने वाले पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी के खिलाफ पटना पुलिस ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। एक मिनट का वीडियो जारी कर मुख्यमंत्री को सीधे तौर पर धमकाने वाले इस गैंगस्टर की तलाश के लिए पुलिस अब तकनीकी साक्ष्यों का सहारा ले रही है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि शहजाद भट्टी वर्तमान में कहां छिपा है और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर उसकी सक्रियता का क्या स्वरूप है।

इस गंभीर मामले की जांच के लिए पटना पुलिस ने फेसबुक और इंस्टाग्राम की मूल कंपनी को आधिकारिक ई-मेल भेजकर विस्तृत जानकारी मांगी है। पुलिस ने विशेष रूप से यह पूछा है कि गैंगस्टर ने यह विवादित वीडियो पाकिस्तान के किस शहर या स्थान से अपलोड किया था। सोशल मीडिया कंपनियों से उस अकाउंट का आईपी एड्रेस और लॉगिन हिस्ट्री भी मांगी गई है, ताकि उसकी सटीक लोकेशन का पता लगाया जा सके। साइबर थाने में इस संबंध में पहले ही प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है और पुलिस को अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जवाब का इंतजार है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी कमान पटना के आईजी जितेंद्र राणा खुद संभाल रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि जैसे ही तकनीकी रिपोर्ट प्राप्त होगी, जांच के आधार पर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। यह पूरा विवाद हाल ही में मुख्यमंत्री सचिवालय में आयोजित एक कार्यक्रम से शुरू हुआ, जहां आयुष चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र बांटे जा रहे थे। इस कार्यक्रम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ था, जिसमें एक महिला चिकित्सक नुसरत परवीन के हिजाब को लेकर मुख्यमंत्री की टिप्पणी पर विवाद खड़ा हो गया था। इसी घटना को आधार बनाकर पाकिस्तानी डॉन शहजाद भट्टी ने वीडियो संदेश जारी किया। उसने मुख्यमंत्री को सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की धमकी देते हुए कहा कि एक उच्च पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा महिला के साथ ऐसा व्यवहार करना निंदनीय है। गैंगस्टर ने अपने संदेश में चेतावनी दी थी कि यदि मुख्यमंत्री ने माफी नहीं मांगी, तो इसके परिणाम अच्छे नहीं होंगे। फिलहाल पुलिस इस अंतरराष्ट्रीय धमकी के पीछे के नेटवर्क को खंगालने में जुटी है।

# हसीना बोलीं- यूनुस ने हिंसा की आग में झौंक दिया बांग्लादेश, ऐसे तो नामोनिशान मिट जाएगा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बांग्लादेश में पिछले कई दिनों से जारी हिंसा और विरोध प्रदर्शनों के बाद सड़कों पर शांति भले ही लौटती दिख रही हो, लेकिन राजनीतिक गलियारों में कड़वाहट और आरोप-प्रत्यारोप का दौर चरम पर है। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने देश की वर्तमान अंतरिम सरकार और उसके मुखिया मोहम्मद यूनुस पर सीधा प्रहार किया है। भारत में प्रवास के दौरान दिए गए अपने एक विस्तृत साक्षात्कार में उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि बांग्लादेश में व्याप्त अराजकता और अस्थिरता के लिए पूरी तरह से मोहम्मद यूनुस जिम्मेदार हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी सरकार को गिराने के लिए जिस कानूनहीनता का सहारा लिया गया था, वह अब यूनुस प्रशासन के तहत कई गुना बढ़ चुकी है।

भारत और बांग्लादेश के बीच बढ़ते राजनयिक तनाव पर चिंता व्यक्त करते हुए शेख हसीना ने कहा कि रिश्तों में आई यह खटास वर्तमान अंतरिम सरकार की नीतियों का परिणाम है। उनके अनुसार, यूनुस प्रशासन लगातार भारत विरोधी बयानबाजी कर रहा है और देश के भीतर धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में पूरी तरह विफल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार ने चरमपंथी तत्वों को विदेश नीति तय करने की खुली छूट दे दी है, जिससे पड़ोसी देशों के साथ दशकों पुराने भरोसेमंद रिश्तों पर बुरा असर पड़ा है। अवामी लीग की नेता ने हाल ही में एक हिंदू युवक की नृशंस हत्या का उदाहरण देते हुए कहा कि अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ती हिंसा देश की सांप्रदायिक सद्भावना को नष्ट कर रही है।

शेख हसीना ने भारत को बांग्लादेश का सबसे पुराना और विश्वसनीय साझेदार बताते हुए विश्वास जताया कि दोनों देशों के बीच के ऐतिहासिक संबंध किसी भी अस्थायी सरकार के कार्यकाल से कहीं अधिक मजबूत और गहरे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि जब बांग्लादेश में पुनः कानून का राज स्थापित होगा, तब दोनों देश एक बार फिर उसी समझदारी और सहयोग की ओर लौटेंगे, जिसे उनकी सरकार ने पिछले 15 वर्षों में सींचा था। अपने विरुद्ध चल रहे कानूनी मुकदमों और ट्रिब्यूनल के फैसलों पर उन्होंने कहा कि ये तमाम कार्रवाइयां न्याय के लिए नहीं, बल्कि उन्हें राजनीतिक रूप से समाप्त करने की एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा हैं। उन्होंने शिकायत की कि उन्हें अपना पक्ष रखने या अपनी पसंद का वकील चुनने का उचित अवसर तक नहीं दिया गया।

आगामी चुनावों की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए शेख हसीना ने चेतावनी दी कि अवामी लीग की भागीदारी के बिना होने वाला कोई भी चुनाव लोकतांत्रिक निर्वाचन नहीं, बल्कि केवल एक ताजपोशी बनकर रह जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस पार्टी को जनता ने नौ बार जनादेश दिया है, उसे प्रतिबंधित करने की कोशिश लाखों नागरिकों को उनके मताधिकार से वंचित करने जैसा है। उन्होंने तर्क दिया कि यदि मतदाताओं को उनकी पसंदीदा पार्टी को वोट देने का मौका नहीं मिला, तो वे चुनाव प्रक्रिया का बहिष्कार करेंगे, जिससे नई सरकार की नैतिक वैधता समाप्त हो जाएगी।

अंत में, अपने प्रत्यर्पण की मांगों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने इसे दिशाहीन प्रशासन की हताशा बताया। शेख हसीना ने कठिन समय में शरण और सम्मान देने के लिए भारत सरकार और वहां के सभी राजनीतिक दलों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्होंने अपना देश केवल इसलिए छोड़ा ताकि और अधिक निर्दोष लोगों का खून न बहे। उन्होंने जोर देकर कहा कि वह न्याय का सामना करने से नहीं डरतीं और उचित समय आने पर वे देश की लोकतांत्रिक बहाली के लिए अपनी भूमिका निभाएंगी।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 **A** कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**